राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 25
लखनऊ, मंगलवार 10 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

सरकार पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को दे रही सीधी भर्ती : सीएम योगी 03

विचारों की बहुलता को मानती है कांग्रेस : राहुल गांधी 12

संक्षिप्त समाचार

पटना में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

पटना। बिहार में विपक्ष कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर लगातार निशाना साध रहा है। इसी बीच, बिहार की राजधानी पटना में सोमवार की सुबह अपराधियों ने चौक थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मृतक भाजपा के नेता भी थे। पुलिस के मुताबिक, घटना पटना सिटी के एक रेस्टोरेंट के पास की है। बताया जाता है कि पटना सिटी निवासी श्याम सुंदर शर्मा उर्फमुन्ना शर्मा अपने कुछ रिश्तेदारों को ऑटो में बिठाने गए थे। इसी क्रम में बाइक सवार बदमाशों ने उनसे सोने की चेन लूटने की कोशिश की। जब इसका उसने विरोध किया तो गोली चला दी गई, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बाइक पर बैठकर मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

कवि कुमार विश्वास को मिली जान से मारने की धमकी

गाजियाबाद। कवि और राम कथा वाचक डॉ. कुमार विश्वास को मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। किसी कॉलर ने डॉ. विश्वास को शनिवार को उस समय धमकी दी जब वह सिंगापुर में श्रीराम कथा कर रहे थे। इस सम्बंध में उनके मैनेजर प्रवीण पांडेय ने पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कॉलर के नंबर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई। जांच में पता चला है कि कॉल मुंबई से आई थी और कॉलर उस समय शराब के नशे में थे। जल्द ही कॉलर की गिरफ्तारी की जाएगी।

नौशेरा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकवादी ढेर

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा के लाम सेक्टर में सेना ने नियंत्रण रेखा एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक विफल कर दिया व दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। सेना ने कहा कि घुसपैठ की संभावित कोशिश के संबंध में खुफिया एजेंसियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिले इनपुट के आधार परए भारतीय सेना द्वारा 8.9 सितंबर की मध्यरात्रि को सामान्य क्षेत्र लामए नौशेरा में घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया था। नगरोटा स्थित व्हाइट नाइट कॉर्प्स 16 कॉर्प्स ने एक्स पर पोस्ट कियाए ष्दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है और दो एके-47 और एक पिस्तौल सहित बड़ी मात्रा में युद्ध सामग्री बरामद की गई है। कार्रवाई प्रगति पर है।

उप्र के 45 जिलों में मेघगर्जन के साथ बारिश की संभावना

कानपुर। समुद्री गतिविधियों से एक बार फिर मानसून की ट्रफ उत्तर प्रदेश लौट आई है। आगामी दिन पूरे उत्तर प्रदेश में कहीं पर मध्यम तो कहीं पर भारी बारिश देखने को मिल सकती है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी के कुछ जनपदों को छोड़कर 45 जिलों में मेघगर्जन के साथ बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि गहरा दबाव उत्तरी ओडिशा और गंगीय पश्चिम बंगाल तट पर है।

प्रधानमंत्री मोदी व अबू धाबी के युवराज शेख खालिद के बीच हैदराबाद हाउस में हुई बैठक

भारत-यूएई की साझीदारी हुई मजबूत

▸ भारत व यूएई के बीच पांच समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर

एजेंसी

नयी दिल्ली । भारत एवं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने व्यापक आर्थिक साझीदारी समझौते (सीईपीए) और द्विपक्षीय निवेश संधि के जरिये दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक और वाणिज्यिक साझीदारी को सशक्त बनाने के इरादे के साथ ही परमाणु ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, हरित हाइड्रोजन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में क्षमताओं के पूर्ण दोहन करने पर सहमति जतायी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अबू धाबी के युवराज शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन ज़ायेद अल नाह्यान के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक में ये निर्णय लिये गये और इसके साथ ही पांच समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किये गये। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान, 9-10 सितंबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। क्राउन प्रिंस बनने के बाद शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन ज़ायद अल नाह्यान की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है। वह कल यहां पहुंचे तो हवाईअड्डे पर वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उनका स्वागत किया और उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनके साथ मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी यहां आया है।

बैठक के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्राउन प्रिंस ने प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय चर्चा की जिसमें प्रधानमंत्री ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं और सम्मान व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझीदारी में हाल के वर्षों में हासिल की गई पर्याप्त प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और द्विपक्षीय सहयोग के सभी क्षेत्रों में साझेदारी को और व्यापक और गहरा करने के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने माना कि सीईपीए की सफलता और हाल ही में बीआईटी के लागू होने से दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक और वाणिज्यिक साझेदारी को और बढ़ावा मिलेगा।

नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए मिलेंगे अवसर

विदेश मंत्रालय ने कहा कि यात्रा के दौरान पांच समझौता ज्ञापनों/समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए जिनसे पारंपरिक सहयोग के साथ साथ नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए अवसर प्रदान किया है। इन ज्ञापनों में - एमिरेट्स न्यूक्लियर एनर्जी कंपनी (ईएनईसी) और भगवती भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के बीच बराक परमाणु ऊर्जा संयंत्र संचालन और रखरखाव के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन, अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति के लिए एक समझौता ज्ञापन, एडीएनओसी और इंडिया स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल) के बीच समझौता ज्ञापन, ऊर्जा भारत और एडीएनओसी के बीच अबू धाबी ऑनशोर ब्लॉक 1 के लिए उत्पादन रियायत समझौता तथा भारत में फूड पार्क विकास पर गुजरात सरकार और अबू धाबी डेवलपमेंटल होल्डिंग कंपनी पीजेएससी (एडीक्यू) के बीच समझौता ज्ञापन शामिल हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु से मिले आबू धाबी के युवराज नाह्यान

आबू धाबी के युवराज शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन ज़ायेद अल नाह्यान ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि उन्हें संयुक्त अरब अमीरात के नेतृत्व की तीसरी पीढ़ी का राष्ट्रपति भवन में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। यह उच्च स्तरीय जुड़ाव की उस लंबी परंपरा को जारी रखती है जो संयुक्त अरब अमीरात के साथ भारत की व्यापक रणनीतिक साझेदारी के अनुरूप है।राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण पिछले एक दशक में हमारे ऐतिहासिक लेकिन दूरदर्शी द्विपक्षीय संबंधों में बदलाव आया है।

कैंसर की दवाओं पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत घटकर हुई पांच फीसदी

▸ वित्त मंत्री ने जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक में लिए कई फैसले

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह (जीओएम) और रियल एस्टेट पर गठित जीओएम ने अपनी स्थिति रिपोर्ट को सौंप दी है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग और कैसीनो पर स्थिति प्रस्तुत की गई है। सीतारमण ने कहा कि 6 महीनों में ऑनलाइन गेमिंग से राजस्व 412 फीसदी बढ़कर 6909 करोड़ रुपये हो गया है।

सीतारमण ने राजधानी नई दिल्ली में सुषमा स्वराज भवन में जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी परिषद ने कैंसर की दवाओं पर जीएसटी की दर को 12 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी किया है, जबकि नमकीन पर जीएसटी 18 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी करने की सिफारिश की गई है। उन्होंने कहा कि अब केंद्र और राज्य से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटीज और रिसर्च सेंटर को ग्रांट लेने पर जीएसटी नहीं चुकाना होगा। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि परिषद की बैठक में दो नए मंत्रियों का समूह (जीओएम) गठित किया गया है। इसमें एक जीएमओ चिकित्सा और स्वास्थ्य बीमा पर गठित किया गया है। ये जीओएम बिहार के उप-मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में दर युक्तिकरण जीओएम होगा लेकिन इस सीमित उद्देश्य के लिए नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने उनसे कहा है कि वे इस मामले को देखेंगे और अक्टूबर 2024 के अंत तक एक रिपोर्ट लेकर आएंगे।

क्षतिपूर्ति उपकर के मुद्दे पर विचार करने के लिए मंत्री समूह का गठन

सीतारमण ने कहा कि मार्च 2026 के बाद आने वाले क्षतिपूर्ति उपकर के मुद्दे पर विचार करने के लिए भी मंत्री समूह का गठन किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि आईजीएसटी (एकीकृत जीएसटी) पर अतिरिक्त सचिव (राजस्व) की अध्यक्षता में सचिवों की एक समिति बनाई जाएगी। इसमें वर्तमान में असंतुलन की स्थिति है। यह राज्यों से राशि वापस लेने के तरीकों पर गौर करेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नई दिल्ली में सुषमा स्वराज भवन में जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक की अध्यक्षता की। वित्त मंत्री के साथ-साथ केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, गोवा और मेघालय के मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के उप-मुख्यमंत्री, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (विधानसभा सहित) के वित्त मंत्री और केंद्र सरकार और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी तथा वित्त मंत्रालय के अधिकारी भी बैठक में भाग ले रहे हैं।

उत्तर शिक्षक भर्ती : हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में 69 हजार सहायक शिक्षकों की भर्ती के मामले पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार और संबंधित पक्षकारों से कहा कि वो लिखित दलीलें जमा कराए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उन्हें हाई कोर्ट के फैसले के अध्ययन के लिए वक्त चाहिए। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपने फैसले में जून 2020 और जनवरी 2022 के सेलेक्शन लिस्ट को रद्द करते हुए यूपी सरकार को आदेश दिया था कि वो 2019 में हुए सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा के आधार पर 69 हजार शिक्षकों के लिए नए सलेक्शन लिस्ट तीन महीने में जारी करे। याचिका अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने दायर की है। अपने आदेश में हाई कोर्ट ने ये भी कहा था कि अगर कोई आरक्षित वर्ग का कैंडिडेट जनरल कैटेगरी के बराबर मेरिट हासिल कर लेता है तो उसका सेलेक्शन जनरल कैटगरी में ही माना चाहिए। हाई कोर्ट के इस आदेश के चलते उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में नौकरी कर रहे शिक्षकों पर नौकरी खोने का खतरा मंडराने लगा था।

यूपी ट्रांसजेंडर नीति पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

▸ मामले में अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी

समृद्धि न्यूज

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश में ट्रांसजेंडर नीति तैयार करने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के तहत विभिन्न मंत्रालयों और विभागों से जवाब मांगा है।

किन्नर शक्ति फाउंडेशन के अध्यक्ष शुभम गौतम के माध्यम से दायर जनहित याचिका में राज्य में प्रभावी आउटरीच और जागरूकता कार्यक्रम और ट्रांसजेंडर सुरक्षा सेल की स्थापना के साथ ट्रांसजेंडर आयुष्मान टीजी प्लस कार्ड योजना के त्वरित कार्यान्वयन की भी मांग की गई है। जनहित याचिका में राज्य भर में गरिमा गृह सुविधाओं की स्थापना और संचालन के लिए संसाधनों का उचित आवंटन, राज्य में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की स्वास्थ्य सम्बंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए व्यापक नीतियां तैयार करने, ट्रांसजेंडर शौचालयों की स्थापना और शिक्षण संस्थानों में ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को प्रवेश प्रदान करने और विशेष अभियान चलाकर सरकारी क्षेत्रों में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की भर्ती करने की मांग की गई है। जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस अरुण भंसाली और जस्टिस विकास बुधवार की पीठ ने प्रतिवादी पक्षों को चार सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई अब 16 अक्टूबर को होगी। दायर जनहित याचिका में कहा गया कि भारत में ट्रांसजेंडर लोगों के कई सामाजिक-सांस्कृतिक समूह हैं।

अयोध्या के महंत गोपाल दास की हालत गंभीर

लखनऊ। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करा रही संस्था श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को गंभीर हालत में लखनऊ के एक निजी अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया है। दास को रविवार शाम राजधानी के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल द्वारा सोमवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक, महंत नृत्य गोपाल दास को आठ सितंबर की शाम साढ़े 6 बजे मेदांता अस्पताल में पेशाब की समस्या एवं कम आहार लेने की समस्या के चलते डॉक्टर दिलीप दुबे की निगरानी में आईसीयू में भर्ती किया गया है। बुलेटिन में बताया गया कि दास का पिछले कुछ दिनों से ग्वालियर में उपचार किया जा रहा था मगर स्थिति में सुधार नहीं होने के चलते उन्हें मेदांता अस्पताल लाया गया।

सुखोई विमानों के 240 एयरो इंजन की खरीद के लिए एचएएल से समझौता

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए सोमवार को रक्षा मंत्रालय ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 26 हजार करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत भारतीय वायु सेना के लड़ाकू सुखोई-30 एमकेआई विमानों के लिए 240 एयरो इंजन की खरीद एचएएल से की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने 02 सितम्बर को इस खरीद सौदे को मंजूरी दी थी।

भारतीय वायु सेना के पास सबसे शक्तिशाली और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लड़ाकू बेड़े में रूस में निर्मित सुखोई-30 एमकेआई भी है। सुखोई विमानों की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए ऐसा राडार, नये इंजन, आईआरएसटी सेंसर, अगली पीढ़ी के आरडब्ल्यूआर, एडवांस जैमर, वैमानिकी, नए ईडब्ल्यू सूट, डीएफसीसी, भारतीय मिसाइलें और बम लगाए जाने हैं। एचएएल में अपग्रेड होने के बाद सुखोई-30 रूसी जेट नहीं रहेगा, बल्कि 78 फीसदी स्वदेशीकरण होने के बाद भारतीय जेट में बदल जायेगा। अपग्रेडशन पूरा होने के बाद भारतीय वायु सेना के लड़ाकू बेड़े को बड़ी ताकत मिलेगी और विदेशी मूल के उपकरण निर्माताओं (ओईएम) पर निर्भरता भी काफी सीमा तक कम हो जाएगी।

मंकीपॉक्स का संदिग्ध मरीज मिलने के बाद हरकत में स्वास्थ्य मंत्रालय

नई दिल्ली। देश में मंकीपॉक्स का एक संदिग्ध मरीज मिलने के बाद केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। सोमवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को चिट्ठी लिख कर एडवाइजरी जारी की है। राज्यों को सतर्कता बरतने के साथ मंकीपॉक्स के संदिग्ध मरीजों की जांच करने और उनके संपर्क में आने वाले लोगों का पता लगाने की सलाह दी गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंकीपॉक्स को चिंता का विषय घोषित किया है। इसलिए इस पर सख्ती से निगरानी और इससे निपटने के सभी उपाय किए जाने चाहिए। इस संबंध में सारी जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय को दी जानी चाहिए। मंकीपॉक्स के संदिग्ध मरीजों के सैंपल की जांच के लिए कई लैब निर्धारित की गई हैं जिनकी जानकारी सभी राज्यों को दी गई है।

कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश

▸ पुलिस छह संदिग्धों को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

समृद्धि न्यूज

कानपुर। कानपुर फर्रुखाबाद रेलवे ट्रैक पर शिवराजपुर स्टेशन के नजदीक एलपीजी गैस सिलेंडर और पेट्रोलियम बम आदि ज्वलनशील पदार्थ रखकर कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की रविवार की रात साजिश की गई थी। इससे रेलवे और पुलिस महकमे में हड़कंप मच हुआ है। सोमवार को एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया।

पुलिस छह संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रेलवे ट्रैक पर जिस प्रकार ज्वलनशील पदार्थ रखा गया, उससे पुलिस को आशंका है कि यह आतंकी घटना हो सकती है। प्रयागराज से चलकर कानपुर सेंट्रल और अनवरगंज स्टेशन होते कालिंदी एक्सप्रेस रविवार रात भिवानी की ओर जा रही थी। अभी वह शिवराजपुर स्टेशन से पहले ही पहुंच पाई थी कि चालक को रेलवे ट्रैक पर एलपीजी गैस सिलेंडर रखा हुआ दिखा। इस पर चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया और ट्रेन की रफ्तार धीमी हो गई। धीमी रफ्तार पर गैस सिलेंडर टकराया और वह दूर जा गिरा। अगले स्टेशन शिवराजपुर पर चालक ने विभाग को जानकारी दी कि शिवराजपुर स्टेशन के नजदीक इस तरह की घटना सामने आई है और ट्रेन आगे के लिए कुछ देर बाद रवाना हो गई मामले को लेकर आरपीएफ इंस्पेक्टर ओपी मीना की टीम ने मौके का मुआयना किया और वहां पर पेट्रोलियम बम व एक झोले में बारूद सहित अन्य संदिग्ध सामान देखकर उनके होश उड़ गए। मामला संदिग्ध होने पर रेलवे आरपीएफ और जीआरपीएफ की टीम व रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

समझौता

आत्मनिर्भर भारत व परिचालन दक्षता बढ़ाने की दिशा में बड़ी छलांग

सेना व वायुसेना में लॉजिस्टिक विशेषज्ञता बढ़ाने के लिए एमओयू

रक्षा मंत्री राजनाथ व रेल मंत्री वैष्णव की मौजूदगी में रणनीतिक साझेदारी पर बनी सहमति

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय सशस्त्र बलों की रसद क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से, भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना ने वडोदरा के गति शक्ति विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में समझौते को औपचारिक रूप दिया गया, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान शामिल हुए।

यह समझौता ज्ञापन भारत के सैन्य अभियानों की रसद रीढ़ को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसे दोनों सेवाओं के कर्मियों की रसद विशेषज्ञता को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो सरकार की राष्ट्रीय विकास योजनाओं के साथ संरेखित है, जिसमें पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान 2021 और राष्ट्रीय रसद नीति 2022 शामिल हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्नत रसद शिक्षा और अनुसंधान के साथ सशस्त्र बलों को सशक्त बनाने में विश्वविद्यालय की भूमिका पर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समझौता ज्ञापन सैद्धांतिक ज्ञान और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग के बीच की खाई को पाटने में सहायक होगा। गति शक्ति विश्वविद्यालय लॉजिस्टिक्स पर एक डोमेन के रूप में केंद्रित है। जिस संपूर्ण थीम के साथ इस विश्वविद्यालय को विकसित किया जा रहा है, वह यह है कि पाठ्यक्रम की प्रत्येक पंक्ति उद्योग-केंद्रित होनी चाहिए। हमने गति शक्ति विश्वविद्यालय को जो लक्ष्य दिया है। वह यह है कि इस विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को पाठ्यक्रम के तीसरे वर्ष तक कम से कम दो नौकरी के प्रस्ताव मिलने चाहिए और उन्हें यह तय करना चाहिए कि उन्हें रोजगार के लिए कहां जाना है या स्वरोजगार करना है। सिंह ने लॉजिस्टिक्स में इन-हाउस विशेषज्ञता विकसित करने के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला, इस बात पर जोर दिया कि रक्षा उपकरणों और प्रशिक्षण में आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए मौलिक है।

कुशल लॉजिस्टिक्स प्रणाली की संसाधन पहुंचाने में अहम भूमिका

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आत्मनिर्भरता और परिचालन दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी पहल के रूप में इस साझेदारी की सराहना की। सिंह ने कहा, एक कुशल लॉजिस्टिक्स प्रणाली बलों को जल्दी से जुटाने और कम समय में सही जगह पर संसाधन पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिन परिस्थितियों में हमारे बल काम करते हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए, हमें सैनिकों, उपकरणों और आपूर्ति की निर्बाध आवाजाही की आवश्यकता है। ज्ञान, नवाचार और सहयोग के माध्यम से हमारे बलों की जरूरतों को कैसे पूरा किया जा सकता है, इस संदर्भ में यह समझौता ज्ञापन बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।

लालू के करीबी सुभाष यादव पर ईडी की कार्रवाई 67 करोड़ की प्रॉपर्टी जब्त

पटना (बिहार)। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू यादव के करीबी सुभाष यादव के खिलाफ ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रवर्तन निदेशालय ने मेसर्स ब्रॉडसंस कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया है। ईडी ने कंपनी के पूर्व निदेशक सुभाष यादव द्वारा अर्जित 67.56 करोड़ की अवैध संपत्ति को जब्त कर लिया है।

दरअसल, ईडी ने मेसर्स ब्रॉडसॉन्स लिमिटेड के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था। इस केस में ईडी ने कंपनी के पूर्व निदेशक सुभाष यादव द्वारा अवैध तरीके से अर्जित 67.56 करोड़ की संपत्ति को अटैच किया है। ईडी ने पटना, देहरादून और गाजियाबाद की पांच अचल संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है।

दिल्ली प्रदूषण विभाग के अभियंता रिश्वत लेते गिरफ्तार, 2.39 करोड़ रुपए बरामद

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता मोहम्मद अली खान और एक बिचौलिए को उसके बेटे सहित 91,500 रुपये की रिश्वत की राशि की लेते हुए गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता के परिसर से 2.39 करोड़ रुपये की नकदी बरामद भी बरामद की गई।

सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, एक शिकायतकर्ता की शिकायत के बाद डीपीसीसी के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता अभियंता मोहम्मद अली खान सहित पांच निजी व्यक्तियों के खिलाफ एक दिन पहले रविवार को मामला दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि आरोपित वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता भ्रष्ट आचरण में लिप्त रहा है। वह डीपीसीसी सहमति के नवीनीकरण के लिए निजी फर्मों के प्रतिनिधियों से रिश्वत लेता रहा है। इसके बाद सीबीआई ने मामला दर्ज किया। सीबीआई ने जिन पांच आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, उसमें डीपीसीसी के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता मोहम्मद अली खान के अलावा बिचौलिये भागवत शरण सिंह और उसका बेटा किश्लय शरण सिंह, मेसर्स राम इलेक्ट्रोप्लेटर्स का प्रोप्राइटर राजकुमार चुघ, मेसर्स राम इलेक्ट्रोप्लेटर्स और मेसर्स एमवीएम नरेला के प्रोप्राइटर गोपाल नाथ कपूरिया का नाम शामिल है।

एसीएफ से खोजे जाएंगे टीबी के मरीज : सीएमओ

जिला टीबी अस्पताल सहित सभी सीएचसी के अन्तर्गत टीमों का हुआ गठन

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

शासन के निर्देश पर एक्टिव केस फाइन्डिग एसीएफ कार्यक्रम 09 सितम्बर दिन सोमवार शुरू हो गया है। जिसके अन्तर्गत 10 दिनों तक चलने वाले अभियान में टीम बनाकर टीबी के रोगियों की खोज की जायेगी। अभियान को सफल बनाने के लिए जिला टीबी अस्पताल सहित सभी सीएचसी के अन्तर्गत टीमों का गठन भी कर दिया गया है।

सीएमओ डॉ सन्तोष गुप्ता ने बताया कि एक्टिव केस फाइन्डिग कैम्पेन के लिए जनपद में लक्षित क्षेत्र चयनित किये गये है, जिनमें मलीन बस्तियॉ , हाई रिस्क जनसंख्या वाले क्षेत्र, अनाथालय , वृद्धाआश्रम , नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृह , मदरसा , नवोदय विद्यालय, कारागार, चिन्हित समूह (सब्जी मण्डी , फल मण्डी व लेवर मार्केट) निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के स्थान ईट भत्ते, स्टोन क्रेशर, खदान सहित साप्ताहिक मार्केट बाजार इत्यादि शामिल हैं। जिनकी रिपोर्ट निक्षय पोर्टल पर भी अपलोड की जायेगी। जनपद में सम्पूर्ण कार्यक्रम 20 सितम्बर तक जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता के नेतृत्तव में चलाया जायेगा। जनपद में संचालित कार्यक्रम में 289 टीम में लगाई गई हैं। मॉनिटरिंग के लिए 58 सुपरवाइजर व 22 सेक्टर सुपरवाइजर लगाए गए। वहीं जिला स्तरीय मानिटरिंग के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अनुसार एसीएमओ व डिप्टीसीएमओ को मानीटरिंग की जिम्मेदारी सौपी गयी है।

जिसमें एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता को पसंगवा, मोहम्मदी , बाकेगंज व गोला की मानीटरिंग का जिम्मा सौपा गया है तो वहीं एसीएमओ डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा को रमियाबेहड़, धौरहरा नकहा व ईसानगर, डिप्टीसीएमओ डॉ लाल जी पासी को बिजुआ व फूलबेहड, डिप्टीसीएमओ डॉ अमितेश दत्त द्विवेदी को लखीमपुर नगर क्षेत्र व फरधान, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद कुमार को बेहजम व मितौली, डिप्टी सीएमओ डॉ अमित कुमार सिह को पलिया व निधासन की मानीटरिंग दी गयी है। सभी सीएचसी से निर्धारित प्रारूप पर मुख्यालय को रिपोर्टिंग की जायेगी जिसके बाद यह रिपोर्ट शासन को भेजी जायेगी।

क्या हैं टीबी के लक्षण

02 सप्ताह से अधिक खासी, 02 सप्ताह से अधिक बुखार बल्गम से खून आना , भूख में कमी , वनज का कम होना, रात में पसीना आना, गले में गाठ का होना, महिलाओं में बांझपन की समस्या इत्यादि शामिल है।

बाढ़ में बर्बाद हुई फसल का नहीं मिल रहा मुआवजा

- कांग्रेस प्रदेश सचिव व ब्लाक अध्यक्ष के साथ पहुंचे किसानों ने सौंपा ज्ञापन

भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज।

शारदा नदी की बाढ़ के पानी से तबाह हुई किसानों की फसल व बाढ़ राहत किट उपलब्ध कराए जाने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में किसान कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव बलराम गुप्ता और ब्लाक अध्यक्ष दिनेश शर्मा के साथ तहसील में पहुंचे और एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार आरती यादव को सौंपते हुए बाढ़ के पानी से तबाह हुई किसानों की फसल का मुआवजा दिलाए जाने व बाढ़ राहत किट उपलब्ध कराने की मांग की। बता दें कि आठ जुलाई को शारदा नदी से आई बाढ़ ने क्षेत्र में खासा तबाही मचाई थी।

बाढ़ के पानी से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई साथ ही गांवों में बाढ़ का पानी घर जाने के चलते ग्रामीणों को अपने घरों से पलायन करना पड़ा था। इतना ही नहीं पलिया भीरा और पलिया निघासन रोड को भी बाढ़ ने भारी नुकसान पहुंचा था। शुरूआती दौर में कुछ किसानों को बाढ़ से बर्बाद हुई फसल का मुआवजा दिया गया लेकिन उसके बाद से किसान अधिकारियों की चौखट पर पहुंचकर फसल का मुआवजा दिलाए जाने की लगातार मांग कर रहे हैं एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार आरती यादव को सौंपते हुए बाढ़ के पानी से तबाह हुई किसानों की फसल का मुआवजा दिलाए जाने व बाढ़ राहत किट उपलब्ध कराने की मांग की।

यूपीयूएमएस में आज मनाया जाएगा विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस

इटावा। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस हर वर्ष 10 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य आत्महत्या की रोकथाम के प्रति सामुदायिक जागरूकता फैलाना व इसे समाप्त करने के लिए किए गए प्रयासों को जन-जन तक ले जाना है। यूपीयूएमएस मनोचिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि आत्महत्या एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष इस दिवस की थीम चेंजिंग द नॉरेटिव ऑन सुसाइड रखी है।उन्होंने कहा कि कई मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं आत्महत्या के बढ़ते जोखिम से जुड़ी हुई है।

रेलवे फाटक में आई तकनीकी खराबी से नगरवासी परेशान

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

एक तो ट्रैफिक जाम ऊपर से रेलवे क्रॉसिंग का फाटक आए दिन खराब हो जाना नगर वासियों के लिए सिर दर्द बना हुआ है।

लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ से लखनऊ के लिए जाने वाली ब्रॉड गेज की रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है जिसके कारण दिन में कई बार रेलवे क्रॉसिंग का फाटक बंद किया जाता है जिससे अभी तक तो आम जन को ट्रैफिक जाम की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था लेकिन रेलवे फाटक बंद होने के बाद रेलवे फाटक को खोलते समय तकनीकि खराबी होने के कारण आम जनमानस को घंटो जाम में लगना पड़ता है।

बता दे दिनांक 9 सितंबर 2024 को सुबह लगभग 08:40 बजे गोला गोकर्णनाथ में अलीगंज रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के फाटक में तकनीकि खराबी आ गई जिसके कारण ट्रेन निकल जाने के बाद भी काफी देर तक फाटक बंद रहा और लोगों को लगातार परेशानियां का सामना करना पड़ा। काफी देर के बाद फाटक को कर्मचारियों ने सुधारने की कोशिश की जिसके बाद स्वचलित तरीके से फाटक को उठाया गया जिसके बाद आवागमन शुरू हुआ। बताया जाता था कि जल्द ही रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर फ्लाई ओवर बनवाया जाना था जिससे रेलवे क्रॉसिंग पर जाम लगने वाली समस्या से नगर वासियों को निजात मिलेगी लेकिन वर्तमान समय की स्थिति के अनुसार रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर फ्लाई ओवर बनवाना काफी दूर है। फिलहाल नगर वासियों को ट्रैफिक जाम की समस्या का तो सामना करना ही पड़ता है साथ ही साथ अब आए दिन रेलवे फाटक में तकनीकी खरीबी आने के कारण रेलवे फाटक पर ही अतिरिक्त समय गंवाना पड़ता है।

बिजली का तार टूटकर गिरने से दो बैलों की मौत

लखीमपुर खीरी। तहसील व ब्लॉक मोहम्मदी के ग्राम गुलरिया परवस्तनगर में दो बैल एक पेड़ के नीचे बैठे थे। अचानक बिजली का तार टूटकर गिरा, जिससे उनकी मौके पर मृत्यु हो गई। जानकारी मिलती ही क्षेत्रीय ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे, पंचनामा के बाद सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) की मौजूदगी में पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया गया। उक्त जानकारी बीडीओ अश्विनी कुमार सिंह ने दी।

दिन में पुलिस ने पकड़े चार आरोपी, रात को हुई चोरी

गदियाना ग्राम प्रधान के मकान में खिड़की तोड़कर घूसे चोरों ने घटना को दिया अंजाम

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

पुलिस की लचर कार्य शैली के कारण चोरी लूट की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। लगातार हो रही वारदातों से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। पुलिस की कार्यप्रणाली से बेखौफ अपराधी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। भीरा पुलिस ने रविवार को दिन में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था वहीं रात में भीरा थाना एवं बिजुआ पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव गदियाना में वर्तमान प्रधान के यहां लाखों की चोरी हो गई। जिससे कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के दावे की हवा हवाई साबित हो रहे हैं।

रविवार रात ग्राम प्रधान के घर में हुई चोरी

भीरा थाना क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व हुई चोरियों का खुलासा पुलिस अभी पूर्ण रूप से नहीं कर पाई थी कि थाना क्षेत्र के गांव गदियाना ग्राम प्रधान अखिलेश वाजपेई के मकान में खिड़की तोड़कर घूसे चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। कमरे एवं बरामदे में सो रहे परिवार के लोगों को सोमवार सुबह वारदात का पता चला तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची बिजुआ पुलिस चौकी टीम ने वारदात संबंधी जानकारी ली। ग्राम प्रधान अखिलेश वाजपेई ने बताया कि करीब 11 बजे घर के सभी सदस्य खाना खाने के बाद सो गए थे। रात्रि में मकान के पीछे की खिड़की तोड़कर चोर घर के अंदर घुसे और वारदात को अंजाम दिया।परिवार के सदस्यों ने बताया कि लगभग दो तोला सोने के जेवरात व 250 ग्राम चांदी के आभूषण,गैस सिलेंडर समेत करीब चार हजार की नकदी चोर पार कर ले गए, जिसकी लिखित सूचना पुलिस को दे दी गई है। दूसरी घटना भीरा थाना क्षेत्र में के यू के इंटर कॉलेज पड़रिया तुला में कॉलेज के अंदर कॉलेज के चपरासी दिलीप कुमार की परचून की दुकान है।

कॉलेज के अंदर घुसे चोरों ने दुकान की खिड़की तोड़कर परचून की दुकान से समान व नकदी सहित करीब चार हजार पार कर दिए जिसकी लिखित सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुची पड़रिया तुला चौकी पुलिस ने मौका मुआयना किया। लगातार हो रही चोरी और छिनौती से पूरा क्षेत्र दहसत में है।

पूरे लगन से प्रशिक्षण करें हासिल, ताकि ड्यूटी में न हो असुविधा

- नवनियुक्त 122 लेखपालों की ट्रेनिंग शुरू, डीएम ने किया शुभारंभ

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

जनपद खीरी में सोमवार को नवनियुक्त लेखपालों की राजस्व कार्यों की ट्रेनिंग शुरू हुई। प्रशिक्षण केंद्र जीआईसी में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह के साथ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप जलाकर ट्रेनिंग का शुभारंभ किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नवनियुक्त लेखपालों को उनके जीवन में इस नई शुरुआत की कामयाबी के लिए शुभकामनाएं दीं। कहा कि वह स्वयं सप्ताह में एक बार प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद रहकर नवनियुक्त लेखपालों द्वारा हासिल किये जा रहे प्रशिक्षण के बारे में फीड बैक लेगी। उन्होंने लेखपालों को राजस्व से संबंधित उनके कार्यकलापों और जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूरे लगन से प्रशिक्षण हासिल करें ताकि अपनी ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे।

डीएम ने कहा कि लेखपाल राजस्व सेवा की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आज लेखपाल के दायित्व काफी बढ़ गए हैं। इसलिए नवनियुक्त सभी लेखपाल इस सेवा को जनसेवा का ध्येय बनाकर अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा, मेहनत और ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लें। तभी हम जनता की समस्याओं का समाधान करने के साथ ही शासन की मंशा पर खरे उतर सकते हैं।

एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि सभी नए लेखपालों को फील्ड की बारीकियों से अवगत कराने के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग के जरिए नवचयनित लेखपाल राजस्व विभाग के नियम कानून के साथ ही फील्ड का ज्ञान प्राप्त करेंगे। राजस्व का कार्य अपने आप मे अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है, इस कार्य के ससमय निष्पादन के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने नवचयनित लेखपालों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम के अंत में उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार सिंह ने आभार ज्ञापित किया। बताते चलें कि जिले में 122 नवनियुक्त लेखपालों की 02 बैच में ट्रेनिंग शुरू हुई है।

पहले बैच के 61 लेखपाल प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसके बाद वह फील्ड में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। वही दूसरे बैच के 61 लेखपालो का फील्ड में आज से ही प्रशिक्षण शुरू हुआ है। इसके बाद वह प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार सिंह, जीआईसी प्रधानाचार्य डॉ जगत प्रकाश सिंह, सहायक भूलेख अधिकारी अवधनरेश सिंह, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, दिनेश कुमार, सुरभि गौतम आदि राजस्व कार्मिक मौजूद है।

14 सितम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 14 सितम्बर 2024 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेशानुसार एवं लक्ष्मी कान्त शुक्ल, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 सितम्बर द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय एवं तहसील स्तर पर किया जाएगा। नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार श्रीवास्तव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव योगेश कुमार यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका आदि के सम्बन्धित मामलों एवं बैंक मामले धारा-138 परकाम्य लिखित अधिनियम के वाद विद्युत एवं जल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद) राजस्व वाद, पारिवारिक वाद, व्यवहारिक वाद, उत्तराधिकार के वाद तथा अन्य वाद / प्रकरण अधिकाधिक संख्या में निस्तारित कियेजायेंगे। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जाये। इसके अतिरिक्त समस्त वादकारियों से अपील है कि 14 सितम्बर 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण कराकर उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग करें।

आवास प्लस का सर्वे करने के लिए बीडीओ ने दिये निर्देश

- बोले, एक भी पत्र लाभार्थी छूटना नहीं चाहिए
- अगर आपसे कोई भी पैसा मांगता है तो करें लिखित शिकायत

निघासन खीरी।

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना में 2018 से शेष बचे व बाद कुछ बड़े पात्र परिवारों का नाम को सूची में शामिल करने के लिए सरकार द्वारा फिर से एक बार आवास प्लस की वेबसाइट खोली है।

जिसके माध्यम से सभी का जियोटेक होना है और पात्र लोगों को सूची में शामिल कर उन्हें कच्चे मकान से निजात दिलाकर पक्के मकान देने के लिए सरकार का एक मुख्य उद्देश्य है।

जिसके लिए बीडीओ ने समस्त सचिवों को अपनी-अपनी ग्राम पंचायत में आवास प्लस का सर्वे करने के लिए सख्त निर्देश देते हुए कहा है की एक भी पत्र लाभार्थी छूटना नहीं चाहिए वहीं दूसरी तरफ खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि पीएम आवास सर्वेक्षण का कार्य आवास प्लस एप के माध्यम से होना है, इसके अतिरिक्त कहीं और से सूची में नाम शामिल नहीं होगा इसके लिए किसी भी लाभार्थी को फार्म भरने की कोई जरूरत नहीं है ना ही किसी को कोई भी प्रार्थना पत्र देने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने बताया है की से ठगों से सावधान रहें। नहीं तो कोई ना कोई आपके दरवाजे पर आकर आपको आवास का लालच देकर 100- 200 ऑनलाइन के नाम से ठग लेगा जबकि ऐसा कुछ नहीं है आपके घर खुद सचिव आकर आपका सर्वे करेंगे इसके साथ ही उन्होंने कहाँ बिचौलिए को किसी प्रकार की कोई धनराशि देने की कोई आवश्यकता नहीं है।

यह आवास आपको एकदम निशुल्क दिया जा रहा है। अगर आपसे कोई भी व्यक्ति पैसा मांगता विकासखंड कार्यालय पर आकर लिखित शिकायत करें तो उस व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।साथ ही सभी संबंधित सचिवों को ग्राम पंचायत में प्रचार प्रसार व मुनादी कराने के लिए निर्देश दिए हैं।

बच्चों में जागरूकता के लिए साइबर सुरक्षा के लिए होनी चाहिए क्लासेज

इटावा। साइबर क्राइम से बचने के लिए फेसबुक,ट्विटर और इंस्टाग्राम का उपयोग आवश्यकतानुसार व सोच समझ कर करें और बच्चे तो कतई न करें। यह उद्गार सेंटमेरी इंटर कॉलेज में साइबर बचाव और सुरक्षा विषय पर आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि एसपी क्राइम सुबोध गौतम ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि साइबर क्रिमिनल्स द्वारा मोबाइल में कई तरह से लालच देकर लोगों को ठग लिया जाता है।उन्होंने कहा कि मोबाइल में बात करते समय ओटीपी और पासवर्ड शेयर नहीं करना चाहिए। नेशनल साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट डा.रक्षित टंडन ने अपने उद्बोधन में साइबर अपराधों पर विस्तार से प्रकाश डाला साथ ही मोनिटर पर उनके बारे में सत्यता की पुष्टि करते हुए कहा कि बच्चों में जागरूकता के लिए स्कूल में समय समय पर साइबर सुरक्षा के लिए क्लासेज होनी चाहिए।

कोई भी पात्र आवास से न रहे वंचित : ग्राम विकास अधिकारी

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।

- पीएम आवास योजना ग्रामीण सर्वे की बैठक में दी गई पात्र अपात्र की जानकारी

लखपेड़ा में ग्राम प्रधान सरस्वती प्रताप तिवारी की अध्यक्षता में एक खुली बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2024 की जानकारी दी गई। योजना के तहत केवल उन्हीं परिवारों को लाभ मिलेगा जो सरकार के आदेशों में पात्र है उनको प्राथमिकता से लाभ मिलेगा। विकास खण्ड ईसानगर क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत लखपेड़ा में सोमवार को सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत सचिवालय में प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे - 2024 समंधित उन्मुखीकरण गोष्ठी की गई। ग्राम प्रधान सरस्वती प्रताप की अध्यक्षता मे खुली बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सभागार में उपस्थित महिला पुरुषों के सामने ग्राम विकास अधिकारी जगतपाल ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना सर्वे-2024 की जानकारी दी।

बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में ग्राम पंचायत का वह परिवार शामिल होगा, जिसकी मासिक आय 15000 रुपये से कम हो और उसके अगला तीन पहिया व चार पहिया वाहन न हो, कच्ची दीवार का मकान हो, पूर्ण कच्चा फूस पाती का मकान हो,भूमि हीन हो, तभी उसे लाभ प्राप्त होगा। ग्राम विकास अधिकारी ने कहा कि कोई भी पात्र ग्रामीण लाभार्थी आवास से वंचित नहीं रहेगा ग्राम प्रधान की उपस्थिति में सभी ने अपना आवेदन किया, ग्रमीणों ने भी अपनी बात रखी और कहा कि सरकार ने जो आवास के के लिए मानक रखे है उससे काफी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित हो जायेगे ग्राम प्रधान सरस्वती प्रताप तिवारी ने सभी ग्राम वासियों को पूर्ण स्वस्थ करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस मीटिंग में ग्राम प्रधान सरस्वती प्रताप, सचिव जगतपाल, पंचायत सहायक सुरेंद्र कुमार, शिवकुमार सिंह, मूर्ति राजपूत, बाबू राम,अनुज कुमार ,अनूप मिश्रा, बीडीसी,ग्राम पंचायत सदस्य, कोटेदार संतोष कुमार, सहित, ग्राम पंचायत के महिला पुरुष उपस्थिति रहे ग्राम प्रधान सहित सचिव ने ग्राम वासियों का आभार व्यक्त करते हुए मीटिंग की समाप्ति की।

"पोषण भी पढ़ाई भी" प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- सक्षम अंगनवाड़ी एवम पोषण 2.0 के तहत दिए टिप्स, पोषण माह की गतिविधियों के दिए निर्देश

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।

ब्लॉक सभागार में आईसीडीएस विभाग एवम रॉकेट लर्निंग संस्था के द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के कौशल विकास एवम क्षमता संवर्धन हेतु पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सेक्टिरवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का संचालन निपसिड के स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर एवम रॉकेट लर्निंग के जिला समन्वयक बृजेन्द्र अग्निहोत्री द्वारा किया गया प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने बताया आज ग्रामीण स्तर पर आंगनवाड़ी शालापूर्व शिक्षा के सफलतापूर्वक संचालन के साथ साथ सामुदियक सहभागिता संबंधित कार्य में सक्रिय प्रतिभाग कर रही हैं।

शालापूर्व शिक्षा में बालक के मानसिक, शारीरिक एवम सामाजिक विकास के साथ भावनात्मक एवम रचनात्मक कौशल के विकास हेतु सरल - रोचक खेल एवम गतिविधि आधारित शिक्षा संबंधी गतिविधि का प्रयोग करना चाहिए।

सरकारी दिशानिर्देश के अनुसार प्रत्येक माह के तीसरे मंगलवार को अपने केंद्र में शिक्षक अभिभावक बैठक को अयोजित करना, इस बैठक में गर्भवती, धात्री महिलाओं को उचित पोषण, संतुलित आहार एवम अनौपचारिक शिक्षा गतिविधियों के प्रयोग की जानकारी देना प्रत्येक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए अनिवार्य बताया गया है।

केंद्र सरकार द्वारा सितम्बर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जा है,जिसके अंतर्गत आगामी सप्ताह में पोषण दिवस, हैंड वाश डे, टीकाकरण, पोस्टर प्रतियोगिता,पोषण पंचायत की बैठक,योग कैम्प , खेल दिवस,मेंहदी प्रतियोगिता, माता समूह की बैठक, किशोरी दिवस के साथ स्वदेशी खिलौना मेला रैली एवम प्रदर्शनी का आयोजन किए जाने के आदेश जारी किए गए हैं।

जायंट्स ग्रुप का शिक्षक व प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

इटावा। जनपद की प्रमुख समाज सेवी संस्था जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा द्वारा स्थानीय पंचायतराज राजकीय महिला महाविद्यालय के सभागार में फेडरेशन 5 के पूर्व अध्यक्ष डॉ.ज्ञान चंद्र सक्सेना की स्वर्गीय पत्नी राधा सक्सेना की पुण्य स्मृति में शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा.प्रभात कुमार सिंह उपकुलपति उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई ने कहा कि हमारे देश में शिक्षकों का आदर और सम्मान आदिकाल से रहा है, क्योंकि शिक्षक राष्ट्र निर्माता है।वह अपने विशिष्ट ज्ञान से परिवर्तनशील समाज का मार्गदर्शन करता है। विशिष्ट अतिथि पंचायतराज राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.श्याम पाल सिंह ने कहा कि कबीरदास ने लिखा है,गुरू गुन लिखा न जाय उस गुरू और शिक्षक की इतनी महिमा है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, 30 वॉ (वि./यॉ.) वृत्त, लो.नि.वि., 96 महात्मा गांधी मार्ग लखनऊ

पत्रांकः–2993 /36 सीबी–30/2024 दिनांकः– 05.09.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना (ई–टेण्डरिंग)

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से, निम्नलिखित कार्य हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से अधीक्षण अभियन्ता, 30वॉ वृत्त, लो0नि0वि0 लखनऊ द्वारा दिनांक 19.09.2024 से 25.09.2024 तक की अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक 25.09.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि के समझ अधीक्षण अभियन्ता, 30वॉ वृत्त (वि0/यॉ0), लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा खोली जायेगी। कार्यालय अवकाश होने की दशा में टेक्निकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्नवत् है–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1—	विधान सभा कार्यालय कक्षों हेतु मुख्य भवन विधान भवन में स्थापित वातानुकूलन संयंत्र–3 (वोल्टास मेक) में पूर्व से स्थापित चिलर पाईप लाईन एवं वाल्वों के बदलाव का कार्य। पार्ट–ए (चिलर पाईप लाइन, वाल्व एवं चिलर यूनिट से सम्बन्धित कार्य।)	276.00 लाख	15.80 लाख	06 माह	2354.00	वोल्टास मेक वातानुकूलन संयंत्रो के मूल निर्माता अथवा अधिकृत प्रतिनिधि जिन्हे शासकीय भवनों में इस प्रकृति के कार्य करने का अनुभव प्राप्त हो, ही निविदा के पात्र होगें।

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत अनुरक्षण खण्ड नं.–2
लो.नि.वि., लखनऊ

www.upgov.nic.in
Upid-219244 Date-06.09.2024

अधीक्षण अभियन्ता
30 वां(वि./यॉ.) वृत्त
लो.नि.वि., लखनऊ

सातवें वेतन की मांग को लेकर कर्मचारियों ने किया बड़ा प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । लखनऊ में 7वें वेतन की मांग को लेकर यूपी को-ऑपरेटिव फेडरेशन कर्मचारियों का बड़ा प्रदर्शन शुरू है। प्रदेश भर से कर्मचारी स्टेशन रोड स्थित पीसीएफ मुख्यालय पहुंचे हैं। सैकडों की संख्या में नाराज कर्मचारी जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। इनका कहना है कि 8 साल से विभागों के चक्कर काट रहे हैं। सभी जगह से हम लोगों को अबतक जूता मारने की धमकी मिली है।

अब चाहे जो मजबूरी हो हमारी मांगें पूरी हो इसीलिए पूरे प्रदेश के कर्मचारी काम छोड़कर लखनऊ आए हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कर्मचारी सभा के महामंत्री सुनील कुमार ने सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि लंबे समय से हम लोग 7वें वेतन की मांग कर रहे हैं। शासन-प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहा। जबकि कर्मचारी किसानों से गेहूं, धान, दलहन एवं तिलहन खरीदने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। सरकार हित में काम करने पर भी प्रदेश में तैनात 1343 पीसीएफ कर्मचारियों को सातवां वेतनमान नहीं मिल पा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार एवं गैर सरकारी संस्थाओं में एक जनवरी 2016 से सातवें वेतन लागू हो चुका है। तमाम विभाग के कर्मचारी 7वें वेतन का लाभ उठा रहे हैं।

अनुसंधान व विकास के लिए इकाइयों से ऑनलाइन प्रस्ताव आमंत्रित

लखनऊ । उत्तर प्रदेश प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के तहत इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के दृष्टिगत अनुसंधान एवं विकास व नवाचार के लिए यूपीनेडा द्वारा विभिन्न इकाइयों से 15 सितम्बर तक आनलाइन प्रार्थना पत्र व प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। निदेशक यूपीनेडा अनुपम शुक्ला ने बताया कि इस संबंध में संबंधित इकाइयों को निर्धारित शुल्क के साथ आनलाइन प्रार्थना पत्र देना होगा। इसमें सेन्टर फॉर एक्सीलेंस के लिए 35 हजार रुपये, स्टार्टअप के लिए 10 हजार रुपये व इन्क्यूबेटर के लिए 25 हजार रुपये प्रार्थना पत्र शुल्क के रूप में जमा करना होगा।

मत्स्य पालन पट्टा आवंटन के लिए अपनाएं ऑनलाइन प्रणाली

▸ मुख्यमंत्री का निर्देश, पट्टा आवंटन में स्थानीयता को दें वरीयता

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तालाबों/पोखरों के मत्स्य पालन हेतु आवंटन में स्थानीयता को वरीयता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पट्टा आवंटन में शुचिता और पारदर्शिता पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि मत्स्य पालन के नियमों के सरलीकरण करने की जरूरत बताई। साथ ही कहा कि पट्टा आवंटन की प्रक्रिया ऑनलाइन की जानी चाहिए, इसके लिए विभाग द्वारा पोर्टल तैयार किया जाए।

सोमवार को मत्स्य मंत्री संजय निषाद की उपस्थिति में मत्स्यजीवी सहकारी संघों के पदाधिकारियों के एक शिष्टमंडल से भेंट करते हुए मुख्यमंत्री ने विभागीय योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक बड़ी आबादी की आजीविका पारंपरिक रूप से मत्स्य पालन पर आधारित रही है। ऐसे में तालाबों/पोखरों आदि जलाशयों का पट्टा आवंटन करते समय इस समुदाय के स्थानीय लोगों को वरीयता दी जानी चाहिए। उन्होंने पट्टा आवंटन के लिए अभियान चलाने पर भी बल दिया और कहा कि पट्टे से प्राप्त धनराशि संबंधित ग्राम पंचायत के आय संवर्द्धन का माध्यम भी बनेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मत्स्य विभाग, मत्स्य सहकारी समितियों तथा मत्स्य बीज विकास निगम को मत्स्य सेक्टर के विकास के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का सेमिनार, गोष्ठी, परिचर्चा आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करना चाहिए।

विद्यार्थी परिषद की राम मन्दिर यात्रा को परिवहन मंत्री ने किया रवाना

लखनऊ। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सहयोग से एक भव्य राम मंदिर यात्रा की शुरुआत 8 सितंबर को दिल्ली से की गई। यह यात्रा अयोध्या के राम मंदिर तक जाएगी, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए 551 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। यात्रा की शुरुआत दिल्ली से होने के बाद, सोमवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर इसकी शुरुआत की और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इस नेक प्रयास की सराहना की। मंत्री दयाशंकर सिंह ने यात्रा के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे सांस्कृतिक और धार्मिक एकता का प्रतीक बताया। समारोह के दौरान, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के संयुक्त सचिव सचिन बैसला ने कार्यक्रम के आयोजन में यात्रा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर एबीवीपी के अन्य पदाधिकारी और सदस्य भी उपस्थित रहे। यात्रा के संयोजक और एबीवीपी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर से जोड़ना है। विद्यार्थियों को राम मंदिर की ऐतिहासिक महत्ता से अवगत कराना है। इस दौरान उन्होंने इस यात्रा में शामिल विद्यार्थी परिषद के सभी कार्यकर्ताओं बधाई दी। समारोह के बाद, यात्रा को पुनः शुरू किया गया। यह यात्रा सोमवार की शाम तक अयोध्या स्थित राम मंदिर पहुंचेगी।

खबरें एक नजर में

अपराधी व जाति के नाम पर हो रही जबरदस्ती की राजनीति

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में व्यापारी के घर हुई डकैती के मुख्य आरोपी मंगेश यादव की पुलिस के साथ मुठभेड़ में मौत हो गई थी। इस घटना के बाद यूपी में सियासत शुरू हो गई। विपक्ष सरकार पर निशाना साध रहे है और सरकार भी जबाव दे रही है। इसी बीच बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर बीजेपी और सपा को आड़े हाथों लिया है। मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, एनकाउंटर की घटना के बाद से बीजेपी व सपा में कानून-व्यवस्था को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगाये जा रहे हैं तथा अपराध, अपराधी व जाति के नाम पर जबरदस्ती की राजनीति की जा रही है, जबकि इस मामले में ये दोनों चोर-चोर मौसेरे भाई जैसे हैं। इससे आगे बसपा प्रमुख ने लिखा, अर्थात् बीजेपी की तरह सपा सरकार में भी तो कई गुणा ज्यादा कानून-व्यवस्था का बुरा हाल था। दलितों, अन्य पिछड़े वर्गों, गरीबों व व्यापारियों आदि को सपा के गुंडे, माफिया दिन-दहाड़े लूटते व मारते-पीटते थे, ये सब लोग भूले नहीं हैं। जबकि उत्तर प्रदेश में वास्तव में ''कानून द्वारा कानून का राज'', बी.एस.पी. के शासन में ही रहा है। जाति व धर्म के भेदभाव के बिना लोगों को न्याय दिया गया। कोई फर्जी एनकाउंटर आदि भी नहीं हुये। अतः बीजेपी व सपा के कानूनी राज के नाटक से सभी सजग रहें।

एनसीसी कैडेट ने स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। आज स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा कमांडिंग ऑफिसर 19 बटालियन कर्नल दीपक कुमार के दिशा निर्देशन में तथा एन.सी.सी. अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया तथा सभी को स्वस्थ सुरक्षित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, अभियान में पोस्टर स्लोगन, संवाद, नुक्कड़ नाटक आदि के द्वारा स्वच्छता के महत्व को समझाने का प्रयास किया गया। कैडेट सोनल सिंह, बुशरा हामिद, महिमा, वर्तिका सक्सेना, आस्था त्रिपाठी और गरिमा तिवारी ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को समझाया तथा कैडेट पलक गुप्ता, पलक सिंह और सोनल सिंह ने संभाषण के माध्यम से इस बात पर बल दिया कि स्वच्छता में ही ईश्वर का निवास होता है। हम सभी को इस सामाजिक दायित्व को निभाना होगा, पोस्टर के माध्यम से खुले में शौच ना करें, हाथों की सफाई -(सही तरीके से हाथों की सफाई की जाए तो हम विभिन्न प्रकार के संक्रमण से बच सकते हैं।

कई इलाकों में तेज बारिश, जलभराव से लगा जाम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में सोमवार सुबह से बादल छाए रहे। दोपहर बाद अंधेरा छा गया। करीब 1 घंटे तक तेज बारिश हुई। जिससे निचले इलाकों में एक-एक फीट तक पानी भर गया। अभी तक 6.6 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग ने दो दिन तक ऐसा ही मौसम रहने का अलर्ट जारी किया है। सुबह उतरेठिया, लूलू माल एरिया में बारिश हुई। वहीं दोपहर 12 बजे तक गोमती नगर, वजीरगंज, कमता, आलमबाग, कृष्णानगर, एयरपोर्ट एरिया सहित शहर के कई इलाकों में तेज बरसात हुई। जलभराव से कई जगह लंबा जाम लग गया। बारिश के बाद उमस बढ़ गई है।

बार एसो. चुनाव में 3726 में से 2226 वोट पड़े

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ बार एसोसिएशन का चुनाव शाम 5 बजे खत्म हो गया। 3726 वोट में से कुल 2226 मत पड़े। सभी बक्सों को सील कर दिया गया है। मंगलवार सुबह 9.00 बजे से अध्यक्ष, महामंत्री और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की मतगणना होगी। बाकी पदों के लिए बुधवार को काउंटिंग होगी। इस बार अध्यक्ष पद के लिए कुल 6 प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं 93 अधिवक्ता अलग-अलग पदों पर चुनाव लड़ रहे हैं। वोटिंग के दौरान सिविल कोर्ट की तरफसे जाने वाले रास्ते पर डायवर्जन लागू किया गया था। पुलिस फोर्स तैनात रही।

यूपी में अपराधी को संरक्षण और निर्दोष को प्रताड़ना : प्रियंका

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधी को संरक्षण और निर्दोष को प्रताड़ना मिल रही है। श्रीमती वाड्रा ने रविवार देर शाम फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिये लुटेरों की जगह निर्दोष को ही गैरकानूनी तरीके से फंसाने का आरोप लगाते हुये रायबरेली पुलिस को लताड़ लगाई है। उन्होने एक खबर का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि पिछले दिनों एक जनसुविधा केंद्र के संचालक रवि चौरसिया के साथ आठ लाख रुपये की लूट हुई थी। जिसके रुपये से भरे बैग को बदमाशों ने छीन लिया था लेकिन किन्ही कारणों से लुटेरे उस बैग को रास्ते मे छोड़ कर भाग निकले। रास्ते मे पड़ा बैग दीपू नामक व्यक्ति को मिला। बकौल दीपू वह आरओ का पानी लाने अपने कुछ साथियों के साथ उस रास्ते से गुजर रहा था तभी उसकी निगाह उस बैग पर गई जिसको उसने उठा लिया और उसे संबंधित थाने में जमा करने अपने साथियों के साथ ही चला गया। थाने पर पहुंचने पर पुलिस ने दीपू को जबरन बैठा लिया। जिससे व्यापारियों में असंतोष फैल गया। विरोध को देखते हुए दूसरे थाने को जांच सौंपी जिसमे दीपू निर्दोष पाया गया। दीपू ने तो अच्छे नागरिक का फर्ज निभाया लेकिन बदले में पुलिस की प्रताड़ना मिली।

राम कुमार वर्मा को देखने अस्पताल पहुंचे भूपेन्द्र चौधरी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी लखनऊ के रेजीडेंसी हॉस्पिटल पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सह क्षेत्र संघचालक राम कुमार वर्मा से भेंटकर स्वास्थ्य संबंधित जानकारी ली। रामकुमार वर्मा एक सप्ताह से अस्पताल में भर्ती हैं। वह कुर्सी विधानसभा के विधायक सकेंद्र वर्मा के पिता हैं। वह संघ में जिला कार्यवाह से लेकर विभा कार्यवाह, सह प्रान्त कार्यवाह, क्षेत्रकार्यवाह, सह क्षेत्र संघचालक महत्वपूर्ण दायित्वों पर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के साथ भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय, एमएलसी अवनीश सिंह पटेल व एमएलसी अंगद कुमार सिंह भी थे।

डॉक्टरों की लापरवाही से गई युवक की जान, हंगामा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टरों की लापरवाही से एक युवक की जान चली गई। घटना को लेकर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि मौत के बाद जब डॉक्टरों को शक हुआ तो हॉस्पिटल द्वारा फोन किया। पैसे लेकर मामले को रफा-दफा करने का दबाव बनाया गया। इसकी रिकॉर्डिंग भी है। मामला ठाकुरगंज थाना क्षेत्र का है। मौके पर पहुंची पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। दोषी डॉक्टर के खिलाफकार्रवाई की जाएगी। मृतक सतीश कुमार (40) की पत्नी लक्ष्मी देवी के साथ उसके 6 बच्चे हैं। 5 लड़कियां और एक लड़का है। ऑपरेशन ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के एशियन हॉस्पिटल मे हुआ था। पीड़ित रजनीश कुमार पूरनपुर पिपरगाव भरावन का रहने वाला है। 8 सितम्बर को बड़ा भाई ओम साई हॉस्पिटल लेकर पहुंचा। यहां डॉक्टर उमेश ने पेट में दर्द होना बताया। पेट में इन्फेक्शन होने के कारण ऑपरेशन करने की बात कही।

संविदा कर्मियों के उत्पीड़न के विरोध में 19 से प्रदर्शन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष आरएस राय की अध्यक्षता में महासंघ कार्यालय नरही, लखनऊ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में तय किया गया कि 19 सितंबर गुरुवार को प्रदेश के सभी जिलों में अधीक्षण अभियंता कार्यालयों पर सत्याग्रह किया जाएगा। यह निर्णय असिस्टेंट बिलिंग, राजस्व वसूली आदि कार्यों के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा न करने के बहाने संविदा कर्मियों पर हो रहे उत्पीड़न, स्थानांतरण और छंटनी के विरोध में लिया गया है। बैठक में भूपेंद्र सिंह तोमर, मोहम्मद काशिफ राम भूल सैनी, दिनेश कुमार, आशीष कुमार, दिनेश सिंह भोले, योगेश सिरोही, भोला सिंह कुशवाहा, पुनीत राय, सुंदरलाल, रजनीश शर्मा उर्फबबलू, शिवकुमार, सत्येंद्र कुमार समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

सरकार पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को दे रही सीधी भर्ती : सीएम योगी

▸ 73वें भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर-2024 का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 73 वें अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर-2024 का उद्घाटन किया। सीएम योगी ने प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। इस दौरान संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत की परंपरा में खेल और खेलकूद की गतिविधियों को महत्व दिया गया है।

खेल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं कार्य के प्रति समर्पण के भाव के साथ तो जोड़ता ही है, जीवन में आने वाली बाधाओं को रोकने का सामर्थ्य भी देता है। मुख्यमंत्री योगी ने पुलिस बल के उपस्थित जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा रहा हो या विभिन्न प्रदेशों में कानून व्यवस्था, सुरक्षा का बेहतरीन माहौल बनाने का मुद्दा, पुलिस अपने इन उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ करने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड व विश्व चौंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनाने की कार्रवाई कर रही है। अब तक ऐसे 500 से अधिक खिलाड़ियों की प्रदेश पुलिस में भर्ती की गयी है। खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए 57000 ग्राम पंचायतों में खेल का मैदान, 825 विकास खंडों में मिनी स्टेडियम और 75 जनपदों में स्टेडियम निर्माण के काम को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि भारतीय ऋषि इस बात का उद्घोष करते हैं कि शरीरमाद्यम् खलु धर्म साधनम्, यानी धर्म के जितने भी साधन हैं वे स्वस्थ शरीर से ही संभव हैं। स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद, योगासन, प्राणायाम आदि क्रियाएं अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश के हर तबके का व्यक्ति खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता और अन्य खेल प्रतियोगिताओं के साथ जुड़ रहा है। पेरिस में पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के जज्बे को पूरा देश और दुनिया देख रही है कि कैसे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और तेज का लोहा मनवाने का भी काम किया है। खेल खिलाड़ियों को अपने कार्य के प्रति समर्पण के भाव के साथ तो जोड़ता ही है, साथ ही साथ जीवन में उतार-चढ़ाव के हर एक मोड़ पर जीतने की भी प्रेरणा देता है।

पूरी व्यवस्था को ही डिरेल करना चाहती है कांग्रेस : केशव मौर्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा दिये गये बयान की कड़ी निन्दा की है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सत्ता हासिल करने के लिए कांग्रेस पूरी व्यवस्था को ही डिरेल करना चाहती है। राहुल गांधी के अंतरराष्ट्रीय गुरु सैम पित्रोदा को बार-बार यह कहने की क्या ज़रूरत है कि पप्पू नहीं हैं राहुल गांधी। वहीं भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा है कि राहुल गांधी के मन में जो भी आता है वह कह देते हैं। उन्हें महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक स्थिति के लिए कांग्रेस सरकार और मोदी सरकार का तुलनात्मक अध्ययन सामने रखना चाहिए था। राहुल गांधी की बातों का कोई आधार नहीं है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों राहुल गांधी अमेरिका के टेक्सास दौरे पर हैं। वहां पर उन्होंने भारत में बेरोजगारी का मुद्दा उठाया।

काकोरी एक्शन की स्मृति में दो अक्टूबर को सचल स्पेशल ट्रेन का होगा संचालन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। प्रदेश में काकोरी ट्रेन एक्शन की स्मृति ताजा करने तथा जनमानस में राष्ट्रभक्ति की भावना जाग्रत करने के लिए गांधी जयन्ती दो अक्टूबर के अवसर पर स्पेशल सचल प्रदर्शनी ट्रेन चलेगी। इसके तहत 12 कोच की स्पेशल ट्रेन के माध्यम से सचल प्रदर्शनी पूरे राज्य भर में संचालित कर काकोरी ट्रेन एक्शन के प्रति युवाओं, विद्यार्थियों तथा जनमानस को इसका इतिहास बताया जायेगा। इस सचल रेल प्रदर्शनी के लिए अध्यक्ष एवं सीईओ रेलवे बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली को प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति की ओर से 05 सितम्बर को पत्र भेजकर अनुरोध किया गया है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी वाले स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिताओं, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली आदि का आयोजन किया जायेगा। इसमें स्कूल एवं कालेज की छात्र-छात्राओं को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जायेगा, ताकि उनके मन में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना एवं नई ऊर्जा का संचार हो सके। जयवीर सिंह ने बताया कि सचल रेल प्रदर्शनी के लिए 12 कोच की एक विशेष रेलगाड़ी की आवश्यकता होगी, जिसमें 11 कोच प्रदर्शनी के उद्देश्य से प्रयोग में लाये जायेंगे तथा 01 कोच एसी-3 भी लगाया जायेगा, जिसमें संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रतिनिधि यात्रा करेंगे। इस ट्रेन की साज-सज्जा एवं प्रदर्शनी हेतु विनायल आदि की व्यवस्था विभाग द्वारा की जायेगी। पर्यटन मंत्री ने यह भी बताया कि भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन की महत्वपूर्ण घटना काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ का शुभारम्भ से काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया गया था। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने रेलवे बोर्ड को प्रेषित पत्र में लिखा है कि व्यय एवं यात्रा कार्यक्रम उपलब्ध कराते हुए विशेष रेलगाड़ी की व्यवस्था शीघ्र अतिशीघ्र कराई जाए।

शारीरिक बदलावों के प्रति जागरूक बनें और स्वस्थ रहें : डॉ. संगीता

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। किशोरावस्था से लेकर रजोनिवृत्ति (मेनोपाज) के दरम्यान तरह-तरह के बदलावों से गुजरने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य देखभाल की अधिक जरूरत होती है। स्त्री रोगों के प्रति की गयी अनदेखी महिलाओं की जान को जोखिम में डालने के साथ ही उनको कई अन्य गंभीर बीमारियों की गिरफ्त में भी ला सकती है। स्त्री रोगों और यौन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के साथ ही परिवार के हर सदस्य को महिलाओं के स्वास्थ्य देखभाल में मददगार बनने की याद दिलाने के लिए ही हर साल 10 सितम्बर को अंतरराष्ट्रीय स्त्री रोग जागरूकता दिवस मनाया जाता है।

पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया से जुड़ीं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता गोयल का कहना है कि घर-परिवार में महिलाओं की सेहत का अधिक ख्याल रखने की इसलिए भी जरूरत है क्योंकि सुबह से लेकर रात तक घर के बड़ों, पति और बच्चों की हर छोटी-बड़ी जरूरतों का ख्याल वही रखती हैं। नौकरी पेशा महिलाएं तो घर के साथ दफ्तर की भी जिम्मेदारी निभाती हैं। इसलिए जब वह बिस्तर पर पड़ जाएँ तभी चिकित्सक के पास जाएँ जैसी मानसिकता व सोच को बदलना होगा। समय-समय पर उनकी जांच आदि कराने के साथ ही उनको भी अपने लिए समय निकालने में परिवार के हर सदस्य को मदद करनी होगी ताकि वह भी नियमित रूप से योग, प्राणायाम और ध्यान के साथ अपने लिए मनोरंजन का समय निकाल सकें। डॉ. संगीता का कहना है कि स्त्री रोग विज्ञान एक तरह से महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ा है, जिसके तहत योनि, गर्भाशय, अंडाशय और स्तन के स्वास्थ्य देखभाल की समुचित व्यवस्था की गयी है। दूसरी ओर प्रसूति विज्ञान के तहत गर्भावस्था, प्रसव व प्रसव पश्चात महिलाओं की देखभाल, उपचार और फालोअप किया जाता है। इन दोनों ही स्थितियों में महिलाओं की देखभाल कर संक्रमण से बचाने के साथ ही गर्भाशय व यौन कैंसर व उससे जुड़ी अन्य बीमारियों से सुरक्षित बनाया जा सकता है।

लखनऊ में पकड़ी गई 50 लाख की मार्फीन, दो आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ । राजधानी लखनऊ की मड़ियांव पुलिस ने नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से 422 ग्राम मार्फीन बरामद हुई। जिसकी कीमत 50 लाख से ज्यादा की बताई जा रही है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करके पूरे नेटवर्क को तलाश रही है। बता दें, रविवार रात 11 बजे पुलिस टीम अजीज नगर मड़ियांव के पास गस्त कर रही थी। तभी सूचना मिली की दो व्यक्ति मादक पदार्थ (मार्फीन) की सप्लाई देने के लिए भिटौली ओवरब्रिज के ढाल के पास सीतापुर की तरफजाने वाले रास्ते पर इंतजार कर हैं। पुलिस टीम पहुंची तो दोनों भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी करके पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों की पहचान अशीशपुर, शुकुल बाजार अमेठी के रहने वाले सौलत रसूल (46) पुत्र अजीजुर्रहमान और बाबा बाजार फैजाबाद के रहने वाले रामनरेश तिवारी (50) पुत्र स्वर्गीय जगदेव प्रसाद के रूप में हुई। दोनों आरोपियों ने बताया कि उनके पास अवैध मादक पदार्थ मॉर्फीन था। इस वजह से डरकर भाग रहे थे। सौलत रसूल के कब्जे से 222.75 ग्राम और रामनरेश तिवारी के पास से 199.25 ग्राम मार्फीन मिली।

गोमती नगर स्थित एक होटल में दीप प्रज्वलित करके डॉ राजेंद्र प्रसाद द्वारा लिखी गई पुस्तक मनुअल ऑफ चेस्ट एक्सरे का विमोचन करते यूपी के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व साथ में मौजूद राजेंद्र प्रसाद व अन्य लोग।

त्वरित विकास योजना : लखनऊ व सिद्धार्थनगर के लिए 95.86 लाख मंजूर

लखनऊ । प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत लखनऊ एवं सिद्धार्थनगर हेतु 95.86 लाख रुपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि जिलाधिकारी लखनऊ एवं सिद्धार्थनगर के निवर्तन पर रखी गई है। शासनादेशों की प्रतियां जिलाधिकारी लखनऊ एवं सिद्धार्थनगर को प्रेषित कर दी गई हैं।

भाषा विश्वविद्यालय में एडमिशन की समय सीमा बढ़ी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एडमिशन के लिए समर्थ पोर्टल को पुनः खोल दिया गया है। प्रवेश समन्वयक प्रो एहतेशाम अहमद ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए बीबीए, एमबीए, बीसीए, एमसीए, बीकॉम, एमकॉम, विषयों में स्नातक, विषयों में परास्नातक, एलएलएम, सभी डिप्लोमा, सभी सर्टिफिकेट कोर्स, बीजेएमसी, एमजेएमसी तथा सभी बीटेक और बीएससी, एलएलबी, बीएएलएलबी ईडब्ल्यूएस सहित सभी विषयों में बची हुई सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया 16 सितम्बर तक बढ़ा दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी अपने योग्यता के अनुसार आवेदन कर प्रवेश ले सकते हैं, सीयूटी में अप्लाई करने वाले अभ्यर्थी समर्थ पोर्टल के माध्यम से एडमिशन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। एडमिशन से सम्बन्धित और अधिक जानकारी के लिए ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर विजिट कर सकते हैं। प्रवेश से सम्बन्धित और अधिक जानकारी विश्वविद्यालय में बने प्रवेश केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

समय पर किया जाए दुग्ध मूल्य का भुगतान : धर्मपाल

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दुग्ध उत्पादन के साथ ही पौष्टिक एवं गुणवत्तायुक्त दूध आम जनता को उपलब्ध कराना हमारा उद्देश्य है। इसलिए सिंथेटिक दूध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए दूध की जांच विभाग द्वारा कराये जाने के संबंध में प्रस्ताव बनाया जाए और जांच कार्यों के लिए संबंधित विभागों से भी समन्वय स्थापित कर सहयोग लिया जाए। एक सप्ताह का अभियान चलाकर जांच कार्य सम्पादित किया जाए।

श्री सिंह ने प्राथमिकता के आधार पर किसानों एवं पशुपालकों को दुग्ध मूल्य का भुगतान करने, दुग्ध समितियों के सुव्यवस्थित संचालन एवं प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के संबंध में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये हैं।उत्तर प्रदेश के दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में दुग्ध विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। श्री सिंह ने डेयरी विकास को बढ़ावा देने तथा दुग्ध संघों डेयरी प्लांट्स के संचालन एवं प्रबंधन हेतु तकनीकी जनशक्ति के अभाव के दृष्टिगत पीसीडीएफ की व्यवसायिक गतिविधियों में सहायता और मार्गदर्शन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीसीडीएफ द्वारा मार्केटिंग को बढ़ावा दिया जाए और मित्व्ययिता का ध्यान रखते हुए दक्ष एवं तकनीकी रूप से विशेषज्ञों की सहायता ली जाए। समितियों के गठन, सुदृढ़ीकरण एवं संचालन पर विशेष ध्यान दिया जाए। जितनी अधिक संख्या में समितियों का गठन किया जायेगा उतना ही किसानों और पशुपालकों को लाभ होगा और दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होगी। पीसीडीएफ द्वारा दुग्ध उपार्जन एवं दुग्ध उत्पादों की सभी संभावनाओं पर गंभीरता से कार्य किया जाए व एनडीडीबी से सहयोग स्थापित कर आवश्यक कार्य किया जाए। बैठक में दुग्ध विकास विभाग पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के रवीन्द्र नायक के मंत्री को विभाग की योजनाओं की अद्तन स्थिति से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में पीसीडीएफ के प्रबंध निदेशक आनन्द कुमार, दुग्ध आयुक्त राकेश मिश्र, पीसीडीएफ के डा मनोज सहित अधिकारी उपस्थित थे।

अब तक गोआश्रय स्थलों पर संरक्षित हुए 1190965 निराश्रित गोवंश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश के पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में प्रदेश के गौ आश्रय स्थलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त रूप से निर्देश दिये कि जिन गौ आश्रय स्थलों में अव्यवस्था या गौवंश की देखभाल संबंधी कोई भी शिकायत संज्ञान

डीएम ने किया स्पष्ट, लापरवाही बरतने पर होगी बड़ी कार्रवाई

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जनपदवासियों को निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र से लेकर वरासत जैसे प्रकरणों में दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गुरुवार को सिटीजन चार्टर जारी किया है। शासन के आदेशों के अनुरूप जनसेवाओं से जुड़े हुए प्रकरणों के निस्तारण की समयसीमा निर्धारित कर दी गई है। सभी अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि हर महीने के अंत में समीक्षा की जाएगी। इसका अनुपालन न किए जाने की स्थिति में संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निवास प्रमाणपत्र आवेदन पत्रों का निस्तारण 20 दिवस में अनिवार्यतः सुनिश्चित कराया जाए। इसी प्रकार, जाति प्रमाणपत्र के लिए प्राप्त आवेदनपत्रों का निस्तारण नियत समय (20 दिवस) में अवश्य कराया जाए।

आय प्रमाणपत्र आवेदनपत्रों को नियत समय (सामान्य आवेदन 15 दिन, शिक्षण संस्थान में प्रवेश हेतु-07 दिवस) में अवश्य निस्तारित कराया जाए। इनकी समीक्षा उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार के स्तर से नियमित रूप से की जानी चाहिए। हैसियत (साल्वेंसी) सम्बन्धी कोई आवेदनपत्र 45 दिन से ऊपर निस्तारण के लिए लम्बित न रहे।

- जिलाधिकारी ने जारी किया सिटीजन चार्टर
- जनपद के अधिकारियों और कर्मचारियों को जारी किए गए सख्त निर्देश

राजस्व वादों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान

जिलाधिकारी ने आरसीएमएस पोर्टल पर पंजीकृत वादों में 02 वर्ष से अधिक समय से लम्बित वादों का अधिक से अधिक निस्तारण कराने के निर्देश दिए हैं। 01-03 वर्ष की अवधि के 6153 वाद, 03-05 वर्ष की अवधि के 1839 तथा 05 वर्ष से अधिक अवधि के 1513 वाद जनपद के राजस्व न्यायालयों में विचाराधीन है। जिलाधिकारी ने इन वादों का निस्तारण गुणदोष के आधार पर अभियान के रूप में करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने साफ किया है कि धारा-80 राजस्व संहिता के अन्तर्गत योजित वादों का निस्तारण नियत समय में किया जाए तथा कोई भी वाद 45 दिन से ऊपर लम्बित न रहे। सम्प्रति धारा-80 के वादों के निस्तारण की स्थिति संतोषजनक परिलक्षित होती है। इसके अतिरिक्त, धारा-116 के अन्तर्गत लम्बित वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि पीठासीन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके न्यायालय में धारा-116 से अन्तर्गत कोई वाद 03 माह से ऊपर लम्बित न रहे। वरासत से सम्बन्धित प्राप्त आवेदनपत्रों का निस्तारण कराते हुए सुनिश्चित किया जाए कि माह के अन्त में पेंडेन्सी 'शून्य' रहे। धारा-34 राजस्व संहिता के अन्तर्गत योजित वादों का निस्तारण नियत समयसीमा 45 दिवस में सुनिश्चित कराया जाए। धारा-24 राजस्व संहिता के वादों को सूचीबद्ध कराते हुए यह देखें कि 03 माह से ऊपर अवधि का कोई वाद लम्बित न रहे। ऐसे वादों में दिन प्रतिदिन के आधार पर सुनवाई करते हुए निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

यह निर्देश भी किए गए हैं जारी

कृषि, आवास स्थल, मत्स्य पालन, कुम्हारीकला मदों में लक्ष्य के सापेक्ष पात्र लाभार्थियों को पट्टा स्वीकृत करते हुए पोर्टल पर फीडिंग करायी जाए। जनपद मुख्यालय के भूलेख अनुभाग द्वारा मॉनिटरिंग करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी तहसील में ई-परवाना जारी करने हेतु अवशेष न रहे। आई.जी.आर.एस. संदर्भों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए यह विशेष रूप से ध्यान में रखा जाए कि 'ग्रेड-सी' में कोई संदर्भ चिन्हित न रहे तथा समस्त प्राप्त संदर्भो का निस्तारण नियत समय में अनिवार्य रूप सुनिश्चित कराया जाए। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता के प्रकरणों में आख्या का प्रेषण समय से सुनिश्चित कराया जाए। माह के अन्त में कोई भी आवेदन आख्या प्रेषण हेतु लम्बित नहीं रहना चाहिए। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में आवेदनपत्रों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से हो आवेदनपत्रों की स्वीकृति के उपरान्त धनराशि की डिमाण्ड तत्काल भेजी जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को अनुमन्य सहायता राशि शीघ्रातिशीघ्र प्राप्त हो सके। दैवी आपदा के प्रकरणों में अनुमन्य राहत का वितरण नियत समय में अवश्य हो। इस कार्य में विलम्ब होने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण किया जाए। एण्टी भू-माफिया से सम्बन्धित प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण समयबद्ध रूप से करते हुए कार्यवाही का विवरण पोर्टल पर फीड कराया जाए।

जल जीवन मिशन के कार्यों में लाई जाये तेजी : आयुक्त

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक सोमवार को आयुक्त सभागार में आहूत की गयी। बैठक में उन्होने सभी जनपदों में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यो की बारी बारी से समीक्षा की। उन्होंने मण्डल के जनपदों में कार्य कर रही एजेंसी जी एस इन्फ्रा, लारसेन एण्ड टुब्रो, पीएनसी एसपीएमएल, दारा इको प्रोटेक्शन, के एल एस आर को निर्देशित किया कि यदि कहीं पाईपलाइन लिकेज की समस्या हो तो उसे गुणवत्तापूर्ण ढंग से ठीक करायें। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होगी। सभी जनपदों में अलग से जल जीवन मिशन के कार्यो की नियमित रूप समीक्षा की जाए। जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत मण्डल में भूमि संबंधी विवादों में निर्देश दिया कि संबंधित विभागीय अधिकारी जिलाधिकारी अथवा सम्बन्धित से समन्वय स्थापित कर समस्या का निराकरण करायें। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि अगर भूमि उपलब्ध नही हो पा रही है तो शासन को भूमि क्रय किये जाने के संबंध में पत्र प्रेषित किया जाय। आयोग ने सभी कार्य संस्थाओं को सख्त निर्देश दिए कि जीवन मिशन के कार्य अंतर्गत खोदी जाने वाली सड़कों को पूर्व की तरह से निर्मित कराया जाए जिसस आवागमन में कोई दिक्कत ना हो। आगे पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

- मण्डलायुक्त ने की जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों के प्रगति की समीक्षा

गैंगरेप के आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जिले में एक नाबालिग दलित लड़की के साथ दो युवकों द्वारा गैंगरेप का मामला सामने आया है।दोनों युवकों ने लड़की को मोबाइल दिलाने का बहाना बनाकर अपनी कार में बैठाया और फिर उसके साथ बलात्कार किया।इस दौरान, कार एक खंभे से टकरा गई, जिससे डरकर दोनों आरोपी कार छोड़कर भाग गए। इसके बाद पीड़िता पैदल अपने घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

लड़की के परिवार ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान मोहम्मद आरिफ और मोहम्मद रिजवान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पीड़िता पहले से एक आरोपी को जानती थी, इसलिए उसने उन पर भरोसा करके कार में बैठने का निर्णय लिया था। लेकिन दोनों आरोपियों ने इस भरोसे का गलत फायदा उठाते हुए चलती कार में बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत ने बताया कि नगर कोतवाली में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। 8 सितंबर 2024 को पीड़िता के पिता ने थाने में अपनी बेटी के साथ हुई घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद, पीड़िता की मां द्वारा लिखित शिकायत में बताया गया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी के साथ दो युवकों ने गैंगरेप किया है। शिकायत में बताया गया कि दोनों युवकों ने उसे गाड़ी में बैठाकर बहला-फुसला कर दुष्कर्म किया। घटना में इस्तेमाल की गई गाड़ी, जिसे मोहम्मद आरिफ चला रहा था, उसे भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाया और दोनों आरोपियों के सैंपल जांच के लिए भेज दिए गए हैं।

करंट लगने से युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज। तहसील व कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में विद्युत करेंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक की आकस्मिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरु कर दी। मिली जानकारी के मुताबिक घटना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुंवरपुर अमरहा के मजरा सिकिहा की है। यहां के निवासी प्रदीप पुत्र थानेदार उम्र करीब 27 वर्ष को रविवार की शाम को अज्ञात कारणों से करंट लग गया। परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य कर्नलगंज लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सीएचसी में भीड़ जुट गई। बताया जाता है कि मृतक युवक अपने मां बाप के इकलौते बेटे थे। इस दुखद खबर के मिलते ही उनके घर पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। युवक की आकस्मिक मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

महिला के बगैर जानकारी में उसके नाम से चल रही कोटे की दुकान

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

- डीएम को प्रार्थना पत्र भेजकर हुई शिकायत

तहसील क्षेत्र में पूर्ति विभाग से जुड़ा एक हैरतअंगेज कारनामा सामने आया है। कर्नलगंज क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत में एक अनुसूचित जाति की महिला के नाम से वर्षो से कोटे की दुकान संचालित हो रही है,लेकिन उसे कोटे की दुकान के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। महिला ने जिलाधिकारी को शपथ पत्र सहित प्रार्थना पत्र भेजने के साथ ही आनलाईन शिकायत की है।

मामला तहसील व विकास खंड कर्नलगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ढेमा से जुड़ा है। यहां की निवासिनी महिला सोनी पत्नी यशवंतलाल ने जिलाधिकारी को शपथ पत्र सहित प्रार्थना पत्र भेजने के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई आन लाइन शिकायत मे कहा है की वह अनुसूचित जाति की निहायत गरीब व निरक्षर महिला है। उसे जानकारी मिली है,की ग्राम ढेमा के पूर्व प्रधान के पुत्रों द्वारा उसके नाम से कोटे की दुकान संचालित की जा रही है और सरकारी अभिलेखों में उसके द्वारा दुकान का संचालन करना दिखा रहे हैं,लेकिन उसे इसकी कोई जानकारी नहीं थी।

महिला के मुताबिक उसके पति से पूर्व प्रधान के पुत्रों की मित्रता थी जिससे उसके घर उनका आना जाना रहता था। वर्ष 1995 से 2010 के बीच पूर्व प्रधान व उनकी पत्नी ग्राम प्रधान थी। इसी अवधि में उनके दोनों पुत्रों ने उसका फोटो व आईडी प्राप्त करके उसके नाम से कोटे की दुकान का प्रस्ताव ग्राम पंचायत से बना डाला और फर्जी कागजात तैयार करवाते हुए कोटे की दुकान का आवंटन भी करवा लिया।

महिला ने बताया की वह निरक्षर है, और अंगूठा लगाती है,जबकि उसे साक्षर दिखाकर इंडियन बैंक शाखा कर्नलगंज में उसके नाम से खाता खुलवाकर चेकबुक भी जारी करवा लिया गया और फर्जी तरीके से खाते का भी संचालन कर रहे हैं। महिला ने अधिकारियों से मांग की है कि यदि वस्तुओं की उठान यदि कर ली गई हो तो दुकान में ताला लगवाकर वितरण पर रोंक लगा दी जाय। ऐसा न करने पर उक्त दोनों लोग वस्तुओं की बिक्री कर देंगे।

कोटे की दुकान का संचालन कर रहे सरकारी कर्मचारी

महिला ने बताया कोटे के दुकान का संचालन कर रहे दोनों भाई सरकारी कर्मचारी है। लेकिन ड्यूटी न करके संयुक्त रूप से उसके नाम से कोटे की दुकान का संचालन कर रहे हैं। आरोप है की दुकान से संबंधित समस्त अभिलेख व मशीन भी दोनों भाइयों के कब्जे में है। महिला ने दोनों भाइयों के गतिविधियों की जांच कराकर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आवश्यक कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

जिम्मेदार के बोल

जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पाण्डेय का कहना है कि प्रकरण संज्ञान मे नहीं है,लेकिन ऐसा संभव नही है की बिना उसके जानकारी के दुकान का संचालन हो रहा था। उन्होंने कहा की दोनों लोग मिलकर दुकान का संचालन करते रहे होंगे अब उनके बीच मतभेद हो गया होगा।

जाम के झाम से जूझता गोण्डा शहर ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त, जिम्मेदार मौन

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जिले में यातायात की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।आए दिन शहर वासियों को जाम के झाम का सामना करता पड़ता है,शहर के साथ-साथ हर चौराहे पर आए दिन जाम लगा रहता है,नगर वासियों का कहना है की गोंडा शहर में जाम को लेकर आए दिन किसी न किसी समस्या का सामना करना पड़ता है माना जाता है कि स्टेशन रोड से लेकर कचहरी तक यातायात की व्यवस्था बुरी तरह से बदहाल है।सड़क को पार्किंग बना कर रखा गया है।सड़क के किनारे बड़े-बड़े शॉपिंग मॉल बना दिए गए हैं लेकिन किसी के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है।

सड़क परिवहन खड़े हो रहे हैं। जिससे कि शहर में आए दिन जाम लगा रहता है।वही नगर वासियों का कहना है कि जिले के अधिकारी हैं,अपने मौज में रहते हैं।ट्रैफिक की व्यवस्था चौराहे पर लगे होमगार्ड के कंधों पर है।वही अधिक तर ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी लगी तो रहती है लेकिन मोबाइल पर व्यस्त रहने के साथ-साथ कहीं ना कहीं दूसरी व्यवस्था में लगे रहते हैं,शहर वासियों का यह भी कहना है की आए दिन जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, वी मार्ट, फातिमा कालेज रोड और शहर के तमाम प्रतिष्ठानों गेट के सामने जाम लगा रहता है। मनकापुर बस स्टॉप से लेकर बड़गांव पुलिस चौकी तक आए दिन घटनाएं भी हो रही हैं।घटना होने का मुख्य कारण है कि सड़क के किनारे गाड़ियों का खड़ी करना घटना का कारण बनता है। वही गुरु नानक चौराहा, रोडवेज चौराहा, बड़गांव चौराहा, जय नारायण चौराहा, नगर के जितने भी चौराहे हैं सभी पर जाम को लेकर झाम से आम जनमानस परेशान रहता है माना जाता है कि यातायात को लेकर शहर के अधिकारी चुस्त दुरुस्त नहीं दिख रहे हैं जबकि इसकी लिखित शिकायत व्यापार मंडल की तरफ से और व्यक्तिगत रूप से कई बार पुलिस अधीक्षक से किया गया है लेकिन इसका कोई असर विभाग पर नहीं पड़ रहा है।

बताते चलें कि सुबह से लेकर शाम तक शाम से लेकर रात तक जाम का सामना करना पड़ता यही नहीं आए दिन ऐसा भी होता है कि जब एम्बुलेंस तथा सरकारी एंबुलेंस को भी जाम का सामना करना पड़ता है चाहे वह इमरजेंसी मरीज को लेकर अपनी हूटर सायरन बजाते रहते हैं उसके बाद भी स्थानीय अधिकारी को इन बातों लेकर एकदम ध्यान नहीं रहता है। और आए दिन शहर में जाम लगा रहता है।

सामाजिक व पारिवारिक समस्याओं को जन्म देता है बाल विवाह : डॉ. शोभा

- स्वास्थ्य, समानता और अधिकार के प्रति जागरूक हुए किशोर
- माहवारी स्वच्छता पर दी गई जानकारी, सेनेटरी पैड का हुआ वितरण
- उम्मीद परियोजना के सहयोग से आयोजित हुआ जागरूकता अभियान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बसहिया पाते, जरवल में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग और उम्मीद परियोजना के सहयोग से किशोरियों और उनके अभिभावकों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा जरवल ब्लॉक के गांवों में चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों का हिस्सा था। कार्यक्रम में माहवारी स्वच्छता, विवाह की सही उम्र, और लैंगिक समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चाएँ की गईं, जिसमें विशेष रूप से किशोरियों के स्वास्थ्य और अधिकारों पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि, कल्लन इदरीसी, जिला आयुक्त, भारत स्काउट्स और गाइड्स ने किशोरियों को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने किशोरियों को अपने अभिभावकों और शिक्षकों से इन मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने का महत्व समझाया, ताकि वे आत्मविश्वास और मानसिक स्पष्टता के साथ आगे बढ़ सकें। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की डॉ. शोभा ने विवाह की सही उम्र के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि बाल विवाह न केवल कानूनन गलत है, बल्कि यह सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं को भी जन्म देता है। उन्होंने बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने के लिए किशोरियों को शिक्षित और सशक्त बनाने पर जोर दिया।विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. खुशबू ने माहवारी स्वच्छता पर प्रकाश डालते हुए किशोरियों को अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किशोरियों को अपने सवाल और चिंताओं को खुलकर सामने रखना चाहिए।

खेल-खेल में सीखा विवाह का सही उम्र

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्राओं के साथ संवाद, स्वास्थ्य जांच, और खेलों के माध्यम से विवाह की सही उम्र और लैंगिक भेदभाव पर चर्चा शामिल थी। खासतौर पर साप-सीढ़ी के खेल का उपयोग इन विषयों को रोचक और प्रभावी ढंग से समझाने के लिए किया गया। इसके साथ ही, माहवारी स्वच्छता पर जानकारी दी गई और 600 सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया, जिससे किशोरियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

169 किशोरियों का हुआ स्वास्थ्य जांच

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (RKSK) और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) की टीम ने 169 किशोरियों की स्वास्थ्य जांच की। साथ ही, खेलों के माध्यम से प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया से डॉ. शोभा, अभिषेक पाठक, अवधेश, बिंदु, विद्यालय की अध्यापिका डॉ. कृति चौरसिया, सोनम, और आरकेएसके एवं आरबीएसके टीम के सदस्य शामिल हुए। लगभग 200 छात्राओं और अभिभावकों ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

शिक्षकों के प्रशिक्षण में पुलिस के हेल्प लाइन नंबरों की दी जानकारी

आलोचना से घबराएं नहीं शिक्षक : थानाध्यक्ष

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

ब्लॉक संसाधन केंद्र पयागपुर में चल रहे बुनियादी भाषा गणित प्रशिक्षण का शुभारम्भ थानाध्यक्ष पयागपुर करुणाकर पांडेय ने किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि कोई शिक्षक आलोचना से घबराएं नहीं और उनको दिए गए प्रशिक्षण के आधार पर कक्षा संचालन करें। पयागपुर में स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अच्छे संस्कार देकर के बच्चों को विद्वान बनाएं, जिससे उनको देश की उच्च मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। आलोचना से ही बुराई दूर होती है और सर्वांगीण विकास होता है। प्रशिक्षण प्रारंभ करने के पूर्व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण सभा कों संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष ने कहा कि 1090, 1098 एवं 1930 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कहा कि बालिका सुरक्षा महिला सुरक्षा एवं शिक्षकों तथा सभी लोगों की सुरक्षा का मैं पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और यदि कहीं कोई समस्या आती है तो तुरंत अवगत कराएं। निष्पक्ष होकर पूर्ण सहयोग किया जाएगा। प्रशिक्षण सभा को खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा विकास क्षेत्र के एआरपी राजेश कुमार मिश्रा, पवन शुक्ल,यादवेंद्र प्रताप,दिलीप त्रिपाठी, शिक्षक गोपाल जी शुक्ला अभिकेश त्रिपाठी, कार्यालय लिपिक सुनील त्रिपाठी, प्रभु दयाल मिश्रा तरुण कुमार आर्य, लेखा लिपिक अंकित रस्तोगी, एआरपी राघवेंद्र कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुकेश कुमार,हर्ष दीक्षित,धीरेन्द्र सिंह, आदि शिक्षक मौजूद रहे।

लेखपालों के एक वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का डीएम ने किया शुभारम्भ

- सरकारी सेवा को मात्र सेवा तक ही सीमित न रखें बल्कि इसे लोगों की सेवा के अवसर के रूप में देखें : मोनिका रानी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर जनपद में नवनियुक्त 105 लेखपालों का महाराज सिंह इण्टर कालेज में आयोजित 01 वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार मौर्या, प्रशिक्षण विद्यालय के प्रधानाचार्य/तहसीलदार सदर अनिरूद्ध कुमार यादव सहित प्रशिक्षु मौजूद रहे। इस अवसर पर महाराज सिंह कालेज के शिक्षक नान बाबू पाण्डेय द्वारा मत्रोच्चार का वाचन किया। जबकि शिक्षिका शिवांगी राज द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करती हुई डीएम मोनिका रानी ने कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग का महत्वपूर्ण अंग हैं। डीएम ने कहा कि लेखपाल का सबसे महत्वपूर्ण कार्य भूमि की पैमाईश एवं अंश निर्धारण है। गांवों में लोगों के बीच अधिकतर वाद-विवाद भूमि पैमाईश एवं अंश निर्धारण को लेकर सामने आते हैं। डीएम ने प्रशिक्षण के लिए नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रशिक्षुओं को भूमि पैमाईश कार्य में पूरी तरह से दक्षता प्रदान करें। डीएम ने सीआरओ को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण सत्र के दौरान पैमाईश कार्य में दक्ष लेखपालों को बुलाकर प्रशिक्षुओं को भूमि पैमाईश का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिलाया जाय। डीएम ने प्रशिक्षुओं का आहवान किया कि पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि आप अपने पदेन उत्तरदायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर आमजन की समस्याओं का समाधान कर सकें। डीएम ने कहा कि सरकारी सेवा को मात्र सेवा तक ही सीमित न रखें बल्कि इसे लोगों की सेवा के अवसर के रूप में देखें। डीएम ने प्रशिक्षु लेखपालों को सुझाव दिया कि भू-लेख नियमावली, राजस्व संहिता के बारे में भी विधिवत जानकारी प्राप्त करें।

पलक झपकते ही बच्चों पर हमला कर देते हैं बंदर

- गांव के लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बंदरों से निजात दिलाने की उठाई मांग

बहराइच, समृद्धि न्यूज। शहर से सटे चौखड़िया गांव के सैकड़ों लोग सोमवार को डीएम कार्यालय पहुंचे। सभी ने बंदरों से हो रहे नुकसान के बारे में बताते हुए निजात दिलाने की मांग की है। सभी का कहना है 100 से अधिक लोगों पर बंदर ने हमला कर घायल किया है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। कोतवाली देहात अंतर्गत ग्राम पंचायत चौखड़िया गांव के सैकड़ों लोग सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। सभी ने डीएम मोनिका रानी को शिकायती पत्र दिया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में दो सौ से तीन सौ की संख्या में बंदर आ गए हैं। यह बंदर बच्चों से लेकर बड़ों पर हमला कर रहे हैं। इतना ही नहीं खेत में एकसाथ जाने पर मक्का, कद्दू, अमरूद और केला समेत अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। गांव के लोगों ने बताया कि अब 100 से अधिक बच्चे और बड़े बंदरों के हमले का शिकार हुए हैं। गांव निवासी तिलक राम और सुशीला वर्मा ने बताया कि पलक झपकते ही बच्चों को बंदर उठा लेते हैं। इसके बाद नोचकर घायल कर देते हैं। सभी ने डीएम से गांव में मौजूद सैकड़ों बंदरों को पकड़े जाने की मांग की है। इस दौरान राजेश, सुनील कुमार, पप्पू टेलर, राम कुमार, दिलीप कुमार, भगेलू, झगरू, राजू वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

मंगेश यादव एनकाउंटर की हो उच्च स्तरीय जांच

- सपा लोहिया वाहिनी ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर दिया धरना

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव की अगुवाई में सोमवार को कार्यकर्ता काफी संख्या में एकत्रित हुए। सभी ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने छात्रसंघ चुनाव बहाल करने, पिछड़े और दलित छात्रों को शिक्षण संस्थानों में आरक्षण तथा छात्रवृति देने की मांग की।

भेड़िए के हमले में मृत लोगों को 20 लाख रूपये मुआवजा देने, शिक्षा का बजारीकरण रोकने और सामान्य शिक्षा नीति को लागू करने की मांग की। सपाइयों ने मंगेश यादव एनकाउंटर की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। साथ ही दोषियों को सजा देने की मांग की। इसके बाद सभी ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को सौंपा। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण

बहराइच समृद्धि न्यूज़। नगर मजिस्ट्रेट/सक्षम प्राधिकारी भूमि अध्याप्ति शालिनी प्रभाकर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 927 के निर्माण के लिए अधिग्रहीत की जाने वाली तहसील-कैसरगंज के पांच ग्रामों तप्पेसिपाह, आदमपुर, झुकिया, रिढौठा व मुस्तफावाद की भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के समय तहसीलदार कैंसरगंज, राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल, भूमि अध्याप्ति अमीन व एन.एच.ए. आई के स्थानिक अभियन्ता, अपनी सर्वे टीम के साथ उपस्थित रहें। सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित शासकीय भूमि तथा अनुसूची में अंकित अकृषक भूमि का गाटावार निरीक्षण कराया गया। मौके पर अर्जन प्रभावित खातेदार व अन्य स्थानीय कृषकगण मौजूद रहें। स्थलीय निरीक्षण के दौरान सक्षम प्राधिकारी नगर मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानिक अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि प्रस्तावित भूमि की निशानदेही हेतु मौके पर पत्थर लगाये जायें। निरीक्षण के समय जिन भू-खण्डों में मौके पर परिसम्पत्तियां पाई गयी है उनकी ग्रामवार सूची उपलब्ध कराया जाय।

प्रकाश व दरवाजे की व्यवस्था न होने से हो रहे हमले

कांग्रेस ने भेड़िया प्रभावित गांवों के लोगों की समस्या को लेकर दिया ज्ञापन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

महसी तहसील क्षेत्र के भेड़िया प्रभावित गांवों में उत्पन्न समस्या को लेकर कांग्रेस टीम ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। सभी ने समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्र ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया। उनका कहना है कि महसी क्षेत्र में नरभक्षी भेड़ियों के आतंक से प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामवासियों के बचाव हेतु सुविधा उपलब्ध कराया जाए। कहा कि विगत दिनों प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं प्रदेश महामंत्री बहराइच प्रभारी अरशद खुर्शीद, प्रदेश सचिव बलराम गुप्ता द्वारा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया था। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने मकान, लाईट, दरवाजे और शौचालय की समुचित व्यवस्था न होने के कारण घटना होना बताया। कुछ लोगो के द्वारा यह भी बताया गया कि शासन द्वारा मुझे कोई भी किसी तरह का लाभ मुझे नही दिया गया, पूछने पर प्रशासन द्वारा बताया कि यह घाव भेड़िया द्वारा नही दिया गया है। ऐसे में ग्रामीणों की समस्या को पूरा करने की मांग की। इस दौरान अरशद खुर्शीद महामंत्री, डॉ राजेश तिवारी, डॉ0 एएम सिद्दीकि, अली अबकर पप्पू, गीता सिंह, राणा शिवम् सिंह, आदर्श अग्रवाल मौजूद रहे।

गरीबों का राशन हजम कर रहे कोटेदार

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जिले में गरीब और असहाय परिवारों के लिए फ्री राशन वितरण प्रणाली के जरिए हर महीने राशन वितरण किया जाता है. लेकिन निशुल्क बांटने वाले इन राशन पर कोटेदारों की नजर कुछ इस कदर पड़ गई है कि वह गरीबों के मिलने वाले राशन को हड़प कर जाने की कार्य योजना के तहत लगातार उनसे अंगूठा लगवा कर राशन नहीं दे रहे हैं।

एक तरफ जहां प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के 80 करोड़ लोगों को राशन देने का काम रही है तो वहीं सरकार की योजनाओं पर पलीता लगाने का काम राशन कोटेदार कर रहे हैं. मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के रणगांव का है जहां सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने राशन को लेकर हंगामा कर दिया जिससे गांव में हड़कंप मच गया । ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार राशन देने में घटतौली करते हैं। गांव की महिलाओं ने बताया कि कोटेदार रवींद्र कुमार शर्मा कार्ड धारकों से अंगूठा लगवा लेते हैं और राशन नही देते हैं कुछ कहो तो दबंगई दिखाते हैं गाली गौलाज भी करते हैं जिसकी शिकायत हम सभी ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से की थी लेकिन अधिकारियों ने एक भी न सुनी और कोई भी कार्रवाई नहीं की गई ग्रामीणों की मांग है कि कोटा निरस्त किया जाए जिससे हम सभी लोगों को सही ढंग से राशन मिल सके। गांव में लगभग 450 कार्ड धारक हैं। जहां एक ओर प्रदेश की योगी सरकार गरीबों को मुफ्त राशन देने का कार्य कर रही है तो जमीनी स्तर पर बैठे कोटेदार अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। जिससे आज ग्रामीण एकत्रित होकर कोटेदार के प्रति नारेबाजी की जिसमें दिनेश सिंह, पंकज शर्मा ,जयप्रकाश, राजकुमारी, रामरती आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

- अंजान बने जिम्मेदार
- गरीबों का गेहूं-चावल हजम! कोटेदार के खिलाफ प्रदर्शन
- कोटेदार पर लगा अंगूठा लगवाने के बाद राशन न देने का आरोप

कोटेदार पर ग्रामीणों ने लगाया घटतौली का आरोप

ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ घटतौली का आरोप लागतें हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के मुताबिक कोटेदार राशन देने में घटतौली करता हैं, कार्ड धारकों का कहना है कि मानक के अनुरूप राशन का वितरण नहीं किया जाता है और कोटेदार 35 किलो की जगह 30 किलो ही राशन देता है। 20 किलो की जगह 18 किलो राशन देता है। घटतौली का विरोध करने पर कोटेदार मारपीट पर अमादा हो जाता है। कार्डधारकों का कहना है कि कोटेदार की मनमानी की शिकायत कई बार उच्चाधिकारियों से की गई है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई है। वही ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कोटा निरस्त करने की मांग की।

सियार के हमले से बच्ची व बुजुर्ग गंभीर रूप से जख्मी

शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

बहराइच में भेड़िए के आतंक के बीच रायबरेली जिले के शिवगढ़ क्षेत्र में सियार का आतंक फैला हुआ है जिससे लोगों में दहशत का माहौल है सियार के हमले से शिवगढ़ क्षेत्र के कई बच्चे व बूढ़े लोग जख्मी हो गए हैं जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ओसाह गांव में बीते कई दिनों से एक सियार ने आतंक मचा रखा है उसने गांव के कई बच्चे व बुजुर्गों पर भी हमला कर जख्मी कर दिया है लोग सियार के आतंक से परेशान हैं इतना ही नहीं लोगों के बीच सियार की इतनी दहशत है कि वह लाठी डंडे से लैस होकर गांव की रखवाली कर रहे हैं. आपको बताते चलें कि रविवार की देर रात एक बार फिर सियार ने ओसाह गांव के रहने वाले विनोद कुमार की 12 वर्षीय पुत्री साधना पर हमला कर जख्मी कर दिया जिसे लेकर बच्ची के परिजन सीएचसी शिवगढ़ पर इलाज के लिए आए हुए थे सियार के हमले से जख्मी बच्ची के पिता विनोद कुमार ने बताया कि बीते कई दिनों से गांव में सियार ने आतंक मचा रखा है जिसने कई बच्चे, बुजुर्गों एवं पशुओं को अपना निशाना बनाया है साथ ही उन्होंने बताया कि रविवार की देर शाम मेरी बच्ची घर के बाहर बैठी हुई थी तभी सियार ने उस पर हमला कर जख्मी कर दिया जिसके इलाज के लिए हम लोग सीएचसी शिवगढ़ आए हुए थे सीएचसी में मौजूद चिकित्सकों ने बच्ची का समुचित इलाज कर दिया है अब मेरी पुत्री की हालत ठीक है. वहीं बच्ची का इलाज करने वाले सीएचसी शिवगढ़ के ईएमओ डा प्रेम शरण ने बताया कि अब तक बच्ची समेत ओसाह गांव के ही कई अन्य लोग सियार के हमले से जख्मी होकर आए हुए थे जिनमे एक बुजुर्ग भी थे सभी का प्राथमिक उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया है

उधर इस मामले में क्षेत्रीय वन अधिकारी बछरावां नावेद सिद्दीकी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है वन कर्मियों की चार सदस्यीय टीम गठित कर ओसाह गांव भेजा गया है जल्द ही सियार को पकड़ लिया जाएगा।



- सियार को पकड़ने के लिए चार सदस्यीय टीम हुई गठित : नावेद सिद्दीकी

खबरें एक नजर में

हासिन पारा में रामलीला का भव्य आयोजन, सीता स्वयंवर के मंचन ने मोहा दर्शकों का मन

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। श्रद्धालुओं का गढ़ कहा जाने वाले गांव हासिन पारा मे गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर आयोजित राम लीला में क्षेत्रवासी हजारों की संख्या में पहुंचे। वहा बाहर से आए कलाकारों ने सीता स्वयंवर का ऐसा मंचन किया कि मानो त्रेता युग में अयोध्या में ही लोग बैठे निज आंखों से प्रभु के पावन लीला को देख रहे हो। रविवार शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना प्रारम्भ हों गया जो रात्रि 9बजे तक खचा खच भर गया। कलाकारों ने मंचन के माध्यम से पावन पुनीता माता सीता का स्वयंवर दिखाया। और उधर अयोध्या में चक्रवर्ती राजा दशरथ की तीनों रानिया वरदान मांगती है जिसमे एक वरदान मे कैकेई के द्वारा श्री राम को चौदह वर्ष का वनवास मांगा जाता है। श्री राम अपनें पिता श्री के पावन आदेश को शिरोधार्य करते हुए वन गमन के लिए प्रस्थान करते हैं, इधर राजा दशरथ पुत्रवत प्रेम वियोग में प्राण त्याग देते है। मंचन देखते श्रद्धालुओं के आंखों से भक्ति में डूबे हुए अश्रुधारा निकल पड़े। चहुओर से गगन चुम्बी जय घोष से ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो आज की रात त्रेता की रात बन गई है।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन संपन्न

रायबरेली, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी जय पाल वर्मा की अध्यक्षता में लाल ऋषि इंटर कॉलेज रायबरेली में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, मीना मंच के प्रभारी एस एस पांडे अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के विषय में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। उन्होंने समाज में शिक्षित महिलाओ व बालिकाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षित बेटा एक घर रोशन करता है, पर दो घरों की शान होती है शिक्षित बेटिया, बेटियों के लिए शिक्षा बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। इसके साथ ही बाल संरक्षण अधिकारी वीरेंद्र पाल के द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दे सखी वन स्टॉप सेंटर की परामर्श दाता श्रद्धा सिंह भदौरिया, केस वर्कर अर्चना सिन्हा, महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, वन स्टॉप सेंटर कार्यप्रणाली, चाइल्ड हेल्प लाइन कार्यप्रणाली आदि के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्य, अध्यापक और छात्र-छात्राओं इंटर कॉलेज एवं स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

नगर पंचायत की ईमानदारी की वजह से बढ़ रहा व्यापार और हो रहा विकास

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत में एक बार फिर साबित कर दिया की सच्चाई और ईमानदारी देखनी है तो आप नगर पंचायत महराजगंज में देख सकते हैं नगर पंचायत अध्यक्ष सरला साहू और प्रतिनिधि प्रभात साहू के रहते हुए किसी के साथ भी अन्याय नहीं हो सकता यह बात खुली बोली की दुकानों ने साबित कर दिया ।अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहा कि इसी तरह नगर पंचायत के सामने भी दुकान बनवाकर उनको नीलाम किया गया था तब भी काफी मात्रा में नगर पंचायत को मजबूत करते हुए लाखों रुपए आए थे और अबकी बार फिर दुकानों के नीलामी पूरी परिदृश्यता के साथ करवाई गई कि किसी भी व्यक्ति को कोई दिक्कत ना हो ।और व्यापारियों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े और उनको यह ना लगे की दुकान जो नीलम की जा रही हैं उनमें सेटिंग गेटिंग का खेल है इसलिए अधिकारियों के सामने खुली बोली करवा कर दुकानों को नीलम करवाया गया। हमारा प्रयास यही रहता है कि नगर में अधिक से अधिक व्यापार बड़े और अधिक से अधिक लोग रोजगार से जुड़े लगातार हम या प्रयास 20 वर्षों से करते चले आ रहे हैं और आगे भी निरंतर करते रहेंगे। समाज सेवा मुझको अपने पिता सत्यनारायण गुप्ता से सीखने को मिली है उन्हीं के पदचिन्हों पर आगे बढ़ते हुए आज महराजगंज में पूरी ईमानदारी के साथ कार्य किया जा रहा है। और ईमानदारी का ही नतीजा है कि जनता बार-बार मुझे मौका भी दे रही है।

यूपी में कानून व्यवस्था के नाम पर हो रहा खिलवाड़ : प्रियंका गांधी

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

गदागंज थाना क्षेत्र में हुई लूटकांड की घटना में पुलिस की सहायता करने वाले को ही आरोपी बनाकर जेल भेजने का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। इस मामले ने विपक्ष को सत्ता पर जुबानी हमला करने का मौका दे दिया है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने अपने फेसबुक हैंडल पर पोस्ट करके रायबरेली की पुलिसिंग व्यवस्था और उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है।

इससे जिले में पुलिस की किरकिरी हो रही है। गौरतलब है कि गदागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत जन सुविधा केंद्र संचालक से लूट हुई थी, जिसमें व्यापारी ने रास्ते में पड़ा बैग पुलिस को दे दिया। लेकिन पुलिस ने व्यापारी को ही आरोपी बनाकर जेल भेज दिया था।

स्थानीय लोगों ने विरोध किया तो अफसरों ने जांच का भरोसा दिलाकर शांत कराया। डलमऊ पुलिस की विवेचना के बाद व्यापारी दीपू को 12 दिन बाद जेल से रिहाई मिली। दीपू को रिहाई मिलना विपक्ष के लिए मुद्दा बन गया है।

सोमवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने अपने फेसबुक हैंडल पर पोस्ट करके योगी सरकार पर निशाना साधा है और कहा यूपी की कानून व्यवस्था खिलवाड़ बन चुकी है। यूपी में निर्दोष को प्रताड़ना और अपराधी को अभयदान दिया जा रहा है। दीपू ने अच्छे नागरिक का फर्ज अदा किया था, लेकिन पुलिस ने उसे ही जेल भेज दिया।

बाल वैज्ञानिक ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अलौकिक उपयोग को किया साझा

लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

शिक्षा के क्षेत्र मे अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर लालगंज रायबरेली में सोमवार को विद्यालय के होनहारों मे अपना नाम बाल वैज्ञानिक के रूप में दर्ज करा चुके नैतिक श्रीवास्तव ने स्कूल के विद्यार्थीयों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत चलाए जा रहे तकनीकी ज्ञान को साझा किया इन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,इंटरनेट ऑफ थिग्स,इंटरनेट कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के उपयोग व उसके महत्त्व को प्रर्दशित किया और साथ ही साथ महत्वपूर्ण टिप्स दिए। बाल बैज्ञानिक नैतिक श्रीवास्तव को ब्लाइंड पीपल्स के लिए बनाए गए चस्मे के मॉडल को लेकर राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। साथ ही जापान जैसे तकनीकी देश में इस प्रोजेक्ट को नैतिक श्रीवास्तव के द्वारा प्रदर्शित किया गया। विद्यालय के कक्षा -3 के छात्र अनग अग्रवाल ने इंग्लिश एस्पेलिंग बी प्रतियोगिता में संपूर्ण उत्तर प्रदेश में क्वालीफाई करके विद्यालय व अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने दोनो छात्रों को माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ दे कर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में बताया कि शिक्षा की शक्ति सर्वश्रेष्ठ है उन्होंने बच्चों को सदैव पढ़ाई के साथ-साथ को- करिकुलम प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करते रहना चाहिए जिससे मानसिक व शारीरिक दोनो का विकास हो सके। उक्त कार्यक्रम के अवसर विद्यालय के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

बिजली कटौती को लेकर व्यापारियों ने अधिशासी अभियंता को दिया ज्ञापन

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। बिजली कटौती को लेकर व्यापारियों ने अधिशासी अभियंता महराजगंज को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों ने बताया कि 24 घंटे बिजली देने का आदेश है परंतु एक माह से अंधाधुंध दिन रात बिजली कटौती की जा रही है जिससे व्यापारी बहुत परेशान रहते हैं व्यापारियों का व्यापार बाधित हो रहा है। एवं बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है रात में ठीक से न सोने के कारण स्वस्थ्य पर भी प्रभाव पड़ रहा है ।व्यापारियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से विद्युत में सुधार करने की मांग की । इस मौके पर महराजगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल संदीप वैश्य मोहित सोनी रहमान अली राम केवल अंजनी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने पुलिस लाइन परिसर में आवासीय निर्माणाधीन कार्य किया निरीक्षण

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड के अंतर्गत पुलिस लाइन परिसर में निर्माणाधीन आवासीय भवन का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने यहां पर चल रहे कार्यों की गुणवत्ता देखी और संबंधित को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और कार्य समय से पूरा कराया जाए।श कार्य मे जो भी सामग्री प्रयोग की जा रही है उसकी गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। इस दौरान कार्य करते समय जहां पर भी जल भराव की समस्या आ रही है उसे पहले से ही ठीक करा लिया जाए। यह आवासीय हॉस्टल 150 पुरुष पुलिस कर्मियों के लिए बनाया जा रहा है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

किसान यूनियन ने की बैठक, सौंपा ज्ञापन

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

डलमऊ तहसील परिसर मैं भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग की गई किसान यूनियन के पदाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी डलमऊ को संबोधित करते हुए तहसीलदार डलमऊ उमेश चंद्र को ज्ञापन सौंपा गया।

भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव मनोज कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में किसानों की फसल को बर्बाद करने वाले अन्ना जानवरों से निजात दिलाने के साथ तहसील क्षेत्र के नरेंद्रपुर गांव में अंबेडकर परिवर्तन पार्क की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को मुक्त कराए जाने बिजली की सायंकालीन कटौती बंद करने डलमऊ पंप कैनाल में पूरी क्षमता से पानी चलवाए जाने एवं प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही गंभीर समस्या के निराकरण के साथ डलमऊ तहसील में किसानों के लंबे समय से लंबित पड़े मुकदमो के निराकरण करने पर चर्चा की गई और कहा यदि समय रहते मांगे पूरी न हुई तो धरना प्रदर्शन करने पर बाध्य होंगे किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग करते हुए उप जिलाधिकारी डलमऊ को संबोधित करते हुए तहसीलदार डलमऊ उमेश चंद को ज्ञापन सौंपा गया इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार यादव ब्लॉक अध्यक्ष जयशंकर पांडे ब्लाक महासचिव शिव प्रकाश पटेल विवेक पटेल चंद्र माल सिंह प्रेम शंकर सुंदरलाल रामगोपाल आदि के साथ दर्जनों किस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आईजीआरएस के निस्तारण में उतरौला तहसील अव्वल

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। जन शिकायत के निस्तारण के लिए प्रदेश की रैंक में उतरौला तहसील को पहला स्थान मिलने पर कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई। तहसील प्रशासन ने राजस्व कर्मियों को बधाई दी। आमजन की शिकायत के लिए प्रदेश सरकार ने तहसील दिवस समेत मुख्यमंत्री पोर्टल के साथ आईजीआरएस के तहत शिकायत के लिए सरकार ने पोर्टल बनाया है। फरियादी पोर्टल पर अपनी शिकायतों को भेजते हैं और उनका निस्तारण कराने की मांग करते हैं। विभिन्न पोर्टल से एक माह में आई सभी जन शिकायत का तहसील प्रशासन ने गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करा दिया। तहसीलदार सत्यपाल ने बताया कि उतरौला तहसील एक माह में विभिन्न पोर्टल से शिकायत की रैकिंग में 90 में से 90 अंक प्राप्त किया है। सभी शिकायतों का तहसील प्रशासन ने गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करा दिया। शिकायत निस्तारण के लिए प्रदेश में तहसील को नंबर वन रैंक दी गई है। शिकायत निस्तारण में तहसील की पहली रैंक आने के बाद राजस्व कर्मियों को बधाई दी।

प्रेस ट्रस्ट ऑफ हिंदुस्तान मीडिया संगठन की बैठक सम्पन

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

रविवार को प्रेस ट्रस्ट ऑफ हिंदुस्तान मीडिया संगठन की सितम्बर माह की मासिक बैठक तहसील अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव व संरक्षक रूपक आनन्द श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सादुल्लानगर क्षेत्र के नेवादा मोड़ पर स्थित ब्राइट फ्यूचर एकेडमी प्रांगड़ में आहूत की गई।जहाँ पर संगठन से जुड़े तमाम पत्रकार साथीगण उपस्थित हुए। जहाँ पर संगठन में जुड़े नए सदस्य वरिष्ठ पत्रकार सुशील श्रीवास्तव,अनूप कुमार शुक्ल,शिवम सोनी,संजीश वर्मा व सूरज सोनी का माल्यापर्ण कर उन्हें संगठन की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम संगठन से जुड़े सभी सदस्यों से परिचय प्राप्त कर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी संगठन का मजबूत स्तम्भ है। हम लोगो को मिलकर संगठन को आगे ले जाना है और आने वाले समय में पूरे प्रदेश में इसका विस्तार करना है।और यह तभी सम्भव होगा जब हम लोग एकजुट होकर कार्य करेंगे। वही बैठक में मौजूद लोगों को वरिष्ठ पत्रकार सुशील श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया और पत्रकारिता से जुड़े अपने अनुभवों को लोगो के समक्ष सांझा किया। आहूत की जा रही बैठक में मंच का संचालन वरिष्ठ पत्रकार शाहिद हुसैन ने किया। इस दौरान बैठक में मौजूद लोगों के समक्ष महामंत्री अजय शर्मा (हैप्पी), राघवेन्द्र मिश्रा, अनुराग श्रीवास्तव (संजू), अनूप कुमार शुक्ल, तौकीर हुसैन, बसन्त राम मौर्या, विकाश गुप्ता ने भी अपने विचार सांझा किए। इस मौके हंशराज शर्मा, सुरेश कुमार गुप्ता,बीपी बौद्ध, आकाश गुप्ता, कृष्ण मुरारी, विलाल अहमद, मो0 सलमान, रामचन्द्र पाल, आदेश तिवारी, माजिद अली, विनय वर्मा, हमीदुल्ला, रमेश कुमार शर्मा समेत तमाम पत्रकार साथीगण मौजूद रहे।

डीएम के प्रस्तावित निरीक्षण को लेकर नगर पालिका में साफ-सफाई जोरो पर

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

उतरौला की आदर्श नगर पालिका परिषद का निरीक्षण 10 सितंबर, मंगलवार को बलरामपुर के जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा किया जाना है। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण को लेकर आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला कार्यालय में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। एक सप्ताह से चल रही साफ-सफाई, रंगाई-पुताई, और व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने के कार्य में आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के कर्मचारी जुटे हुए हैं।

आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला कार्यालय की दीवारों और अन्य संरचनाओं की रंगाई-पुताई के साथ-साथ कार्यालय के हर कोने में सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर एक आदर्श रूप में दिखे। नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी देर रात तक अपने-अपने विभागों और पटलों के कार्यों को व्यवस्थित करने में लगे हुए हैं, ताकि निरीक्षण के समय कोई खामी न मिले। कस्बे में इधर-उधर घूम रहे छुट्टा मवेशियों को पहले ही आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला प्रशासन द्वारा पकड़कर गौशाला में भेज दिया गया है। इस कदम से नगर में साफ-सफाई और सुव्यवस्था को बनाए रखने का प्रयास किया गया है। निरीक्षण के दौरान यह देखा जाएगा कि नगर में मवेशियों की समस्या का समाधान किस हद तक किया गया है और प्रशासन ने किस तरह से इसे नियंत्रण में रखा है। यह पहली बार है जब जिलाधिकारी पवन अग्रवाल आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के विभिन्न विभागों और पटलों का निरीक्षण करेंगे। इस वजह से आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के कर्मचारियों में भय और दबाव का माहौल बना हुआ है। कर्मचारी देर शाम तक अपने विभागों के रिकॉर्ड और कार्यों को व्यवस्थित करने में लगे हुए हैं, ताकि निरीक्षण के दौरान कोई त्रुटि न दिखाई दे। निरीक्षण से पहले अधिकारियों द्वारा सभी तैयारियों की देखरेख की जा रही है, जिसमें आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, दस्तावेजों की जांच, और नगर में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति शामिल है। जिलाधिकारी के आगमन को लेकर आदर्श नगर पालिका प्रशासन और कर्मचारियों ने हर प्रकार से तैयारियां पूरी कर ली हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निरीक्षण सफल और सकारात्मक रहे। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल का प्रस्तावित निरीक्षण आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस निरीक्षण से नगर पालिका प्रशासन के कार्यों का मूल्यांकन होगा और नगर में सफाई, विकास और प्रशासनिक कार्यों की स्थिति का जायजा लिया जाएगा। निरीक्षण के बाद आने वाले परिणाम आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के भविष्य की योजनाओं और कार्यशैली को निर्धारित करेंगे।

बाढ़ से तबाह हो रहे किसान, फसलें बनीं राप्ती नदी का निवाला, मुआवजे की मांग

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

विनाश कारी बाढ़ से हर वर्ष हजारों किसान बर्बाद हो रहे हैं। लहलहाती फसल राप्ती रूपी काल के गाल का निवाला बन जाती हैं, बेचारा किसान कर्ज से दबा पूरे परिजन को साथ लेकर 50 डिग्री तापमान में फ़सल लगने से लेकर कटने तक डटा रहता है किंतु जब फ़सल दैवीय आपदाओं की वज़ह से नष्ट हो जाती है तो किसान की आत्मा तक कांप उठती है। कोइ इनका सुध लेने वाला नही है। दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी भर गया, गाँव टापू बन गए किंतु कोई समाज सेवी संस्था या जनप्रतिनिधि उनका हाल जानने भीं नही आया ऐ दर्द बभनी बुर्जुग, तिलखी बढ़या, देवारिया अर्जुन, मटियारियां कर्मा, जैसे कई गावों के लोगो का है। बाढ़ प्रभावित गांव के लोगों के स्थित की जानकारी लेने संदीप कुमार बर्मा ज़िला अध्यक्ष भाजपा (युवा मोर्चा) पहुंचे तो अधिकतर किसान भावुक हो गए। तिलखी बढ़या के सीता राम, शिव सागर ने बताया कि जैसे डुबते को तिनके का सहारा बनकर आए नेता जी। ग्राम वासियों और क्षेत्रवासियों की पीड़ा को साझा करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर को ज्ञापन देकर मटियारियाँ कर्मा, पाला पूर, मिलौली बाघाजोत, केवटली, तिलखी बढ़या, मोहनजोत, के किसानों को बाढ़ में गल चुके फसलों के लिए मुवाबजा दिलाए जाने की मांग की है।

आंगनवाड़ी केंद्रों के सृजन की कमी से कुपोषण से जूझ रहे बच्चे व परिवार

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला में आंगनवाड़ी केन्द्र सृजित न किए जाने से नगर वासियों के बच्चों व परिवार के लोगों को कुपोषण की बीमारी से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने निदेशक बाल विकास सेवा व पुष्टाहार लखनऊ को बीते सितंबर माह में शासकीय पत्र लिखकर नपाप उतरौला क्षेत्र में 35 आंगनवाड़ी केन्द्र सृजित करने की मांग की थी। उसके साथ विधायक राम प्रताप वर्मा ने शासन को पत्र लिखकर उतरौला नगर में आंगनवाड़ी केन्द्र खोलने की मांग की थी। उसके बाद भी आज तक नपाप उतरौला क्षेत्र में एक भी आंगनवाड़ी केन्द्र नहीं खुल सके। इससे नगर क्षेत्र के बच्चों व परिवार के लोगों को कुपोषण बीमारी से मुक्ति नहीं मिल सकी है।

शासन की मंशा के अनुरूप नगर पालिका परिषद उतरौला में 35 आंगनवाड़ी केन्द्र बाल विकास परियोजना विभाग को खोला जाना था। लेकिन सरकार ने उतरौला नगर में एक भी आंगनवाड़ी केन्द्र नहीं खोला। उतरौला नगर में आंगनवाड़ी केन्द्र न खुलने से नगर के कुपोषित बच्चों व परिवार के लोगों का सर्वे नहीं हो सका। नगर में आंगनवाड़ी केन्द्र के सृजन को लेकर बाल विकास परियोजना अधिकारी उतरौला सत्येन्द्र सिंह ने बीते 9 सितंबर 22 को जिला कार्यक्रम अधिकारी बलरामपुर को पत्र लिखकर केंद्र का सृजन कराए जाने की मांग की थी। उसके साथ विधायक राम प्रताप वर्मा के पत्र का हवाला भी दिया गया था। बाल विकास परियोजना अधिकारी उतरौला के पत्र निदेशक बाल विकास परियोजना एवं पुष्टाहार लखनऊ को 6 सितंबर 22 को पत्र लिखकर अवगत कराया कि नपाप उतरौला में आंगनवाड़ी केन्द्र न होने से नगर के लोगों को विभागीय योजनाओं व स्वास्थ्य एवं पोषण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विधायक राम प्रताप वर्मा ने उतरौला नगर में आंगनवाड़ी केन्द्र की स्थापना की मांग की है। अधिशासी अधिकारी नपाप उतरौला के अनुसार नगर की 2011 की जनगणना के अनुसार 35 आंगनवाड़ी केन्द्र सृजित किया जा सकता है। इसे सृजित करने की कार्रवाई की जावे। जिला कार्यक्रम अधिकारी के पत्र के लगभग दस माह बीतने के बाद भी नगर में आंगनवाड़ी केन्द्र का सृजन नहीं हो सका है।

आंगनवाड़ी केन्द्र का सृजन न होने से नगर के कुपोषित बच्चों व परिवार के लोगों का विभाग सर्वे नहीं करा पा रहा है वहीं इस विभाग में केंद्र का सृजन न होने से इसके पदों पर सैकड़ों लोगों की भर्ती नहीं हो पा रही है।नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चन्द गुप्ता ने कहा कि इस संबध में उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है आशा है कि जल्द ही सफलता मिलेगी।

जीवन का वरण करें

गिरीश्वर मिश्र

वैसे तो आत्महत्या जैसी घटनाओं का विभिन्न संस्कृतियों में लम्बा इतिहास है, फिर भी समकालीन समाज में जिस तेज़ी से ये लगातार बढ़ रही है वह पूरे विश्व के लिए चिंता का बड़ा कारण हो रहा है। आत्महत्या की दिशा में आगे बढ़ना और उसे अंजाम देना बड़ा जटिल व्यवहार है। यह आर्थिक, पारिवारिक, धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन में आ रहे तीव्र परिवर्तन के दबावों से जुड़ा हुआ है। भारत के संदर्भ में आधुनिकीकरण, धर्म की जगह सेकुलर दृष्टि को तरजीह और संयुक्त परिवार का नष्ट होना कुछ ऐसी घटनाएँ हैं जो हमारी सोच को उलट-पलट रहे हैं और व्यक्तिगत स्तर पर व्यवहार को नियंत्रित संयोजित करने की प्रक्रिया को कमजोर कर रहे हैं। औद्योगीकरण तथा नगरीकरण आदि ने समाज में विद्यमान एकीकरण या जोड़ने की क्षमता को लगातार कम किया है। अब व्यक्तिगत स्वातंत्र्य को बढ़ावा देते हुए व्यक्ति की निजी इच्छाओं को अधिक महत्व दिया जा रहा है। समाज द्वारा नियमन और निगरानी अनावश्यक दख़ल मानी जा रही है। इन सबके बीच आदमी की बुद्धि, भावना और सामाजिकता सबके बीच संतुलन बिगड़ता जा रहा है। लोगों के आपसी रिश्ते बेतरतीब हो रहे हैं। सामाजिक-आर्थिक संरचना में बदलाव और बढ़ती महत्वाकांक्षाओं के साथ लोग क़र्ज़, शेयर बाज़ार में गिरावट और गलाकाट व्यावसायिक प्रतिद्वंदिता जैसी मुश्किलों में उलझते जा रहे हैं।

व्यक्तिगत स्तर पर नकारात्मक जीवन की घटनाएँ आदमी में विषाद, निराशा और खुद के बारे में नकारात्मक सोच को बढ़ावा दे रही हैं। इन सबके बीच आदमी सारे कष्टों से मुक्ति के उपाय के रूप आत्महत्या के विचार की ओर आकृष्ट होता है। वह खुद अपने आप से और अपनी दुनिया से पलायन करने को उद्यत होता है। बढ़ते भावनात्मक तनाव के बीच मृत्यु का आकर्षण तीव्र हो उठता है। भावनात्मक कठिनाइयों से लड़ते हुए आदमी का आत्म-नियंत्रण टूटने लगता है। अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षणों से पता चलता है कि कुछ देशों में आयु के साथ आत्महत्या की घटनाएँ बढ़ रही हैं तो कुछ देशों में मध्य आयु वर्ग में इसकी प्रवृत्ति सर्वाधिक है तो कुछ में किशोरवय में यह अधिक है। आज आत्मघात करने की मानसिक अवस्था वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य की एक प्रमुख समस्या का रूप ले रही है। एक अनुमान के अनुसार विश्व में होने वाले आत्महत्या के कुल मामलों के 78 प्रतिशत निम्न और मध्यम आय वाले देशों से आते हैं। मनुष्यों की मृत्यु के कारणों में पंद्रहवाँ आत्महत्या का है। पूरे विश्व में लगभग सात लाख से अधिक लोगों की मृत्यु आत्महत्या के कारण होती है।

आत्महत्या किसी समस्या का हल नहीं

योगेश कुमार गोयल

दुनियाभर में तेजी से बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए प्रतिवर्ष 10 सितम्बर को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस' मनाया जाता है।

इस दिवस की शुरुआत 'इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन' (आईएएसपी) द्वारा 2003 में की गई थी। इन दिन पीले रंग के रिबन को प्रतीक के रूप में पहना जाता है, जिसका यह संदेश है कि आत्महत्या की रोकथाम के बारे में जन जागरुकता से लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस दिवस का उद्देश्य आत्महत्या की मनोवृत्ति पर शोध करना, जागरुकता फैलाना और डेटा एकत्रित करना है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं। जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है।

प्रतिवर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की थीम निर्धारित की जाती है। आत्महत्या रोकथाम दिवस की 2024 की थीम है 'आत्महत्या पर कहानी बदलना।' इस थीम का उद्देश्य आत्महत्याओं को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। दुनियाभर के साथ-साथ भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने वर्ष 2022 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर जारी रिपोर्ट में बताया था कि वर्ष 2022 में भारत में कुल 170924 लोगों ने आत्महत्या की जबकि 2021 में भारत में 164033 लोगों ने आत्महत्या की थी।

एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आज छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को करिअर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं।

जब कोई व्यक्ति ज्यादा बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है तो एकाएक अवसाद में चला जाता है। इसी अवसाद के कारण ऐसे कुछ लोग आत्महत्या कर लेते हैं, जिसका उनके परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बहुत नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषज्ञों के मुताबिक अवसाद और तनाव के कारण ही लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है। जिन लोगों का मनोबल मजबूत होता है, वे प्रायः विकट परिस्थितियों से उबर जाते हैं लेकिन अवसाद के शिकार कुछ लोग विषम परिस्थितियों से लड़ने के बजाय हालात के समक्ष घुटने टेक स्वयं को मौत के हवाले कर देते हैं। मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या के पीछे अधिकांशतः अवसाद को जिम्मेदार ठहराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण भी है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुताबिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल या कठिन परिस्थितियों से बाहर नहीं निकल पाता। मनुष्य जीवन को संसार में सबसे अनमोल माना गया है क्योंकि हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। बहरहाल, यदि कभी जरूरत से ज्यादा तनाव अथवा किसी मानसिक बीमारी का अहसास हो तो तुरंत किसी मनोचिकित्सक से मिलकर अपनी परेशानियों के बारे में खुल कर बात करें। केन्द्र सरकार द्वारा अगस्त 2020 में मेंटल हेल्थ रिहैबिलिटेशन हेल्पलाइन (किरण हेल्पलाइन) नंबर भी जारी किया गया था, जिस पर कॉल करके ऐसी स्थिति में मदद या काउंसलिंग मांगी जा सकती है।

कई सुसाइड हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग आत्महत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किया जा सकता है। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाकर आत्महत्या जैसे मामलों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति के मन में आत्महत्या का विचार आए नहीं, ऐसा वातावरण तैयार करना परिवार के साथ-साथ समाज की भी बड़ी जिम्मेदारी है।

एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आज छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को करिअर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं। जब कोई व्यक्ति ज्यादा बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है तो एकाएक अवसाद में चला जाता है। इसी अवसाद के कारण ऐसे कुछ लोग आत्महत्या कर लेते हैं, जिसका उनके परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बहुत नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषज्ञों के मुताबिक अवसाद और तनाव के कारण ही लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है। जिन लोगों का मनोबल मजबूत होता है, वे प्रायः विकट परिस्थितियों से उबर जाते हैं लेकिन अवसाद के शिकार कुछ लोग विषम परिस्थितियों से लड़ने के बजाय हालात के समक्ष घुटने टेक स्वयं को मौत के हवाले कर देते हैं। मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या के पीछे अधिकांशतः अवसाद को जिम्मेदार ठहराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण भी है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

विचार

सिनेमा का असहनीय सच

प्रेरणा

रिपोर्ट ने यह भी कहा कि इंडस्ट्री में सब एक जैसे नहीं हैं। कुछ अच्छे लोग भी हैं, भले गिनती के हों। मशहूर कलाकारों- टेक्नीशियनों तथा अन्य लोगों की बड़ी संख्या है जो खुले आम महिलाओं का शोषण करते हैं, उस पर गर्व भी करते हैं और उसे मर्दानगी समझते हैं। कुछ पुरुषों ने यह कहकर बात को हल्का करने की कोशिश की कि ऐसी घटनाएं केवल फिल्म जगत में नहीं होतीं, बल्कि समाज के लगभग सभी व्यवसायों में होती हैं। महिलाओं ने बताया कि यहां सिनेमा जगत में उनके सामने पहली शर्त यही रखी जाती कि क्या वे हर तरह का समझौता करने को तैयार हैं।

आसमान में सितारे जगमगा रहे हैं और चांद अपनी सोलह कलाएं बिखेर रहा है, पर नजदीक जाते ही पता चलता है कि न सितारों के पास अपनी रौशनी है, न ही चांद ऐसा खूबसूरत है! यह किसी साहित्यकार की पंक्ति होती तो हम ऐसी अभिव्यक्ति पर मुग्ध होतेय लेकिन यह पंक्ति लिखी है, जस्टिस के. हेमा ने। जस्टिस हेमा के नेतृत्व में केरल सरकार ने मलियाली फिल्म-जगत में फैली गंदगी की जांच के लिए एक आयोग गठित किया था। कहानी फरवरी 2017 से शुरू होती है।

खबर आई थी कि केरल की एक जानी-मानी हीरोईन की कार कुछ गुंडों ने अगवा की, उनके साथ छेड़छाड़ की और उसका वीडिओ भी बनाया। खबर फैली तो हंगामा मचा। इससे आहत मलियाली फिल्म जगत की चंद महिला कलाकारों ने, मई 2017 में श्विमेन इन सिनेमा कलेक्टिवश् (डब्ल्यूसीसी) नामक एक संगठन बनाया जिसने केरल सरकार पर दबाव बनाया कि वह मलयाली सिनेमा उद्योग में हो रहे महिलाओं के शोषण की जांच करके उपयुक्त कार्रवाई करे। नतीजे में राज्य सरकार ने केरल हाईकोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस के. हेमा के नेतृत्व में तीन सदस्यों की समिति बनाई। इस समिति में जस्टिस हेमा के अलावा मलयालम फिल्मों की ख्यात अभिनेत्री शारदा और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी केबी वलसाला कुमारी शामिल थीं। समिति ने सारे मामले की जांच की और 2019 में सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। तब से सरकारी अनिर्णय में दबी यह रिपोर्ट तब जाकर सार्वजनिक हुई जब श्सूचना के अधिकार कानून (आरटीआई) के तहत राज्य के सूचना आयुक्त ने सरकार को रिपोर्ट सार्वजनिक करने का आदेश दिया। सरकार के कहने पर सूचना आयुक्त ने समाज के हित में अब भी इसके कई हिस्सों, खासकर नामों को सार्वजनिक नहीं करने के निर्देश दिए हैं। 19 अगस्त 2024 को उजागर हुई इस रिपोर्ट ने केरल में जलजला ला दिया है। रोज ही नई-नई महिलाएं, अपने साथ हुए यौनिक अन्याय की बात लेकर सामने आ रही हैं और मलियाली फिल्म जगत की बड़ी-बड़ी हस्तियाँ मुंह छिपाती, त्यागपत्र देती नजर आ रही हैं।अपने दो साल के कार्यकाल में हेमा समिति ने केरल के फिल्म-उद्योग की गहराई से छानबीन की। शुरू में कलाकार समिति के सामने आकर बातें नहीं बता रहे थे इसलिए पूरी जांच को गोपनीय रखा गया। समिति ने अपने ध्येय के बारे में लिखा यह समिति मलियाली सिनेमा उद्योग में लैंगिक शोषण और सुरक्षा के उपायों की जांच के लिए बनी है, न कि अपराधियों के नाम उजागर करने के लिए। रिपोर्ट ने यह भी कहा कि इंडस्ट्री में सब एक जैसे नहीं हैं। कुछ अच्छे लोग भी हैं, भले गिनती के हों। मशहूर कलाकारों-टेक्नीशियनों तथा अन्य लोगों की बड़ी संख्या है जो खुले आम महिलाओं का शोषण करते हैं, उस पर गर्व भी करते हैं और उसे मर्दानगी समझते हैं। कुछ पुरुषों ने यह कहकर बात को हल्का करने की कोशिश की कि ऐसी घटनाएं केवल फिल्म जगत में नहीं होतीं, बल्कि समाज के लगभग सभी व्यवसायों में होती हैं। महिलाओं ने बताया कि यहां सिनेमा जगत में उनके सामने पहली शर्त यही रखी जाती कि क्या वे हर तरह का समझौता करने को तैयार हैं। ऐसी शर्त किसी दूसरे व्यवसाय में नहीं रखी जाती है। फिल्मी दुनिया में यह धारणा भी बनी हुई है कि पैसे और ग्लैमर के लिए जो लड़कियां इस क्षेत्र में आती हैं, वे किसी भी तरह का समझौता कर सकती हैं। इस सोच के कारण यौन संबंधों की मांग, उसकी अपेक्षा रखने में किसी को कोई हिचक या संकोच नहीं होता है। आउटडोर शूटिंग संकट का दूसरा रूप लेकर आता है। लड़कियों के होटल के दरवाजे शराब में धुत्त लोग जोर-जोर से ठोकते हैं - इस तरह कि दरवाजा तोड़कर वे भीतर ही आ जाएंगे। श्हमें अगली सुबह उन्हीं पुरुषों के साथ ऐसे काम करना पड़ता है, जैसे रात में कुछ हुआ ही न हो! कई बार तो उसी हीरो के साथ हमें अंतरंग सीन भी करने पड़ते हैं जिसने रात में हमारे साथ वहशीपना किया था और ऐसे में यदि हमारा सही भाव न आए तो उसी दृश्य का बार-बार रिटेक होता है और निर्देशक की डांट अलग पडती है आम लोग बड़ी आसानी से पूछ लेते हैं कि आप पुलिस के पास क्यों नहीं गईं? यही लोग तब एकदम अलग रवैया अपनाते हैं जब उनके घर की महिला पर अत्याचार हुआ हो। समिति ने लिखा है कि श्शिशाखा गाइड लाइनश् का वर्तमान स्वरूप फिल्मी दुनिया के लिए अपर्याप्त है। सरकार को इसकी कोई नई, स्वतंत्र व्यवस्था खड़ी करनी होगी। हेमा कमिटी न केवल मलयाली फिल्म जगत के पुरुषों के लिए, बल्कि सारे व्यवसायों के पुरुषों के लिए फिर से एक मौका बनाती है कि वे अपनी बीमार मानसिकता से बाहर निकलें। पुरुषों को अपनी आंतरिक गंदगी साफ करनी चाहिए। महिलाओं का यौन शोषण एक बीमार मानसिकता है, उसका हर किसी को विरोध करना चाहिए। ऐसा नहीं करने का ही परिणाम है कि यह खतरा हमारे दरवाजे पर आ खड़ा हुआ है। कोलकाता में महिला डॉक्टर का रेप और हत्या तथा स्कूलों में हमारे बच्चों के यौन शोषण को हम भूलेंगे तो भूल करेंगे।महिलाएं जागरूक हो रही हैं, वे अब बलात्कार के लिए खुद को दोषी नहीं मानतीं।

राहुल की अमेरिकी यात्रा के सम्भावित फलितार्थ

राहुल गांधी बतौर नेता प्रतिपक्ष अमेरिका दौरे पर हैं। वहां के कुछ भारतीयों के संगठनों ने उन्हें बुलाया है। ओवरसीज इंडियन कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा इस आयोजन के केन्द्र में हैं। राहुल की पिछली विदेश यात्राओं की ही तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी को इस यात्रा से भी दिक्कतें होंगी। खासकर इसलिये कि राहुल दो महत्वपूर्ण परिघटनाओं की पार्श्वभूमि में अमेरिका जा रहे हैं। दूसरे, स्वयं मोदी इसी देश की यात्रा करने वाले हैं।

कहें तो राहुल व मोदी दोनों ही अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के पहले उस देश में जा रहे हैं। मोदी के लिये इस बार की अमेरिकी यात्रा कठिन होने जा रही है। वह इस लिहाज से कि रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लोकप्रियता के मामले में डोमोक्रेटिक पार्टी की तथा भारत से जिनके अनुवांशिकी नाते हैं- कमला हैरिस से बहुत नीचे हैं। उनका राष्ट्रपति बनना तय माना जा रहा है। पिछली बार ट्रम्प को चुनाव में सीधे समर्थन का ऐलान कर मोदी ने अपनी फजीहत तो कराई ही थी, डेमोक्रेट्स के मन में वह बात अभी भी चुभी हुई है। इतना ही नहीं, देश में भी मोदी कमजोर हुए हैं- इसका भी एहसास वहां के भारतीय समुदाय को है। राहुल की लोकप्रियता दुनिया भर में बढ़ी है। राहुल जिस दिन अमेरिका पहुंचे वह उनकी भारत में निकाली गयी भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी वर्षगांठ थी। इस यात्रा से देश के साथ विदेश में भी भारत, खासकर राहुल व मोदी दोनों के प्रति वैचारिक बदलाव आया है। अब राहुल अमेरिका में हैं, तो उसके बारे में पित्रौदा का कहना है कि श्जब से वे लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता बने हैं, उनसे मिलने, सुनने और बात करने की बड़ी इच्छा अमेरिका के लोगों ने दिखलाई है। खासकर वहां रहने वाले भारतीय मूल के अमेरिकी लोगों ने इसे लेकर बड़ा आग्रह किया था।श् निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, जब स्थानीय समय के अनुसार राहुल टेक्सास के डलास पहुंचे तो उनका बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया गया। गुलाब की पंखुड़ियां बिखेरी गयीं और उनकी आरती उतारी गयी। डलास के अलावा वाशिंगटन डीसी में भी उनके लोगों से संवाद के कार्यक्रम हैं। राहुल ने अपनी यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच सम्बन्धों को मजबूत करना बताया है। बात यहीं तक होती तो न मोदी को परेशानी थी और न ही भारतीय जनता को। राहुल की पिछली दो विदेश यात्राएं- अमेरिका और ग्रेट ब्रिटेन की, मोदी को परेशान कर चुकी थी। भारत में तानाशाही के बढ़ते खतरों के बारे में उन्होंने लोगों को आगाह किया था तथा पश्चिम जगत को अवगत भी कराया। इसे लेकर भाजपा के आईटी सेल ने काफी हाय-तौबा मचाई थी और यह कहकर राहुल की आलोचना की थी कि वे विदेश में भारत की छवि को खराब कर आये हैं। हालांकि लोगों पर इसका कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा था। राहुल की पहली दोनों यात्राओं ने यह संदेश दिया था कि राहुल की जो छवि भाजपा तथा उसके संगठनों ने बनाई थी, लोगों ने इसके विपरीत उन्हें अत्यंत परिपक्व और समझदार नेता बताया था। खुद पित्रौदा ने कहा है कि राहुल अपने पिता से कहीं अधिक समझदार नेता है। इसका कारण यह हो सकता है कि राजीव को कमान उनकी मां इंदिरा गांधी की बनाई जमीन पर मिली थी जबकि राहुल पिछले दस वर्ष से अधिक समय से मोदी का मुकाबला विषम परिस्थितियों में कर रहे हैं। उन पर लोगों ने अब यह आरोप लगाना भी छोड़ दिया है कि वे यह सब पीएम बनने के लिये कर रहे हैं। लोगों को अब भी याद है कि 2004 में वे मंत्री बन सकते थे और 2009 में तो उनके पास प्रधानमंत्री बनने का तक अवसर था। इसलिये अब आईटी सेल का यह अस्त्र भोंथरा हो गया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने का उनका सफर कठिन रहा है। तमाम तरह के भीतरघातों एवं विरोधी दलों के विषैले प्रचार के बीच उन्होंने सकारात्मक राजनीति की मशाल जलाये रखी। उनका मखौल उड़ाया गया लेकिन नफरत के बाजार में मुहब्बत की दूकान ने लोगों को आकर्षित ही किया। राहुल को इस अमेरिका दौरे में कैपिटल हिल पर कई लोगों से निजी संवाद का मौका मिलेगा। इस दौरान वे राष्ट्रीय प्रेस क्लब के सदस्यों से भी बातचीत करेंगे।

राशिफल

मेषः- राशि के लोगों के लिए करियर में लाभ का दिन है और ऑफिस में आपको कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। आपकी रुचि रचनात्मक कार्यों में बढ़ेगी।

वृषः- राशि के लोगों का दिन सफलता से भरा होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके भाग्य पर ग्रहों की शुभ दृष्टि है और आपको सांसारिक सुख भोग के साधनों की प्राप्ति होगी।

मिथुनः- राशि के लोगों का दिन शुभ है और आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आपके सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

कर्कः- राशि वालों का भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। आपको बहुत दिन से रुके धन की प्राप्ति होगी और नई योजनाओं का आरंभ हो सकता है।

सिंहः-राशि के लोगों के लिए करियर में सफलता का दिन है और जरूरी है कि आप अपने लोगों की भावनाओं को पहचानें और उनके अनुसार चलने का प्रयास करें।

कन्याः- राशि के लोगों के लिए दिन लाभ से भरा होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। निर्मूल विवाद से दूर रहें और अपने काम पर फोकस करें।

तुलाः- राशि के लोगों का दिन आनंद में बीतेगा और योजनाएं सफल होंगी। अकस्मात आपके कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा उलटफेर हो सकता है। नए कार्य में वैधानिक और तकनीकि पहलुओं पर गंभीरता से विचार करें।

वृश्चिकः- राशि के लोगों के लिए लाभ का दिन है और आपका दिन खुशी में बीतेगा। सोचे गए कार्य पूर्ण होने से आपको लाभ होगा।

धनुः- राशि के लोगों के लिए दिन मिश्रित फलकारक है। आप अपनी पुरानी देनदारियों से मुक्त हो सकते हैं और आपका कर्ज निपट सकता है।

मकरः- राशि के लोगों के लिए दिन धन संपत्ति से भरा होगा और कारोबार में भाग्य आपका साथ देगा। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

कुंभः- राशि के लोगों के लिए धन लाभ का दिन है और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। राजनितिक क्षेत्र में दिन सफलताकारक है, सक्रिय राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है।

मीनः- राशि के लोगों का दिन लाभ से भरा होगा और आप जो भी कार्य करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। चन्द्रमा भी आपके लिए शुभ दशा बना रहा है। घर में उत्तम संपत्ति प्रदान होने के योग हैं।

पंजाब और हरियाणा में गहराता जल संकट

डॉ. सत्यवान सौरभ

पंजाब की 2024 की योजना, धान को छोड़कर वैकल्पिक फसलों को उगाने के लिए 17,500 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन की पेशकश करती है, जिसका उद्देश्य विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए धान से अन्य संधारणीय फसलों पर सब्सिडी को पुनर्निर्देशित करना आवश्यक है। डायरेक्ट सीडिंग ऑफ राइस और सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों जैसी प्रथाओं को बढ़ावा देने से पैदावार को बनाए रखते हुए जल संरक्षण में मदद मिल सकती है। एमएसपी और खरीद कार्यक्रमों के माध्यम से दालों और तिलहन जैसी फसलों के लिए बाजार आश्वासन सुनिश्चित करने से किसानों के धान के अलावा अन्य फसलों को उगाने का डर, कम हो सकता है। भारतीय खाद्य निगम ने वर्ष 2023 में पंजाब का 92.5त्न चावल खरीदा, इसी तरह के तंत्र वैकल्पिक फसलों को उगाने की प्रथा को बढ़ावा दे सकते हैं। फसल विविधीकरण और जल-बचत प्रथाओं के लाभों के संबंध में किसानों को शिक्षित करने से दीर्घकालिक परिवर्तन को बढ़ावा मिल सकता है।

पंजाब और हरियाणा में धान की खेती भारत की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, परंतु जल पर अत्यधिक निर्भरता के कारण यह असंधारणीय होती जा रही है। धान की खेती के कारण भूजल का अत्यधिक दोहन होने से इस क्षेत्र में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है। हरियाणा में 88 जल इकाइयों को अत्यधिक दोहन वाली श्रेणी में रखा गया है। इस समस्या से निपटने के लिए कृषि और जल संसाधन दोनों की सुरक्षा के लिए तत्काल सुधार की आवश्यकता है।

भूजल का अत्यधिक दोहन पंजाब और हरियाणा में धान की खेती के लिए अत्यधिक सिंचाई की आवश्यकता होती है, जिससे भूजल स्तर में भारी कमी आई है। केंद्रीय भूजल बोर्ड के 2023 में किए गए अध्ययन में पाया गया कि धान की खेती के लिए अत्यधिक जल दोहन के कारण पंजाब के 87त्न ब्लॉकों का अति दोहन किया गया। धान की खेती में प्रति किलो चावल के लिए लगभग 4,000-5,000 लीटर जल की खपत होती है, जिससे क्षेत्र के जल संसाधनों पर बहुत ज़्यादा दबाव पड़ता है। इसकी तुलना में बाजरे को प्रति किलो केवल 500 लीटर जल की आवश्यकता होती है, जो जल की आवश्यकताओं में भारी अंतर और धान की खेती की असंधारणीय प्रकृति को दर्शाता है। ट्यूबवेल के लिए दी जाने वाली मुफ़्त बिजली ने भूजल के अनियंत्रित दोहन को बढ़ावा दिया है, जिससे यह संकट और भी बढ़ गया है।

पंजाब के किसानों को वर्ष 2023-24 में बिजली, नहर के पानी और उर्वरक के लिए 38,973 रुपये प्रति हेक्टेयर की सब्सिडी मिली, जिससे भूजल का निरंतर रूप से अतिदोहन हो रहा है। धान की खेती के कारण बढ़ता जल तनाव, जलवायु परिवर्तन के कारण और भी अधिक हो गया है, अनियमित वर्षा के कारण जलभृतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब और हरियाणा के जल स्तर में तेजी से हो रही गिरावट से कृषि की दीर्घकालिक व्यवहार्यता को खतरा है। धान की खेती एकल फसल प्रणाली को बढ़ावा देती है, जिससे जैव विविधता कम होती है और मृदा के पोषक तत्व कम होते हैं, जिससे कृषि संधारणीयता में कमी आती है। अध्ययनों के अनुसार फसल चक्रण से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है परंतु धान की खेती ऐसी विविधता को हतोत्साहित करती है। जल की अधिक माँग के कारण रासायनिक उर्वरकों का उपयोग भी बढ़ जाता है, जिससे मृदा की गुणवत्ता और भी खराब हो जाती है तथा जल स्रोत प्रदूषित हो जाते हैं। बाढ़ सिंचाई, धान की खेती में प्रयुक्त होने वाली एक प्रमुख विधि है, जिससे वाष्पीकरण और अपवाह के माध्यम से जल की बहुत बर्बादी होती है।

निरंतर धान की खेती से मृदा लवणता बढ़ जाती है, जिससे कृषि भूमि की उत्पादकता कम हो जाती है और यह अन्य फसलों के लिए कम उपयुक्त हो जाती है। धान के खेत, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, विशेष रूप से मीथेन के उत्सर्जन में जो जलवायु परिवर्तन को बढ़ाता है और दीर्घकालिक कृषि व्यवहार्यता को प्रभावित करता है। धान की खेती प्रति हेक्टेयर 5 टन कार्बोडीऑक्सीडे समतुल्य हानिकारक गैस उत्पन्न करती है, जो इसे कृषि उत्सर्जन में एक प्रमुख योगदानकर्ता बनाती है। दालों, तिलहनों और बाजरा जैसी कम जल की खपत वाली फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने से जल का उपयोग काफी कम हो सकता है और संधारणीयता में सुधार हो सकता है। पंजाब की 2024 की योजना, धान को छोड़कर वैकल्पिक फसलों को उगाने के लिए 17,500 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन की पेशकश करती है, जिसका उद्देश्य विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए धान से अन्य संधारणीय फसलों पर सब्सिडी को पुनर्निर्देशित करना आवश्यक है। डायरेक्ट सीडिंग ऑफ राइस और सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों जैसी प्रथाओं को बढ़ावा देने से पैदावार को बनाए रखते हुए जल संरक्षण में मदद मिल सकती है। एमएसपी और खरीद कार्यक्रमों के माध्यम से दालों और तिलहन जैसी फसलों के लिए बाजार आश्वासन सुनिश्चित करने से किसानों के धान के अलावा अन्य फसलों को उगाने का डर, कम हो सकता है। भारतीय खाद्य निगम ने वर्ष 2023 में पंजाब का 92.5त्न चावल खरीदा, इसी तरह के तंत्र वैकल्पिक फसलों को उगाने की प्रथा को बढ़ावा दे सकते हैं। फसल विविधीकरण और जल-बचत प्रथाओं के लाभों के संबंध में किसानों को शिक्षित करने से दीर्घकालिक परिवर्तन को बढ़ावा मिल सकता है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वित प्रयास, पुनर्गठित सब्सिडी, जल-कुशल प्रथाओं और बाजार आश्वासन पर ध्यान केंद्रित करके, पंजाब और हरियाणा को सतत कृषि की ओर उन्मुख किया जा सकता है। इस तरह के सुधार कृषि उत्पादकता को पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलित करेंगे, क्षेत्र के जल संसाधनों को सुरक्षित करेंगे और इसके कृषक समुदायों के भविष्य को सुनिश्चित करेंगे।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

लोनिवि का जेई दस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

हमीरपुर जिले के स्थानीय लोनिवि परिसर में सोमबार को ठेकेदार द्वारा दस हजार रुपये रिश्वत लेते हुये एंटी करप्शन टीम बांदा ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्यवाही से कर्मियो में हडकंप मच गया है।

पुलिस के मुताबिक लोकनिर्माण विभाग खंड दो का अवर अभियंता (जेई) रमेश गुप्ता नगर पंचायत सुमेरपुर में संबद्ध था, सुमेरपुर निवासी ठेकेदार ने विकास कार्य कराने के बाद सिक्योरिटी निकालने के लिये ठेकेदार को कई महीनों से घुमा रहा था। ठेकेदार ने पुलिस को बताया कि उसने इस मामले की शिकायत 29 अगस्त को नगर पालिका सुमेरपुर के ईओ से की थी,तीन सितम्बर को नगर पंचायत का लिपिक सिक्योरिटी निकासी को लेकर जेई से रिपोर्ट मांगी थी। सिक्योरिटी निकलवाने को लेकर अवर अभियंता से बीस हजार रुपये मांगे थे। बगैर कमीशन लिये जेई सिक्योरिटी निकालने को तैयार नही था. ठेकेदार ने छह सितम्बर को इस मामले की शिकायत एंटी करप्शन टीम बांदा से की थी। टीम ने कमीशन खोर अवर अभियंता को दवोचने का ताना बाना बुना। ठेकेदार ने बताया कि जेई को दस हजार रुपये पहले देने की बात कही और वह मान गया। सोमवार को दो बजे टीम ने रुपये लेते जेगी रमेश गुप्ता को दबोच लिया और कोतवाली हमीरपुर में लिखापढ़ी कर जेई व ठेकेदार को अपने साथ बादा ले गयीहै। इस कार्यवाही से लोनिवि मेंहड़कंप मच गया है।

सिक्योरिटी के नाम पर हर ठेकेदार को किया जाता है परेशान, एमआई के हाल सबसे बदतर

ठेकेदारों की सिक्योरिटी वापस करने में हर कार्यदायी संस्था मे विवाद होता रहता है। नियमानुसार कोई काम संपन्न होने के बाद उसमे जो दस फीसदी सिक्योरिटी जमा करायी जाती है उसे विभाग के एक्शियन को अपने आप सिक्योरिटी वापस करने का शासनादेश है मगर जब तक ठेके दार से एक्शियन पैसा नही ले लेता है तब तक उसे सिक्योरिटी वापस नही करता है यही नही सबसे ज्यादा खराब स्थिति लघुसिचाई विभाग की बतायी जाती है यहा पर पांच साल व्यतीत जाने के बाद करीब आधा दर्जन ठेकेदारों की सिक्योरिटी वापस नही की गयी है।यदि जांच करा ली जाये तो हर कार्यदायी संस्था के एक्शियन सिक्योरिटी के नाम पर ठेकेदारों को प्रताड़ित करते है। लोगो का कहना है कि बहुत ही जल्द ही इसी प्रकार की पुनरावृत्ति लघु सिचाई विभाग में होने वाली है ठेकेदारों ने पूरा ताना बाना तैयार कर लिया है। केवल बाउन्ड्री के बाहर गेंद जाने का इंतजार किया जा रहा है।

नवनियुक्त लेखपालों के प्रशिक्षण का शुभारंभ

चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।

सोमवार को मंडलीय लेखपाल प्रशिक्षण केन्द्र चरखारी में लेखपाल भर्ती परीक्षा के आधार पर चयनित नवनियुक्त लेखपालों के एक वर्षीय प्रशिक्षण का उद्घाटन /शुभारंभ मंडलायुक्त चित्रकूट धाम बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी द्वारा किया गया, जिसमे मंडल के नवचयनित लेखपालों को प्रशिक्षण दिया जाना है। नवनियुक्त लेखपालों को उत्तर प्रदेश लेखपाल सेवा नियमावली -2006 के प्रावधानो में प्रशिक्षण दिया जाना है, जिसमे राजस्व परिषद के आदेशनुसार 6 माह का क्लासरूम और 6 माह का फील्ड का प्रशिक्षण देना है। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने राजस्व कार्यों के महत्व के संबंध में जानकारी दी और कहा कि आने वाला समय ऑनलाइन कार्य का है, इसलिए कम समय में स्मार्ट वर्क कैसे करें, इसके बारे में भी बताया ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत मंडलायुक्त नें विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंडलायुक्त के साथ जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वित्त/ राजस्व) रामप्रकाश, उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी महोबा जितेंद्र कुमार, तहसीलदार चरखारी/ प्रधानाचार्य विद्यालय पुष्पक, नायब तहसीलदार चरखारी/ उपप्रधानाचार्य विद्यालय पियूष साहू, नायब तहसीलदार चरखारी आलोक कुमार मिश्रा व नायब तहसीलदार कुलपहाड़ अभिषेक मिश्रा उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

महिला अधिवक्ता की हत्या के विरोध में महिला सुरक्षा फाउंडेशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

महोबा, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश के कासगंज में हुई महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या के विरोध में महिला सुरक्षा फाउंडेशन एवं चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा महिला अधिवक्ता के समर्थन में ज्ञापन दिया एवं हमलावरों को तत्काल पड़कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर सजा दिलाने की मांग करती है एवं महिलाओं तथा महिला अधिकताओं की सुरक्षा समेत 4 सूत्री मांगों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित पत्र उप जिलाधिकारी को सौपा है जिसमें 3 सितंबर को कासगंज जिले के बार एसोसिएशन की अधिवक्ता मोहनी तोमर को कचहरी परिसर से गायब करके रजपुरा नहर में हत्या करके फेंक दिया था इस घटना से आहत होकर हमारी संस्था महिला सुरक्षा फाउंडेशन अधिवक्ताओं की मांगों को प्रमुख रूप से महिला वकील के हत्या आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उन्हें सजा सुनाए जाने की मांग करती है एवं परिवारजनों को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की भी मांग करती है एवं भविष्य में अधिवक्ताओं के साथ इस तरह के अपराध न हो इसके लिए सरकार से सुरक्षा की मांग करती है इस दौरान महिला सुरक्षा फाउंडेशन की जिलाध्यक्ष श्रीमती परवीन एडवोकेट, अंजना नामदेव एवं सोनम चौरसिया सहित महिलाए उपस्थित रही ।

आधारशिला वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

महोबा, समृद्धि न्यूज। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) सिजहरी तथा राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर महोबा ने संयुक्त रूप से आज आधारशिला वृद्धाश्रम महोबा में वृद्धावस्था स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर /राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सिजहरी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. विकास कुमार द्वारा वृद्धाश्रम में उपस्थित सभी बृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श दिया गया तथा अनिल कुमार फार्मासिस्ट, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर महोबा के सहयोग से औषधियों का वितरण भृत्य राजेश कुमार तथा जितेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमित देवरिया भी उपस्थित रहे। योग वेलनेस सेंटर सिजहरी के योग प्रशिक्षक सचिन गुप्ता द्वारा रोगियों को आवश्यकतानुसार आसन प्राणायाम बताकर योगोपचार भी किया गया। चिकित्सा शिविर को सफल बनाने में वृद्धाश्रम मैनेजर देवेन्द्र शुक्ला तथा समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

बालिका का मिला शव

राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। दादी की अस्थियां विसर्जन करने के पिता व परिवार के साथ इछौरा गांव की वेतवा नदी में गई 11 वर्षीय बालिका का शव गांव से पांच किलोमीटर दूर 28 घंटे बाद उतराता मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बालिका की मौत की खबर सुनकर स्वजनों में मातम सा छा गया है। कोतवाली के सरसई गांव निवासी मैहरदीप पासवान रविवार को मां की अस्थियां विसर्जन करने के लिए बच्चों और परिवार सहित चिकासी थाने के इछौरा गांव किनारे बह रही बेतवा नदी गया था। अस्थियां विसर्जन के दौरान पानी के बहाव में उसकी 11 वर्षीय पुत्री नीशु और भाई श्रीचंद्र के पुत्र 18 वर्षीय अनुज व 12 वर्षीय सचिन बहने लगे थे। अनुज व सचिन को पानी में बहने से बचा लिया था। जबकि नीशु पानी में बह गई थी। ग्रामीणों व गोताखोरों ने कई घंटे बालिका की तलाश की। लेकिन बालिका का कुछ पता नहीं चला। पिता मैहरदीप ने बताया कि 28 घंटे के बाद गांव से पांच किलोमीटर दूर बैंदा गांव में उसकी पुत्री का शव उतराता मिला है। बताया कि वहां पर चारवाहों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। चिकासी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से एक की मौत

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। पनवाड़ी मार्ग स्थित बसेला सैदपुर के बीच ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे में ट्राली में सवार चाचा की मौत हो गई। जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
महोबकंठ थाने के दिदवारा गांव निवासी चमन ने बताया कि उसका बड़ा भाई 32 वर्षीय अमर सिंह पटेल पुत्र लक्ष्मण पारिवारिक भतीजा 21 वर्षीय प्रवेंद्र पुत्र हरी सिंह गांव के प्रताप सिंह का ट्रैक्टर भाड़े से लेकर राठ गेहूंए मटर गल्ला मंडी में बेचने आ रहे थे। तभी पनवाड़ी मार्ग स्थित बसेला सैदपुर गांव के बीच ट्रैक्टर की ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। वहां मौजूद राहगीरों ने आनन.फ़ानन में एंबुलेंस से सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उसके भाई अमर सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रवेंद्र की हालत गंभीर होने पर डॉ अखिलेश सिंह ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। मृतक के भाई ने बताया कि उसकी मां सोमवती के नाम दस बीघा जमीन है। उसका भाई खेती व मजदूरी कर परिवार का भरण.पोषण करता था। मृतक अपने पीछे छह वर्षीय पुत्र आरूद्ध को रोता बिलखता छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी पूजा का रो रोकर बुरा हाल है।

खोए मोबाइल पाकर खिले चेहरे

महोबा, समृद्धि न्यूज। एक मोबाइल किसी के लिए बहुत कुछ और किसी के लिए सब कुछ हो सकता है, इसी उद्देश्य के साथ पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपदवासियों के गुम/खोये हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक कैम्प कार्यालय अवस्थित सर्विलांस सेल तथा जनपदीय स्वॉट की पुलिस टीम के नेतृत्व में निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में को 106 खोये हुए मोबाइल फोन जिनकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये है। इन खोये/गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी की गई है, बरामद मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को बुलाकर आज अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में मोबाइल स्वामियों को बुलाया गया एवं उनको उनके मोबाइल सुपुर्द किया गया है, अपने खोये हुए मोबाईल पाकर मोबाइल स्वामियों चेहरे खिल उठे और उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महोबा पुलिस/सर्विलांश सेल द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुये सहृदय धन्यवाद दिया।

मांगों को लेकर हलधर किसान यूनियन ने किया धरना-प्रदर्शन

महोबा, समृद्धि न्यूज।

सोमवार के रोज कलेक्ट्रेट परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर भारतीय हलधर किसान यूनियन इकाई महोबा के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार के साथ दर्जनों की संख्या में जिले की तीनों तहसीलों से तमाम किसान अपनी अपनी समस्याओं को लेकर भारतीय हलधर किसान यूनियन के धरना प्रदर्शन में शामिल हुए ।

यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार ने बताया कि जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियो को पूर्व में दिए ज्ञापनों से किसानों की समस्याओं से अवगत करा दिया गया है लेकिन 2 माह बीत जाने के बाद भी कार्यवाही शून्य रही जिससे किसानों को काफी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है । आज फिर किसान पांच सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं पूर्व में ज्ञापन में दी गई समस्याओ में पीएससी अजनर केंद्र में हुए करोड़ों के घोटाले की जांच में दोषियों पर कार्यवाही न होना, चकरोडो गोचर की जमीन नवीन परती की जमीनों पर दमंगो के कब्जे से मुक्त कराईं जाय, किसान सम्मान निधि और किसान फसल बीमा में हुई धांधली मैं दोषियों पर कार्यवाही न होना और भोले भाले किसानों का बीमा न मिलना, प्रधानमंत्री फसल बीमा में हुये घुटाले की जांच व दलालों पर एफआईआर दर्ज कराई जाये व पिपरा माफ में फर्जी पट्टे किए गए लाखों रुपए लेकर जिनकी जमीन नाप कर नहीं दी गई क्योंकि चकबंदी प्रकिया पूर्ण नहीं हुई उसके पहले ही किसान बंधुओं से प्रधान एवं लेखपाल ने लूट की उसके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए, अधिकारियों पर कोई कार्यवाही नहीं होती योगी जी की सरकार में किसानों पर हो रहे अत्याचार पर प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है और भ्रष्टाचार चरम पर है और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का काम किया जा रहा है किसान चारों तरफ से परेशान है । जिससे आहत होकर आज जलधर किसान यूनियन को धरने पर बैठना पड़ा है। आज के इस अनिश्चितकालीन धरना में, जिला प्रमुख महासचिव शंतराम त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद तिवारी, महोबा तहसील अध्यक्ष राकेश यादव, महोबा तहसील अध्यक्ष यूवा शिशुपाल सिंह परिहार, कबरई ब्लाक अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी, कुलपहाड़ तहसील अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष प्रेमचंद तिवारी, बुंदेलखंड सचिव राजेंद्र सिंह परिहार, मानकी एवं सतारी गांव के दर्जनों किसानों ने सहभागिता सुनिश्चित की । यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार ने कहा कि किसान हित सर्वोपरि था है और रहेगा, किसानों की यह लड़ाई वह अन्तिम पड़ाव तक लड़ने के मूड में हैं ।

वज्रपात से बचाव को लेकर एडीएम ने की जन सामान्य से अपील

महोबा, समृद्धि न्यूज।

अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा है कि खराब मौसम में आकाशीय बिजली गिरने/वज्रपात की घटनाएं घटित होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं जिससे जनहानि एवं पशु हानि व मकान क्षति तथा व्यक्ति के घायल होने की घटनाए प्रायः होती हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि आकाशीय बिजली से बचने के उपायों को अपनाया जाय ताकि वज्रपात से जनहानि न होने पाये।

उन्होंने कहा है कि जनसामान्य अपने मोबाइल में मौसम विज्ञान विभाग भारत सरकार द्वारा विकसित दामिनी एप एवं सचेत एप डाउनलोड करें जिससे वज्रपात की पूर्व सूचना मिल सके और वज्रपात से बचा जा सके। उन्होने बताया कि प्रतिवर्ष वज्रपात से बड़ी संख्या में जनहानि व पशुहानि होती है तथा इन्फास्ट्रक्चर को भी भारी नुकसान पहुंचता है। वज्रपात से कम से कम क्षति हो इसके लिए प्रभावी व्यवस्था को अपनाने के साथ ही अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा को कम किया जा सकता है।

जिला आपदा विशेषज्ञ ने जनसामान्य को बचाव के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि वज्रपात से बचने के लिए पेड़ों के नीचे, मोबाइल टावर व ऊंचे मकान के नीचे शरण न लें। बच्चों को बाहर न खेलने दें, लोहे की खिड़की, दरवाजे व हैण्डपम्प आदि को न छुएं। धातु से बने छाते का प्रयोग न करें, लैण्डलाइन एवं विजली के उपकरणों का उपयोग न करें, खुल वाहनों मे सवारी न करें, बचाव के लिए जमीन पर न लेटें तथा तैराकी या नौकायन न करें ।

यदि मौसम खराब हो तो तुरन्त किसी पक्के घर में शरण लें, आसपास सुरक्षित स्थान न होने पर दोनों कानों को बंद कर पैरों को सटा लें तथा घुटनों का टेक लेकर उकडू बैठ जाएं। घरों में विद्युत उपकरणों को प्लग से अलग कर दें। यदि खेतों में हैं तो तुरन्त सूखे स्थान पर चल जाएं। हाईटेंशन तारों, पोखरों, बिजली के खंभों तथा कटीले तारों से दूर रहें ।

उन्होंने बताया कि वज्रपात से कम से कम क्षति हो इसके लिए प्रभावी व्यवस्था को अपनाने के साथ ही अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा को कम किया जा सकता है।

दामिनी ऐप लगभग 20 से 40 किमी के क्षेत्र में संभावित लाइटनिंग अलर्ट का नोटिफिकेशन* प्रेषित करता है जिससे व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने तथा बचाव का अवसर प्राप्त हो सकेगा। इसलिए स्वयं के मोबाइल में दामिनी एप डाउनलोड करने के साथ ही जनसामान्य को भी इस अति उपयोगी दामिनी एप के बारे में बताएं जिससे वज्रपात की पूर्व चेतावनी व अलर्ट अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके तथा वज्रपात से होने वाली क्षतियों को न्यूनीकृत किया जा सके। मौसम की पूर्ण जानकारी हेतु सचेत एप डाउनलोड करें जिससे मौसम की जानकारी एवं विभिन्न आपदाओं की जानकारी व एडवाइजरी भी प्राप्त हो सके वह चेतावनी मिलती रहे।

नगर में घूमधाम से मनाया जा रहा गणेश उत्सव

कुलपहाड़ (महोबा), समृद्धि न्यूज।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में गणेश उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है शाम होते ही संपूर्ण नगर गणेश मय हो जाता है नगर में लगभग आधा दर्जन स्थानों पर गणेश प्रतिमा स्थापित की गई हैं मुख्य बाजार के रामलीला मैदान में व्यापारियों द्वारा गणेश प्रतिमा को स्थापित करके धूमधाम से गणेश उत्सव मना रहे हैं इसी प्रकार सोनीगंज मुहाल के काली माता मंदिर में तथा धनुषधारी मंदिर में गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है दोनों स्थान पर नवयुवक बहुत खूबसूरत तरीके से गणेश पंडाल को सजाए हुए हैं इसके अलावा मुकेश कुमार सोनी आकाश मराठी भी अपने घरों में गणेश प्रतिमा स्थापित करके गणेश उत्सव को बहुत ही धूमधाम तरीके से मना रहे हैं शाम होते ही सभी गणेश पंडालों में भगवान गणेश की आरती शुरू हो जाती है आरती के बाद सभी पंडालून में महिला पुरुष बच्चों द्वारा भजन कीर्तन गाए जाते हैं प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह शाम होते ही नगर के सभी गणेश पंडालों में पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिये भ्रमण करते हैं ।

नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

नीलगाय से बाइक सवार की टक्कर हो जाने पर युवक की मौत हो गई वहीं ग्रामीणों ने युवक इलाज हेतु कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने देखते ही युवक को मृत घोषित कर दिया कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भवानी गांव निवासी संजय 24 वर्ष पुत्र ओमना दूध बेचने का काम करता था रोज की भाति वह भवानी गांव से दूध लेकर कस्बा मौदहा दूध बेचने के लिए जाते समय भवानी गहबरा के बीच नदी के रफ्तार के साथ अचानक नीलगाय बीच सड़क में आ गई और बाइक सवार से टक्कर हो गई जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर तड़पता रहा वहां से निकल रहे रायगीरो ने ग्रामीणों को सूचना देकर बताया आनंन.फानन परिजनों ने कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया मृतक तीन भाई एक बहन में सबसे बड़ा था दूध बेचकर परिवार का बड़ा पोषण कर रहा था मौत की खबर सुनते ही परिजनों में को राम मच गया और गांव में शोक की धार दौड़ गई मृतक के भाई अजय ने बताया सोमवार की शाम नीलगाय से टकरा जाने से भाई की मौत हो गई जिसका पोस्टमार्टम हो रहा है।वहीं कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।

गरीबी, अशिक्षा व सहनशीलता न होने से बढ़ती जा रहीं आत्महत्याएं

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

- विश्व आत्महत्या रोक दिवस आज
- पिछले साल 194 लोगों ने की आत्महत्याएं, महिलाओं की संख्या केवल पैसठ, कुछ मामले पुलिस की संज्ञान में नहीं आ पाते, सुमेरपुर क्षेत्र में सबसे ज्याता आत्महत्याएं

मंगलवार यानी दस सितम्बर को विश्व आत्महत्या रोक दिवस मनाया जायेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि बुन्देलखंड में अशिक्षा,गरीबी व सहन शक्ति कम होने व ऊचे ख्वाब पालने के कारण आत्महत्याओं का ग्राफ लगातार बढता जा रहा है। हालाकि इसके लिये जिला अस्पताल में मन कक्ष स्थापित कर मानसिक रोग एक्सपर्ट को लोगो के काउन्सिल के लिये बैठाया गया है। मगर उसका कोई असर नही हो रहाहै।पिछले साल महिलाओं की अपेक्षा पुरुषो ने ज्यादा आत्महत्याएं की है.

जानकारी के मुताबिक आत्महत्या करने का सिलसिला बुंदेलखंड में लगातार बढ़ता जा रहा है। किसान ,छात्र व्यापारी,मजदूर को थोड़ा सा झटका लगने के बाद वे संषर्ष न करके जान देने पर आमादा हो जाते है। पुलिस के आक़ड़ो के अनुसार पिछले साल वर्ष 2023 में 129 पुरुष व 65 महिलाओं ने आत्महत्या की है। कुल मिलाकर 194 लोगो ने आत्महत्या कर जान दी है. चालू वर्ष में भी ये आकड़ा पिछले साल से ज्यादा जा रहा है। कई मर्तवा ग्रामीण क्षेत्रों में आत्महत्याओं की सूचना पुलिस को नही मिल पाती और वह रिकार्ड में नही आ पाती है। पुलिस का मानना है कि आत्महत्याओं का ग्राफ न केवल हमीरपुर ने बल्कि पूरे बुंदेलखंड में लगाता बढ़ता जा रहा है। जो चिंता का विषय बना हुआ है। आकड़ो के अनुसार पुरुषो का अपेक्षा महिलाएं किसी समस्या से निपटने के लिये ज्यादा गंभीर है। बताया जाता है कि इधर जिले में टीनएजर लोगो में आत्महत्याओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है इसके लिये एक्स पर्ट मोवाइल को भी कही न कही दोषी ठहराते है। एक्सपर्टों का मानना है जिला अस्साल मे स्थापित मन कक्ष में जो महिलाओं व पुरुषों की काउन्सिलंग की जाती है उसमे कई युवा लोग बहुत बड़े सपने संजोते है। जब सपने पूरे नही हो पाते है तो वे आत्महत्या कर लेते है। कई मर्तवा छात्र पढनेव तैयारी के बाद नौकरी नही मिलती तो वे आत्महत्या कर लेते है। इधर सबसे ज्यादा आत्हत्याएं तो सुमेरपुर ब्लाक मे हो रहीहै जिसमे कई लोग नशे में धुत होकर आत्महत्या कर लेते है. राठ व मौदहा क्षेत्र में किसान कर्ज के बोझ व फसल खराब होने के कारण आत्महत्याएं कर रहे है। मानसिर रोग विभाग के नोडल अधिकारी एव अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा रामअवतार ने सोमवार को बताया कि इसके अलग अलग पहलू है कुछ लोग डिप्रेसन में आत्महत्या करते है तो कुछ लोग कोई कष्ट व दुख नही सह पाते इसलिये आत्महत्या करते है। इसके लिये लोगो को जागरुक करने की आवश्यकता है जो शासन द्वारा किया जा रहा है। जिला विज्ञान क्लब के अध्यक्ष जीके दिवेदी ने बताया कि आत्महत्या करने का कारण गरीबी व सहनशक्ति का अभाव सामने आया है। यदि युवाओं को समय से काम व व किसानों का उनकी फसल का बाजिबदाम मिल जाये तो बुंदेलखंड में आत्महत्याओं को रोका जा सकता है। मन कक्ष की काउन्सर डा नीता का कहना है कि इसके लिये एक सप्ताह यानी दस सितम्बर से लेकर सोलह सितम्बर तक कालेजो व अन्य स्थलो पर कार्यक्रम लगाया जा रहा है जहा पर छात्रों व अन्य लोगो को काउन्सिलंग कर इसके लिये प्रेरित किया जायेगा। ताकि लोग आत्महत्याएं न करे। और दूसरों को इस कृत्य से रोके ताकि समाज में एक अच्छा संदेश जाये।

मेल में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पर्याप्त संख्या में होगी पुलिस बल की तैनाती

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

- शारदीय नवरात्रि मेल को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु शिफ्ट वाइज कैंप में तैनात रहेंगे विभागों के अधिकारी : डीएम

शारदीय नवरात्रि मेले की तैयारियों के संबंध में बैठक महंत देवीपाटन मंदिर मिथलेश नाथ योगी की अध्यक्षता एवं डीएम पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मौजूदगी में देवीपाटन मंदिर में संपन्न हुई।
बैठक में मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई की व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए शुलभ शौचालय की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, जल निकासी की व्यवस्था, देवीपाटन मंदिर को जोड़ने वाले संपर्क मार्गो की मरम्मत , रैन बसेरा, मेले के दौरान बसों एवं ट्रेन की सुलभ उपलब्धता, पार्किंग व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, कूड़ा प्रबंधन आदि पर गहन चर्चा की गई तथा महंत देवीपाटन मंदिर योगी मिथलेश जी द्वारा अहम सुझाव दिए गए।
डीएम पवन अग्रवाल ने कहा की मेले में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगी, साफ सफाई की दृष्टि से डीपीआरओ एवं अधिशाषी अधिकारी द्वारा पर्याप्त सफाई कर्मी लगाए जाने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा की अन्य नगर पालिका एवं पंचायत से भी सफाई कर्मी लगाए जाए। उन्होंने मेले के दौरान मंदिर परिसर में 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा वैकल्पिक ट्रांसफर की व्यवस्था किए जाने , मेला परिसर में कंट्रोल रूम में बनाए जाने एवं कंट्रोल रूम में सभी विभागों के मेला नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की निशुल्क चिकित्सीय जांच किए जाने, देवीपाटन मंदिर से जुड़ने वाले सभी संपर्क मार्ग का सर्वे करते हुए मरम्मत आदि पर कर लिए जाने, मेले के दौरान मेला परिसर में नियमित फागिंग कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया की मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मेला स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी तथा गोरखपुर से बढ़नी तक आने वाली ट्रेन को तुलसीपुर स्टेशन स्टॉपेज के लिए रेलवे के अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा। मेले में यातायात प्रबंधन एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्था के लिए संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार,अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार, उप जिलाधिकारी तुलसीपुर अभय सिंह, क्षेत्राधिकार तुलसीपुर, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय, अधिशासी अधिकारी तुलसीपुर व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

दबंगों ने गाली-गलौज कर की फायरिंग

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

- ग्रामीणों ने लाइसेंस बंदूक छीनकर पुलिस को सौंपा

मझगवां थाने के उजनेह गांव में चार पहिया गाड़ी में सवार आठ लोगों ने घर के अंदर घुस कर गाली गलौज व लाइसेंसी बंदूक से हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाइसेंसी बंदूक व कार बरामद की है। पुलिस जांच में जुट गई है। उजनेह गांव निवासी अर्जुन सिंह पुत्र बाबू ने बताया कि रविवार की रात अटगांव निवासी सत्यप्रकाश पुत्र शिवपाल व उसका पुत्र रुपेशए गांव का शंकरलाल पुत्र रामसनेहीए हरी पुत्र शंकरलालए जराखर गांव निवासी कल्लू उर्फ योगेश पुत्र आत्माराम और तीन अज्ञात लोग चार पहिया गाड़ी से उसके दरवाजे पर आए। उक्त लोग दरवाजा खोलकर अंदर घुस आए। आरोप लगाया कि असलाहों से लैस उक्त लोग स्वजनों के साथ मारपीट करने लगे। पत्नी व बच्चों के चिल्लाने पर जब वह व पड़ोस के लोग पहुंचे तो उक्त लोगों ने सत्यप्रकाश की रायफल से उसके ऊपर जान से मारने की नियत से हवाई फायर कर दिया। जिससे वह बाल बाल बच गया। बताया कि उक्त लोगों की हवाई फायरिंग से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। उक्त लोग जाति सूचक शब्दों प्रयोग कर लाइसेंसी बंदूक व कार छोड़ कर भाग गए हैं। मझगवां थानाध्यक्ष नंदलाल प्रजापति ने बताया कि मौके अर्जुन सिंह अहिरवार का अटगांव के रूपेश राजपूत के बीच पैसे के लेनदेन का विवाद है। इसी बात को लेकर रूपेश राजपूत अपने साथियों के साथ पहुंच कर अर्जुन सिंह से पैसों के लेनदेन को लेकर मारपीट व गाली गलौज की है। बताया कि रूपेश राजपूत ने अपने पिता की लाइसेंसी बन्दूक से विवाद के दौरान हवाई फायरिंग की। पुलिस ने रायफलए 2 जिंदा कारतूसए दो खोखा व वाहन को मौके से कब्जे में लिया है।

विधायक दिनेश रावत ने किया भूमि पूजन

▸ एक करोड़ 8 लाख से होगा पूरे देवीदास स्थित मंदिर एवं सत्संग हाल का जीर्णोद्वार

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

विकासखंड त्रिवेदीगंज के पूरे देवीदास ग्राम में स्थित संत श्री जगजीवन दास की तपोस्थली में मंदिर का जीर्णोद्वार एवं नए सत्संग हाल का विधि विधान से क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत द्वारा भूमि पूजन किया गया।

इस अवसर पर गद्दी के महंत श्री अनुपम दास जी महाराज ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत के प्रयासों का ही नतीजा है कि यहां पर स्थित मंदिर का पुनः निर्माण एवं नए सत्संग हाल की स्थापना होने जा रही है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील सिंह ब्लॉक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल मंडल अध्यक्ष सचिन वर्मा मंडल अध्यक्ष कोठी कमल पटेल ओबीसी मोर्चा के मंडल महामंत्री अरविंद वर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

वेतन सरकार से लेंगे लेकिन मरीजों को प्राइवेट तौर पर देखेंगे

▸ उपचार के नाम पर लिखने वाली दवा का पर्चा थमाकर करते है शोषण

उरई जालौन, समृद्धि न्यूज़।

राजकीय मेडिकल कालेज उरई में तैनात चिकित्सकों ने मरीजों को खुलेआम प्राइवेट तौर पर उपचार कराने को प्रेरित करते हुये देखा जा रहा है। बताया जाता है कि जो भी गरीब मरीज अपना उपचार कराने के लिये राजकीय मेडिकल कालेज के चिकित्सकों के पास उपचार कराने पहुंचते हैं तो वहां पर चिकित्सक मरीज को तसल्ली देने के लिये औपचारिकता के नाम पर तो देख लेता है साथ ही उसे सलाह देने से नहीं चूकता कि वह मेडिकल कालेज गेट नंबर दो के सामने यश स्टोर पर दो बजे के बाद आ जाना वहीं पर तसल्ली पूर्वक उपचार किया जायेगा। बेचारा मरीज जल्द ठीक होने की आशा में चिकित्सक द्वारा बताये गये पते पर पहुंचता है तो वहां पर उपचार के नाम पर अच्छी खासी दवा लेने का पर्चा उसे थमा दिया जाता है और फीस अलग से वसूल की जाती है।

उक्त मामले की जिलाधिकारी से लिखित शिकायत करते हुये अनिल राजपूत निवासी इंदिरा नगर उरई ने बताया कि राजकीय मेडिकल कालेज के चिकित्सकों से उपचार कराने पहुंचे मरीजों से कोई हमदर्दी नहीं रहती है बल्कि वह आने वाले मरीजों का सोशल कैसे कर सके।

गैस सिलेंडर में रिसाव से लगी आग, गृहस्थी राख

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत अमिलहरा मजरे बारा गांव में सोमवार की सुबह चाय बनाते समय गैस सिलेंडर से लगी आग में एक परिवार की गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी कौशल कुमार पुत्र राम प्रताप रावत दासपुर की झोपड़ी बनाकर उसी के नीचे गुजर बसर करते हैं। आज सुबह छप्पर के नीचे चाय बनाते समय सिलेंडर से आग लग गई। सूचना पाकर पहुंचे दमकल कर्मियों द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक सारी गृहस्थी जलकर नष्ट हो चुकी थी। सूचना पाकर पहुंचे लेखपाल द्वारा क्षति का आकलन कर अपनी रिपोर्ट उप जिलाधिकारी को सौंप दी गई है।

दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

▸ पीड़िता की मां ने दी तहरीर, पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज

उरई जालौन, समृद्धि न्यूज़।

अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। बिना रुपये वापस लौटने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता की मां ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानीराम निवासी सीमा द्विवेदी पत्नी रामभक्त ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बेटी गौरी की शादी वर्ष 2023 में ग्राम सुरावली थाना कुठौंद निवासी अभिषेक चतुर्वेदी पुत्र कमलेश चतुर्वेदी के साथ अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज देकर की थी। शादी के समय बेटी के ससुरालियों ने बताया था कि उनका उरई में खुद का मकान, जमीन, जायदाद और व्यापार है।

लेकिन जब बेटी शादी के बाद ससुराल पहुंची तो पता लगा उन्होंने झूठ बोलकर शादी की थी। जैसा उन्होंने बताया था वैसा कुछ नहीं था। शादी के दो तीन महीने बाद ही ससुरालियों ने बेटी पर मायके से रुपये लाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। शादी में ही उन्होंने काफी रुपये खर्च किए थे। ऐसे में अतिरिक्त रुपये बेटी की ससुरालियों को देने के लिए उनके पास नहीं थे।

दबंग ने नाली किया बंद पीड़ित ने लगाई एसडीएम से गुहार

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। दबंग विपक्षी द्वारा घर एवं सहन के पानी की निकासी न होने देने से परेशान एक महिला ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर समस्या से छुटकारा दिलाए जाने की मांग की है।

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत सतरही गांव निवासी लालमती पत्नी लाल बहादुर ने उप जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका पति बाहर रहकर परिवार के पालन पोषण के लिए मजदूरी करता है। वह घर में अकेली रहती है विपक्षी हौसिला उनके दामाद रज्जू व पुत्री नीलम आए दिन घर व सहन की पानी की निकासी को लेकर उसके साथ मारपीट करते रहते हैं और पानी नहीं निकलने देते जब कभी बरसात का पानी बहकर चला जाता है तो विपक्षी जा बेजा गालियां देते हुए लड़ाई झगड़े पर आमादा हो जाते हैं।

अधिवक्ताओं की हत्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश में हो रही अधिवक्ताओं की हत्याओं को लेकर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह व महामंत्री कुंवर बहादुर यादव की अगुवाई में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ को सौपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में कासगंज बार एसोसिएशन की सम्मानित अधिवक्ता बहन मोहिनी तोमर की बड़ी बेरहमी से हत्या की घोर निंदा की गई और मृतका के आश्रितों को एक करोड रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराए जाने, एक सदस्य को सरकारी नौकरी,मृतक अधिवक्ता का मुकदमा फास्टैग कोर्ट में चलाए जाने एवं दोषियों को फांसी की सजा दिलाने व अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल प्रभाव से लागू किए जाने की मांग की गयी। ज्ञापन सौंपाने वाले अधिवक्ताओं में अध्यक्ष एवं माहामंत्री के अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना पर हुई बैठक

बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/ जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना तथा राष्ट्रीय पेंशन योजना-एनपीएस ट्रेडर्स के सम्बन्ध में जागरूकता हेतु बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना तथा राष्ट्रीय पेंशन योजना एनपीएस ट्रेडर्स योजना के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना हेतु पात्रता के लिये क्रमशः असंगठित क्षेत्र का श्रमिक हो, ई श्रम कार्ड धारक हो, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य हो जिनकी मासिक आय रू0 15000/- या उससे कम हो, ईपीएफओ, ईएसआईसी, एनपीएस (सरकार पोषित) से आवर्त न हो एवं आयकर दाता न हो जैसे आशा वर्कर / संविदाकर्मी, आंगनबाडी कार्यकत्री एवं सहायीका निर्माण श्रमिक, सफाईकर्मी / संविदाकर्मी अनुदेशक / रसोईया / सहायक, स्वयं सहायता समूह, में नरेगा श्रमिक / रोजगार सेवक, कृषक / श्रमिक, स्ट्रीट वेंडर / पटरी दुकानदार, गैस सिलेण्डर पहुँचाने वाले हाकर्स इत्यादि एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना - एनपीएस ट्रेडर्स के अर्न्तगत खुदरा व्यापारी / दुकानदार, स्व रोजगार व्यक्ति, चावल मिल मालिक, तेल मिल मालिक, कारखाना मालिक, कमिशन एजेंट, रियल इस्टेट एजेंट, लघु होटल, रेस्टोरेंट मालिक और अन्य लघु व्यापारी आदि पात्र होंगे, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य हो, जिनका वार्षिक टर्न ओवर 1.5 करोड से कम हो, ईपीएफओ ईएसआईसी एनपीएस (सरकार पोषित), पीएमएसवाईएम से आवर्त्त न हों एवं आयकर दाता न हो। इस सम्बन्ध में अध्यक्ष द्वारा सभी उपस्थित अधिकारीगण से अधिक से अधिक पंजीयन करवाने एवं योजना का लाभ दिलाये जाने का अनुरोध किया गया है। अन्त में सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक का समापन किया गया। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार, सीडीपीओ श्रीमती इन्दुलता, असिस्टेंट मैनेजर डीआईसी अलोक सिंह, एपीओ अनिल कुमार, एसटीओ भावेश तिवारी, सीएफएसओ निशाद पाण्डेय आदि उपस्थित रहें।

साइकिल सवार को बचाने में बाइक सवार घायल

जैदपुर, बाराबंकी। साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल सवार मांग बेटे और साइकिल सवार गिर कर घायल हो गया।स्थानीय लोगो की मदद से घायलो को अस्पताल भेजा गया।जिन्हे उपचार के बाद घर भेजा गया।बताते चलें कि सोमवार को सिद्धौर जैदपुर रोड पर साइकिल सवार के अचानक सामने आने पर मोटरसाइकिल चालक अमरदीप पुत्र हंसराज निवासी जरमापुर का संतुलन बिगड़ा और मोटरसाइकिल पर बैठी अपनी मां समेत गिर गये।जिससे मां बेटे सहित साइकिल सवार भी को चोटे आयी।जिनको समुदायिक स्वाथ्य केंद्र जैदपुर लाकर उपचार कराने के बाद घर भेज दिया गया।

जालसाजों ने एप के जरिये बैंक से उड़ाए रुपये, शिकायत पर जांच में जुटी पुलिस

जैदपुर, बाराबंकी। ऐप के जरिये किसान के बेटे को गुमराह कर फराडियो ने बैंक खाते से हजारों रूपए की नकदी रकम को उड़ा दिया। पीड़ित ने थाना जैदपुर में शिकायत की है। पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल जारी है जानकारी के अनुसार पदुम पुत्र देशराज वर्मा निजामपुर अजपुरा ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोबाईल 7906144694 से फोन कर बताया कि तुम्हारे पिता के आलू के पैसे लगाना है। और दो रूपए भूगल पे पर भेजा। प्रार्थी ने चेक किया तो उसके खाते से 23813 व 4254 रूपए कट गये। उक्त आरोप लगाते हुये पीड़ित पदुम वर्मा ने जैदपुर पुलिस को लिखित पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

खबरें एक नजर में

ट्रैक्टर की टक्कर से भट्टा मजदूर की मौत

इटावा। लवेदी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लखना चकरनगर मार्ग स्थित ग्राम दाउदपुर के समीप ईट भट्टा के मजदूर के लखना आते समय अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से मौके पर मौत हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर थाना पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दुर्घटना के सम्बंध में बताया जाता है। कि आर आर ईट उधोग दाउदपुर पर काम करने बाले मजदूर छोटेलाल पुत्र मितरी निवासी ओझाऊ जिला नालन्दा बिहार बिगत दिवस की रात्रि करीब 7 बजे भट्टा से लखना की ओर जा रहा था कि जैसे ही बम्बा से मुडा तो अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से लगी टक्कर से उसकी मौके पर मौत हो गयी। लखना चकरनगर मार्ग पर खोखा रहे दुकानदारों ने इस मामले की जानकारी लवेदी थाना पुलिस को दी जिस पर थाना पुलिस ने आकर शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

युवक पर दबंगों ने किया हमला, मुकदमा दर्ज

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत बेहटा गांव में रविवार की शाम मवेशी चरा रहे एक युवक पर विपक्षियों ने लाठी डंडा और चाकू से हमला बोलकर लहू लुहान कर दिया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपी व उसके साथियों की तलाश कर रही है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। गांव निवासी दलित राम सुचित ने कोतवाली हैदरगढ़ में दी गई तहरीर में बताया कि रविवार की देर शाम उनका पुत्र सुमन नहर के किनारे भैंसों को चरा रहा था कि तभी वहां अपने तीन साथियों के साथ पहुंचे जनपद अमेठी के थाना शिवरतनगंज के गांगापुर गांव निवासी संत बक्श सिंह ने पुत्र पर लाठी डंडों व चाकू से हमला कर दिया। घटना में युवक बुरी तरह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए लखनऊ में एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है।

सचिव ने पंचायत कार्यालय में काटा हंगामा

कदौरा, जालौन। कदौरा ब्लॉक कार्यालय हर समय सुर्खियों में रहता है। आए दिन विवादों के चलते फरियादी ब्लॉक कार्यालय जाने में घबराते है। ऐसा ही एक मामला सोमवार को सामने आया,जहां एडीओ पंचायत कार्यालय में एडीओ पंचायत संतोष बाबू गौतम के सामने ही सचिव रविंद्र प्रजापति द्वारा ऑडिट को कागजों में साइन करने से मना करते हुए कर्मचारियों के साथ गाली गलौज करते हुए कार्यालय में रखी कुर्सियों को फेकने के साथ हंगामा करने लगा। यह देखकर ब्लॉक परिसर में मौजूद फरियादियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। किसी तरह ब्लॉक में मौजूद प्रधानों ने सचिव को समझा बुझा कर शांत कराया,घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

अधिकारियों के निर्देश के बाद साप्ताहिक बंदी हो रही बेअसर

जालौन (उरई)। नगर में साप्ताहिक बंदी का असर बेअसर साबित हो रहा है। अधिकारियों के निर्देश के बाद भी बाजार बंदी पूरी तरह सफल नहीं हो पा रही है। शिकायतों के बाद भी श्रम प्रवर्तन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे साप्ताहिक बंदी के दिन दुकानें खुलने से नियमों का पालन करने वाले दुकानदार मायूस हैं। नगर में सोमवार का दिन साप्ताहिक बंदी के लिए निर्धारित है। पूर्व में अधिकारियों के आकस्मिक भ्रमण के चलते नगर में स्थित सभी दुकानें साप्ताहिक बंदी के दिन बंद ही रहने लगी थीं। कभी कभार अधिकारियों का भ्रमण होता है तो दुकानें बंद हो जाती हैं। लेकिन नियमित भ्रमण न होने से दुकानदार अपनी अपनी दुकानें खोलने लगते हैं इससे उन दुकानदारों को नुकसान होता है तो नियम का पालन करते हुए अपनी दुकानों को बंद रखते हैं। शुरूआत एक दो दुकानों के खुलने से होती है। धीरे धीरे आधा बाजार खुलने लगा है। इनमें शराब ठेका गली, पुरानी नझाई गली के आसपास के अलावा सब्जी मंडी और तहसील रोड पर व कांजी हाउस चौराहे के आसपास, चुर्खी रोड, डां साहनी वाली गली आदि स्थानों के दुकानदार अपनी अपनी दुकानें खोले रहते हैं।

नगर विधायक अयोध्या ने बांटी जीवन रक्षक जैकेट

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सोमवार को गुप्तार घाट पर गोताखोरों व नविको को शासन द्वारा प्रदत्त जीवन रक्षक जैकेटों का वितरण किया। इस मौके पर वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए विधायक गुप्ता ने कहा कि शासन गरीब से गरीब और समाज के अंतिम मुहाने पर खड़े हर व्यक्ति के लिए कर्तव्य बाध्य है। इसी कड़ी में उनके द्वारा आप सभी की जीवन रक्षा हेतु लाइफ जैकेट भेजी गई है जिनका आप नियमानुसार सदुपयोग करेंगे, ऐसी मुझे आशा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आप लोग यहां के निवासी हैं। गुप्तार घाट समेत सभी घाटों की साफ सफाई की भी जिम्मेदारी आपकी ही है क्योंकि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का संकल्प स्वच्छ भारत,नव्य भारत की परिकल्पना साकार करना ही है।

यमुना नदी का जल स्तर बढ़ने का सिलसिला शुरू

कालपी (जालौन)। एक बार फिर यमुना का जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया है। सोमवार को आंकड़ा 101 मीटर पहुंचा है लेकिन नदी का पानी अभी तेज रफ्तार से बढ़ने की संभावना है। लगभग दो वर्ष से यमुना में बाढ़ कोई खास नहीं रही है जिससे नदी की तलहटी में बसे लोगों ने काफी राहत महसूस की है और उनके घर में खरीफकी फसलें भी पहुंची थी लेकिन इस बार बर्षा अधिक होने के चलते इस क्षेत्र के किसान आशंकित थे कि इस बार बाढ़ का पानी उनका सब कुछ डुबो देगा लेकिन कई दौर के बाद भी नदी का जलस्तर इतना नही हुआ था कि किसानों का नुकसान हो सके जिसके चलते किसान अब अपनी फसलों के घर पहुंचने के लिए आश्वस्त थे लेकिन सोमवार से नदी का जलस्तर फिर बढ़ना शुरू हो गया है।

केन्द्रीय जल आयोग के जिम्मेदार रूपेश कुमार के अनुसार मध्य प्रदेश और राजस्थान में हो रही बरसात के चलते यमुना में पानी बढ़ना शुरू हुआ है जो अभी और तेज रफ्तार पकड़ेगा हालांकि यह कितना बढ़ेगा इसका जबाब अभी उनके पास नहीं है।

छोटे बिजली घर में केबिल को ठीक कराकर बदले गये उपकरण

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।

टाउन बिजलीघर के आसपास की केबिलों में आए दिन स्पार्किंग व फाल्ट आदि होते हैं। जिससे बिजली व्यवस्था प्रभावित होती है। बिजली व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए सोमवार को केबिल बदलने का काम किया गया। जिससे लगभग नौ घंटे बिजली व्यवस्था प्रभावित रही।

नगर के मध्य में स्थित टाउन बिजली घर में 400-400 केवी के दो ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। इन ट्रांसफार्मरों से बाजार समेत आसपास के आधा दर्जन मोहल्लों में बिजली आपूर्ति होती है। टाउन बिजलीघर से निकली केबिलों में आए दिन चिंगारी निकलती रहती है और फाल्ट हो जाते हैं। चिंगारी के चलते आसपास के दुकानदारों को दिक्कत हो रही थी और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। सोमवार को साप्ताहिक बाजार बंदी के दिन बिजली विभाग ने छोटे बिजलीघर पर जमीन पर पड़ी केबिल को ठीक करने व उपकरणों बदलने का काम कराया। जिससे सब्जी मंडी के आसपास के साथ मोहल्ला जोशियाना, चौधरयाना, काशीनाथ, फर्दनवीस, गोविंदेश्वर, चुर्खीबाल आदि की बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से सायं सात बजे तक ठप रही। केबिल व उपकरण बदलने का कार्य एसडीओ रामसुधार, जेई नवीन कंजोरिया के नेतृत्व में टीजीटू नरेंद्र सोलंकी, लाइनमैन सामीर अली, सोनू, राजेंद्र, दीपू, सोंटी सोनी द्वारा कराया गया।

शिकायत के बाद भी घरों में हो रही गंदे पानी की आपूर्ति

जालौन (उरई)। जल संस्थान के नलों में दूषित पानी आने लोग पेयजल के लिए परेशान हो रहे हैं। शिकायत के बाद भी समाधान न होने से मोहल्लेवासी ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। नगर के मोहल्ला भवानीराम में जल संस्थान की पाइप लाइन में दूषित पानी आ रहा है। जिसके चलते मोहल्ले के लोग परेशान हैं। मोहल्ले के डॉ. सामेंद्र श्रीवास्तव ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि अहसान टायर वालों के बगल वाली गली में लगभग पांच दिन पूर्व कोई पाइप लाइन डाली गई थी। पाइप लाइन डालने के बाद भी इस गली में जितने भी घर हैं उन सभी घरों में दूषित व गंदा पानी आ रहा है। शायद लाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढे से जल संस्थान की पाइप लाइन में लीकेज हुआ है।

उमस भरी गर्मी के बीच हुई बारिश लोगों ने ली राहत की सांस

जैदपुर, बाराबंकी। क्षेत्र में उमस भरी गर्मी के बीच हुई मूसलाधार बारिश से लोगों ने ली चैन की सांस, सिंचाई की चिन्ता लिये किसानों के भी चेहरे खिल उठे। बताते चले कि बाराबंकी जिले के विधानसभा जैदपुर क्षेत्र में करीब एक सप्ताह से बेहद उमस भरी गर्मी से आम जनजीवन बेहद अस्त व्यस्त रहा। वहीं सोमवार को जोरदार बारिश होने की वजह से लोगों ने चैन की सांस ली है। तो वहीं किसानों के भी चेहरे खिल उठे किसानों ने बताया कि उनके फसलों के लिए पानी की बेहद आवश्यकता थी।

जिससे लोग ट्यूबल लगाकर फसलों की सिंचाई करने पर मजबूर हो गए थे लेकिन आज हुई मूसलाधार बारिश से फसलों को बहुत ही फायदा होने वाला है।

"गीडा" में मनाया गया रॉयल चार्टर डे

सहजनवां, गोरखपुर समृद्धि न्यूज।

इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर एवं इंस्टीट्यूशंस ऑफ इंजीनियर्स लोकल चैप्टर गोरखपुर के संयुक्त तत्वाधान में संस्थान के डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में रॉयल चार्टर डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि इं एस के अग्रवाल एवं संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम कि शुरुआत मे द इंस्टिटूशन्स ऑफ इंजीनियर्स लोकल चैप्टर गोरखपुर के अध्यक्ष ने इं पी के मिश्रा ने कहा कि इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गोरखपुर पूर्वांचल मे तकनीकी प्रबंधन एवं फार्मेसी का एक प्रमुख संस्थान है। हमारा उद्देश्य यहां के छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ नवाचार के माध्यम से वर्तमान समय में औद्योगिक क्षेत्र में जरूरत के हिसाब से उनको भविष्य के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए हुए मुख्य अतिथि चेंबर ऑफ इंडस्ट्रीज गोरखपुर के पूर्व अध्यक्ष इं एस के अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्लास्टिक के अपशिष्ट पदार्थों का प्रयोग सड़क बनाने जैसे कार्यो मे किया जा रहा हैं इस अवसर पर एम डब्लू बेग ने रॉयल चार्टर डे के बारे मे बताया कि रॉयल चार्टर डे पूरे देश मे आईईआई के द्वारा मनाया जाता हैं। उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि औद्योगिक क्षेत्र मे जरुरत के अनुसार खुद को तैययर करना होगा।

अवैध तरीके से संचालित हो रहे होटलो को नोटिस हुआ जारी

सहजनवां, गोरखपुर समृद्धि न्यूज। औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा के सेक्टर 22 मे होटल कारोबारियों द्वारा पूरी तरह से मानक की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं वही जिम्मेदार पूरी तरह से मूकदर्शक बने हुए हैं। सेक्टर 22 में लगभग दर्जनों होटल होते है संचालित होटलो के लगे बोर्डो पर नही लिखा रहता है प्लाट नम्बर वही सेक्टर बाईस मे स्थित होटल साई ग्रेड तो खुलेआम मानक की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे है बिना मानक के पांच से छः मंजिल की बिल्डिंग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वही इस निर्माण कार्य के बारे में जिम्मेदारो से पूछा गया तो कोई भी उत्तर नहीं दे पाए। वहीं जब होटल निर्माण कार्य के बारे में ख़बर प्रसारित किया गया। तब जाकर जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद से जागे और अवैध तरीके से संचालित हो रहे होटल पर कार्रवाई करने के लिए कमर कस लिए वही अवैध तरह से हो रहे संचालित होटल पर बड़ी कार्रवाई करने का जिम्मेदारों द्वारा निर्णय लिया गया वही सेक्टर 22 में संचालित हो रहे अवैध होटल पर निर्माण व भूम का आवंटन के साथ-साथ नक्शा का जांच भी शुरू कर दी गई।

पुस्तकें मनुष्य की सबसे अच्छी मित्रः कुलपति

अयोध्या। डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में परिसर में लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रकाशकों के स्टॉलों पर पहुँच कर हौसला अफजाई की। इस प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रकाशकों द्वारा अयोध्या के इतिहास,पौराणिक ग्रंथों, भारतीय ज्ञान परम्परा एवं भारतीय संस्कृति से जुड़े साहित्यों का संग्रह एवं स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की पुस्तकें लगाई गई। कुलपति प्रो. गोयल ने कहा कि सभी को पुस्तकें अवश्य पढ़नी चाहिए। जो ज्ञान हमें पुस्तकों एवं साहित्य से प्राप्त हो सकता है। पुस्तक प्रदर्शनी में प्रमुख तौर पर श्रृखला पब्लिकेशन,श्रद्धा पब्लिशिंग हाउस, कोशल प्रकाशन केंद्र, अयोध्या मॉडर्न पब्लिकेशन (प्रयागराज), डिस्काउंट पब्लिकेशन (गोरखपुर) जैसे कई प्रकाशन केंद्रों ने अपने स्टॉल लगाये गये।

कुंडेश्वर महादेव धाम अति प्राचीन धरोहरः सदर विधायक

▸ सदर विधायक ने किया कुंडेश्वर मेले का शुभाम्भ

इटावा, समृद्धि न्यूज।

बढ़पुरा पारपट्टी क्षेत्र के अति प्राचीन कुंडेश्वर महादेव धाम पर प्रतिवर्ष भाद्र माह की मौर छठ से लगने वाले पंद्रह दिवसीय मेले का सोमवार को सदर विधायक सरिता भदौरिया द्वारा हवन -पूजन के बाद फीता काटकर शुभारंभ किया गया। सदर विधायक ने कहा कि पारपट्टी क्षेत्र में स्थापित उक्त कुंडेश्वर महादेव धाम अति प्राचीन धरोहर है तो यहाँ लगने बाला मेला पूर्वजों की परंपरा है जिसे संजोए रखना हम सभी का दायित्व है। इस प्राचीन धरोहर के सरंक्षण व विकास के लिए हम हमेशा प्रयासरत भी हैं। आज मेले में प्रातः से ही यहां स्थित तालाब में मौर -मौरी विसर्जन करने वाले नव विवाहिता जोड़ो व उनके परिजनों के अलावा महादेव दर्शन करने बालों की भारी भीड़ भाड़ देखी गई तो इसी बीच सदर विधायक द्वारा मंदिर प्रांगण में हवन पूजन किया तथा मेले का शुभारंभ किया।

सदर विधायक के साथ भाजपा नेता एम पी सिंह तोमर,अशोक चौहान, देवप्रताप भदौरिया,बउआ ठाकुर,राजेश प्रजापति, राकेश भदौरिया,प्रधान जीतू भदैरिया, किशोर भदौरिया, मंजू भदौरिया, संजय प्रताप भदौरिया, रामकुमार भारद्वाज आदि नेता गण मौजूद रहे।

शिक्षक वेलफेयर एसो. ने बीईओ को दिया ज्ञापन

खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक।

इटावा, समृद्धि न्यूज।

विकासखंड ताखा में बढ़ती शिक्षक समस्याओं के निस्तारण के लिए अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला महामंत्री विनय कुमार व ब्लॉक अध्यक्ष अतुल यादव के नेतृत्व में मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में शासनादेश के अनुक्रम में संकुल शिक्षकों के मध्य कार्य विभाजन किया जाए, आधार कार्ड बनवाने के लिए दोनों मशीनों को क्रियाशील किया जाए, ए आर पी द्वारा शासनादेश के अनुक्रम में शैक्षिक सपोर्टिव सुपरविजन का कार्य कराया जाए, ब्लॉक संसाधन केंद्र पर कार्यरत कार्मिकों का कार्य विभाजन किया जाए, विद्यालय में साफ सफाई के लिए संबंधित अधिकारी को पत्र निर्गत किया जाए, हाई टेंशन लाइन को हटाने हेतु संबंधित अधिकारी को पत्र निर्गत किया जाए, शिक्षकों को अपनी समस्या अवगत कराने व निस्तारण के लिए के लिए खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा मिलने का समय निर्धारित किया जाए। तथा जिला मंत्री विनय कुमार ने विगत वर्ष हुए एफ एल एन प्रशिक्षण के व सेट परीक्षा के पैसे न आने के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराने की वार्ता की। खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह द्वारा मांग पत्र के अनुक्रम में सभी जायज मांगों को निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत असगरपुर विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित्त/राज्य वित्त टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 09/09/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत असगरपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 10/09/2024 से 17/09/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17/09/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र. स	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रु0 में)	जमानत धनराशि	टेण्डर मूल्य
1-	प्राथमिक विद्यालय के 3 कमरों व बरामदे में फर्श पर टायलीकरण कार्य	255826	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (अंशुल गंगवार) **ग्रा0पं0 असगरपुर, शमशाबाद** **सचिव (दिलीप कुमार)**

डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की हुई बैठक

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन बैंक शाखाओं में आधार की प्रक्रिया बाधित है, वहां कार्य प्रारम्भ किया जाये। उन्होने 13993 किसान क्रेडिट कार्ड के सापेक्ष 8463 रेन्युअल कार्ड एवं 5530 नये कार्ड बनाये जाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होने 6 बैंक लिंकेज के सापेक्ष 03 की उपलब्धि, 03 स्वरोजगार ऋण (समूह) के सापेक्ष 02 की उपलब्धि, 22 स्वरोजगार ऋण (एकल) के सापेक्ष 19 की उपलब्धि एवं 30 स्वयं सहायता समूह गठन के सापेक्ष 19 की उपलब्धि पाये जाने पर निर्देश दिये लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत उपलब्धि की जाये। उन्होने निर्देश दिये कि पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत पंजाब नेशनल बैंक के 166, भारतीय स्टेट बैंक के 08, बैंक ऑफ इंडिया के 6, बैंक ऑफ बड़ोदा के 7 लंबित आवेदन आदि बैंको द्वारा जो आवेदन लंबित है उन्हें समय सीमा के अन्दर निस्तारण किया जाये। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि मिल्क प्रोडक्शन बढ़ाने हेतु फाइनेंसन प्लान बनायें और गौ पालन, भैंस पालन आदि योजनाओं से लोगो को लाभान्वित किया जाये। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, एन0यू0एल0एम0, एस0एस0जी0 सी0सी0एल0, किसान क्रेडिट कार्ड एवं आर्सेटी आदि बिन्दुओ पर गहनता से समीक्षा करते हुये कहा कि जितना बैंकों के द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया उस लक्ष्य में ठहराव न हो। बैंक अधिकारियों को निर्देश दिये कि संबंधित विभागों के माध्यम से भेजी जाने वाली लोन पत्रावलियों को निर्धारित समयबद्धता के साथ निस्तारित किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम राजकुमार लोधी, एलडीएम सहित संबंधित अधिकारी एवं बैंको के बैंक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज रहे पांडाल

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

श्री गणेशोत्सव पर कस्वा में जगह- जगह सजे पंडालों में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों की गूंज हो रही है। पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता गणेश की आरती के समय सुबह शाम जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा की करतल ध्वनि से पंडाल गूंज रहे है। भगवान गणेश के जन्मोत्सव की धूम चारों ओर देखने को मिल रही है। कस्वे में श्री गणेश महोत्सव समिति की ओर से आयोजित श्री मंशा देवी मंदिर पर सजे पूजा पंडाल में आचार्य प्रेमी जी महाराज द्वारा आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम हो रही है। आरती के समय भक्तों की भारी भीड़ आयोजकों के उत्साहवर्धन भी हो रहा है। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। गणेश प्रतिमाएं मनमोहक छटा बिखेर रही है। भारी तादाद में भक्तगण आरती में शामिल हुए। इसके बाद कलाकारों ने मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की। इस दौरान समिति के अध्यक्ष रंजीत चौरसिया, पदाधिकारी सौरभ पाठक, अभिषेक, सचिन पाठक, गौरव, रणजीत, शिवम, हिमांशु गुप्ता, गोविंद, अभिषेक चक्रवर्ती सहित आदि मौजूद रहे।

मूसलाधार बारिश से तिर्वा की प्रमुख सड़कों पर भरा पानी

- दोपहिया वाहन चालकों के अलावा पैदल चलने वाले लोगों को हुई दिक्कतें
- कई मोहल्लों में घरों में भी घुस गया बारिश का पानी

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

तिर्वा-कन्नौज फोरलेन मार्ग पर भरा बारिश का पानी — समृद्धि न्यूज

क्षेत्र में सोमवार की दोपहर हुई मूसलाधार बारिश से कस्बे की सड़के व गलियां जलमग्न हो गई। कई मोहल्लों में लोगों के घरों में बारिश का पानी भर गया। तिर्वा-कन्नौज फोरलेन मार्ग पर कई स्थानों पर जलभराव होने से दोपहिया वाहन चालकों व पैदल निकलने वाले राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलो में भारी बारिश से जलभराव हो गया। दोपहर एक बजे से अचानक मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। करीब दो घण्टे तक भारी बारिश से तिर्वा-कन्नौज फोरलेन मार्ग, तिर्वा-गुरसहायगंज मार्ग, तिर्वा-ठठिया मार्ग व तिर्वा-बेला मार्ग पर कई स्थानों पर जलभराव हो गया। नालियों का गंदा पानी भी उफनाकर सड़को पर आ गया। इससे सबसे अधिक दिक्कतें पैदल चलने वाले राहगीरों को हुई। सड़को पर पानी भरने से दोपहिया वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतें आई। कई दोपहिया वाहन चालक तो जलभराव के कारण उनकी बाइकें पानी में बंद हो गई। जिस बजह से उन्हे पैदल ही अपनी बाइक को खींचकर कुछ दूरी तक ले जाना पड़ा। सबसे अधिक समस्या बिजली घर से लेकर पीएनबी बैंक तक रही। इसी तरह से तिर्वा-गुरसहायगंज मार्ग पर तिर्वा कोतवाली के सामने रग्घू तालाब का पानी उफनाकर सड़को पर आ गया। कोतवाली परिसर में भी पानी भर गया। मण्डी समिति के सामने भी बारिश का पानी सड़को पर भर जाने से मण्डी आने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उधर सोमवार को हुई भारी बारिश को लेकर तहसीलदार अवनीश कुमार ने बताया कि उनके कार्यालय में अभी तक क्षेत्र से कहीं भी कोई अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला है और न ही कहीं से घर गिरने की जानकारी आई है।

टीएसआई ने स्कूली वाहनों का किया निरीक्षण

छिबरामऊ, कन्नौज। सोमवार को टीएसआई ने स्कूली वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस सहित प्रपत्र जैसे, फिटनेस, बीमा इत्यादि की जांच की।

टीएसआई अरशद अली ने वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने के निर्देश दिए। निरीक्षण अभियान में मिली त्रुटियों पर कई स्कूलों के वाहनों पर चालान की कार्रवाई की गई। एवं निरीक्षण में स्कूली बसों के सेफ्टी मेजर्स की भी जांच की और यह सुनिश्चित किया कि सभी वाहनों में आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन किया जाना जरूरी है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना और स्कूली बसों की स्थिति को मानकों के अनुसार बनाए रखना है। यातायात पुलिस द्वारा चलाए गए निरीक्षण अभियान एवं इस कार्रवाई से स्कूल प्रशासन और बस संचालकों को महत्वपूर्ण संदेश मिला है कि वे यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन करें।

खबरें चलते-चलते

रास्ते में रोक कर युवती से मारपीट की रिपोर्ट

गुरसहायगंज, कन्नौज। गांव के लोगों ने रंजिश को लेकर युवती को रास्ते में रोक लिया और गाल गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम मझपुर्वा निवासी हिना पुत्री नसरूद्दीन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह 02 सितंबर की सुबह लगभग नौ बजे बाजार करने गुरसहायगंज जा रही थी। तभी गांव के शाहनवाज उर्फपप्पू व मंगली ने मुकदमें की रंजिश को लेकर उसे रास्ते में जबरन रोक लिया और गाली गलौज की। लाठी-डंडों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया और धमकी देकर समझौता करने का दबाब बनाया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दहेज के लिए महिला को किया बेघर

गुरसहायगंज, कन्नौज। दहेज न मिलने पर ससुरालियों ने महिला से गाली गलौज की और मारपीट कर घर से निकाल कर धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम खाड़ेदेवर निवासी अनुष्का पुत्री महेश चन्द्र गिहार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका विवाह कानपुर के थाना रायपुर्वा बांस मंडी कापडगंज निवासी लकी पुत्र सुशील के साथ 20 जनवरी 2024 को हुआ था। शादी के बाद पति लकी, ससुर सुशील, सास मनीषा देवी, ननद रीसा ने दहेज में बुलेट मोटर साइकिल, सोने की जंजीर व अंगूठी की मांग शुरू कर दी और उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। विरोध करने पर 05 अगस्त को पति सहित ससुरालियों ने उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट कर घर से निकाल दिया। जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गणेश पंडालों में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों की मची धूम

जालौन (उरई)। नगर में गणेश पंडालों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं की पूजा अर्चना का सिलसिला जारी है। तीसरे दिन भक्तों ने गणेश प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार कर पूजा की। नगर में 13 स्थानों पर गणेश पांडाल सजाए गए हैं। इसके अलावा घरों पर भी लोग भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर रहे हैं। सुबह व शाम को भक्त पांडालों में पहुंचकर गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगा रहे हैं। पूजा पंडालों में होने वाले धार्मिक आयोजनों से पूरा नगर भक्तिमय नजर आ रहा है। कुछ स्थानों पर सात दिन तो कुछ स्थानों पर नौ दिन चलने वाले इस गणेश उत्सव के पर्व के तीसरे दिन भक्तों ने भगवान गणेश का आकर्षक श्रृंगार किया। शाम के समय आरती में भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाए। नगर में गणेशजी मंदिर, दबगरान में विक्रांत यादव, पवन चतुर्वेदी पुरानी हाट, बेनी बाई मार्केट, कोतवाली मार्ग पर श्रीराधाकृष्ण मंदिर के पास, मोहल्ला चौधरयाना, हरीपुरा, जोशियाना नारोभास्कर, जोशियाना, गणेशजी समेत 13 स्थानों पर मूर्ति स्थापना की गई। इसके अलावा सिकरीराजा, मांडरी, धनौराकलां, उरगांव आदि गांव में भी गणेश पांडाल सजाए गए हैं। जहां सुबह शाम भक्त प्रथम पूज्य भगवान गणेश की पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की बढ़ती संख्या से अव्यवस्थायें हावी

कालपी (जालौन)। बदलते मौसम की वजह से डायरिया रोग का प्रकोप होने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या में दिनों दिन वृद्धि हो रही है। वही स्टाफ की कमी के कारण मरीजों के सामने भी उपचार की समस्या बढ़ गई है। मालूम हो कि चिकित्सालय में कार्यरत फार्मासिस्ट अशोक कुमार का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदोई गुर्जर तथा रामकुमार मिश्रा का तबादला पुलिस ट्रेनिंग सेंटर मंगरौल के लिए हो गया है। दोनों फार्मासिस्ट स्थानांतरित होकर चले गए, वहीं गैर जनपद से आए अंबिका प्रसाद केवल जॉइनिंग कराकर चले गए तथा उनके कालपी से स्थानांतर करने का प्रयास करने की चर्चाएं भी तेज है। वही कुलदीप सचान के पास अपर स्टोर, अकाउंट रिपेयरिंग का दायित्व है।

गंगा नदी में आई बाढ़ से शमशाबाद-चौराहार के पास रोड हुआ क्षतिग्रस्त

- वाहन चालकों को हो रहीं काफी दिक्कतें, आये दिन पलट रहे वाहन

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

बाढ़ के चलते रोड क्षतिग्रस्त होने से लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई वाहन चालक तो आये दिन गिरकर चुटहिल हो रहे हैं।

जानकारीके अनुसार विकास खंड शमशाबाद के ढाईघाट रोड जलालाबाद पर गंगा नदी में आई बाढ़ के चलते चौराहार सड़क पर कई गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं और नाली सी गहरी बन गई है। जिससे आवागवन करने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दूरदराज से आने वाले यात्रीगण काफी परेशान हो जाते हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत छात्र-छात्राओं व माता बहनों को होती है। वह रोड क्रास करने के लिए किसी न किसी वाहन सवार से लिफ्ट लेते हैं। वहीं कई लोग पानी में घुसकर ही निकलते हैं। यदि टेंपो आदि आ जाये, तो उसे धक्का मारकर वमुश्किल से निकाला जाता है। सोमवार को भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। जब एक टेंपो यहां आकर फंस गया। उसे वमुश्किल धक्का देकर निकाला जा सका। बाढ़ के चलते कुछ दिन पहले इसी रोड पर इसी जगह पर एक ट्राली लकड़ी से भारी पलट गई थी। जिससे बड़ी घटना होने से टल गई थी। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त रोड की मरम्मत कराये जाने की मांग की है।

मूसलाधार बरसात से जगह-जगह जलभराव

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

सुबह से आसमान में काले बादल छाए रहे और दोपहर बाद हुई बरसात ने जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी। तो वही जगह-जगह हुए जलभराव ने लोगों को आफ्त में डाल दिया। गंदगी और जलभराव के कारण आवागमन कर रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि भीषण बरसात के कारण आवागमन कर रहे लोगों को गंतव्य तक जाने के लिए घंटों रूक कर इंतजार करना पड़ा।

सोमवार की सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे और दोपहर लगभग 01 बजे रूक-रूक कर बारिश होती रही। दोपहर बाद करीब दो बजे हुई मूसलाधार बरसात ने लोगों को जहां तहां रूकने पर मजबूर कर दिया। जबकि बरसात के कारण जगह-जगह हुए जलभराव व गंदगी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्राम जसोदा, जलालाबाद, तेराजाकेट, सराय प्रयाग, मिरगांवा, नदसिया सहित नगर की चकोर गली, जीटी रोड, पूर्वी रेलवे क्रासिंग, किदबई नगर, आजाद नगर, अशोक नगर आदि स्थानों पर जलभराव हो गया। इसी प्रकार जलालाबाद में जीटी रोड पर हुए जलभराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जलालाबाद से गौरियापुर जाने वाला सम्पर्क मार्ग पर भी भीषण बरसात में जलमग्न हो गया। भीषण बरसात के कारण हर ओर हुए जलभराव व गंदगी के कारण आवागमन कर रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि मूसलाधार बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली।

मझपुर्वा में भूमि विवाद को लेकर राजस्व टीम की पैमाइश

- साठ गांठ कर रातों-रात भूमि पर शुरू हो गया निर्माण
- नायाब तहसीलदार ने राजस्व टीम के किया निरीक्षण

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

ग्राम मझपुरवा में दो पक्षों में चल रहे भूमि विवाद को लेकर सोमवार को नायाब तहसीलदार की मौजूदगी में राजस्व टीम ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया और विवादित भूमि की पैमाइश की। जांच में निर्माणाधीन भूमि बैध पाई गई। जब कि दूसरे पक्ष ने राजस्व कर्मी पर रिश्वत मांगने सहित साठगांठ कर अवैध निर्माण करा कर भूमि पर जबरन कब्जे का कराने का आरोप लगाया।।

ग्राम मझपुर्वा निवासी अतीक व अफरोज के बीच मझपूर्वा-इंदिरा नगर संपर्क मार्ग पर स्थित भूमि को लेकर पिछले दिनों से विवाद चल रहा था। जिसको लेकर दोनों पक्ष भूमि पर अपना-अपना दावा ठोक रहे थे। इसी बीच रविवार को एक पक्ष ने विवादित भूमि पर एक साथ कई मिस्त्री व लेवर लगाकर निर्माण कार्य शुरू करा दिया। जिसका विरोध करते हुए दूसरे पक्ष में राजस्व कर्मियों पर रिश्वत लेने का आरोप भी लगाया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया और निर्माण कार्य को रुकवा दिया था। जिसके बाद सोमवार को नायाब तहसीलदार भरत कुमार मौर्य व कानूनगो कौशलेंद्र दुबे ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर पैमाइश कराई। जिसमें नायब तहसीलदार ने बताया कि जो पक्ष भूमि पर निर्माण करवा रहा है। उसी की भूमि है। जबकि दूसरे पक्ष की भूमि सड़क के दूसरी तरफ है और वह कुछ अंश बेच भी चुका है। उधर दूसरे पक्ष के अतीक व तारीक ने राजस्व कर्मी पर रिश्वत मांगने और उसकी भूमि पर जबरन कब्जा करवा देने का आरोप लगाया है। कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों के 06 लोगों पर शांतिभंग की आशंका पर कार्रवाई की गई है।

बैठक | भाकियू टिकैत के जोनल अध्यक्ष ने बैठक कर की समीक्षा

किसानों को गुमराह कर रही केन्द्र व राज्य सरकार

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

भारतीय किसान यूनियन टिकैत की समीक्षा बैठक में जोनल अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी का जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। जोनल अध्यक्ष ने बिंदु बार समीक्षा कर लापरवाह पदाधिकारियों की क्लास ली। उन्होंने ब्लॉक, तहसील व जिले के पदाधिकारियों को संगठन के प्रति निष्ठा व ईमानदारी का पाठ पढ़ाया।

सोमवार को आयोजित भारतीय किसान यूनियन टिकैत की समीक्षा बैठक में जोनल अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार किसानों को सब्सिडी, एमएसपी व बिजली माफी को लेकर गुमराह करती चली आ रही है। किसानों को इसकी जानकारी नहीं है। उन्हें जागरूक करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय नेतृत्व बहुत जल्द ही केंद्र व प्रदेश सरकारों के विरुद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को गुमराह कर उन्हें उनके अधिकारों से वंचित रखने का प्रयास करती है। जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि हम उस देश के किसान हैं। जहां का किसान अपना पसीना बहाकर अपने खेतों में सोना पैदा कर सकता है। हमें सरकार से भीख नहीं बल्कि अपना अधिकार चाहिए। बैठक में मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह यादव, जोनल उपाध्यक्ष प्रभा शंकर मिश्रा, मंडल महासचिव जगदीश यादव, मंडल सचिव अफरोज मंसूरी, फर्रुखाबाद जिला विधिक सलाहकार अजय कटियार ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व जोनल अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी ने ब्लॉक कन्नौज, छिबरामऊ, जलालाबाद, गुगरापुर, छिबरामऊ, हसेरन, तिर्वा तालग्राम, सौरिख, उमर्दा आदि के अध्यक्षों से उनके द्वारा बनाई गई कार्यकारिणी, ब्लॉक में कुल ग्राम पंचायत की संख्या, सेक्टर प्रमुखों के नाम, न्याय पंचायत की संख्या आदि सहित उनके द्वारा संगठन को मजबूत बनाने के लिए किए गए प्रयासों को लेकर पूछताछ की गई। जिसमें कुछ ब्लॉक अध्यक्षों की लापरवाही पर उन्होंने जमकर क्लास ली और उन्हें संगठन की नीतियों की जानकारी देकर अनुशासन एवं निष्ठा का पाठ पढ़ाया। समीक्षा बैठक में उन्होंने जिलाध्यक्ष सहित तहसील अध्यक्षों से भी विस्तृत जानकारी लेने के उपरांत संगठन को मजबूत बनाने के तौर तरीके सिखाएं। बैठक में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान, महेंद्र सिंह, इरशाद अली, सुरेश सिंह यादव,डॉ साजिद हुसैन, उपेंद्र सिंह राजपूत, अनिल अरुण, मुरारी यादव, अखिलेश कुमार यादव,सिद्धांत यादव,राहुल कुमार, मो. शहराज, डब्लू ठाकुर, सत्यनारायण कनौजिया, आलोक राजपूत, मुईन अहमद, सत्यम प्रजापति, बबलू ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह राजपूत अजय शेर, सर्वेश पाल, लाला तोमर, रिजवान अहमद, शाहरुख खान, पिंटू यादव, अमन खान, रजाउल अली सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को दिलाने के निर्देश

राजेपुर, समृद्धि न्यूज

खण्ड विकास अधिकारी ने सचिवों की बैठक लेकर सरकार द्वारा चलायी जा रहीं योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को दिलाने के निर्देश दिये। इसके अलावा खुली बैठक बुलाकर पात्रों को योजनाओं की जानकारी दें।

विकास खंड राजेपुर के सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान बीडीओ सुनील कुमार जयसवाल ने पंचायत सचिवों से कहा कि हर ग्राम सभा में रोस्टर के हिसाब से पंचायत भवन में बैठक कर ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करने के साथ ही साथ ग्राम सभा में खुली बैठकों का आयोजन कर सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों बताये। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का हर पात्र व्यक्ति को लाभ दिलवाना सुनिश्चित करें। जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति किसी दशा में लाभ लेने से वंचित न रह जाए। हर ग्राम सभा के आश्रय विहीन परिवार बेसहारा कच्ची छतो में निवास करने वाले लोगों को चिन्हित कर संशोधित मानकों के अनुसार हर पात्र आखिरी व्यक्ति तक लाभ पहुंचायें। गंगा का जलस्तर बढ़ने से गंगा के किनारे बसे गांव में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गयी है। जिससे मच्छरजनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में मनरेगा के अंतर्गत ग्राम प्रधान ज्यादा से ज्यादा मिट्टी कार्य चकरोड एवं गांव की गलियों में करवायें। जिससे कि नागरिकों को आवागमन की सुविधा के साथ जलभराव की समस्या से निजात मिल सके।

सचिवों की बैठक लेते बीडीओ — समृद्धि न्यूज

कोचिंग पढ़ने जा रहे छात्र के साथ बाइक सवारों ने की लूट

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज

कोचिंग पढ़ने जा रहे छात्र से बाइक सवार बदमाशों ने तीन सौ रुपये की नकदी व मोबाइल लूट लिया और फरार हो गये। छात्र ने पिता के साथ थाने जाकर घटना के संबंध में तहरीर दी। पुलिस घटना को छिपाने में लगी हुई है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी सुरेंद्र सिंह का 19 वर्षीय पुत्र संजेश मोहम्मदाबाद कंप्यूटर कोचिंग में जा रहा था, तभी रोहिल्ला अंडरपास के निकट दो बाईकों पर अज्ञात बदमाशों ने तमंचा लगाकर छात्रा से 300 रुपये एवं मोबाइल छीन लिया। छात्र ने सूचना अपने घर पर दी। पिता सुरेंद्र सिंह के साथ छात्र थाना नवाबगंज पहुंचा। नवाबगंज थाने में पुलिस ने घटनास्थल मोहम्मदाबाद बताकर उसको वहां से वापस कर दिया। जिस पर पिता के साथ मोहम्मदाबाद कोतवाली पहुंचा। इंस्पेक्टर मनोज कुमार भाटी ने घटनास्थल पर जाकर जांच की। छात्र ने बताया की सुबह लगभग 9.45 पर साइकिल से कंप्यूटर कोचिंग जा रहा था, तभी रोहिल्ला रेलवे क्रॉसिंग के पास दो बाईकों पर सवार चार व्यक्तियों ने उसके धक्का मारा। वह जमीन पर गिर गया। एक व्यक्ति ने तमंचा निकाल लिया और संजेश की जेब में रखे 300 रुपये एवं मोबाइल छीनकर मोहम्मदाबाद की तरफ फरार हो गए। मोहम्मदाबाद पुलिस मामले को छिपाने में लगी हुई है।

घटनास्थल पर छात्र से पूछताछ करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

खबरें चलते-चलते

भाई को षडयंत्र के तहत झूठे मुकदमे में फंसाने का लगाया आरोप

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। षडयंत्र के तहत झूठे मुकदमे में फंसाने के संबंध में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार पीड़ित कृष्ण कुमार पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट पिपरगांव थाना मोहम्मदाबाद का निवासी हूँ। मेरा भाई नन्दू जो कि मोटर साइकिल की दुकान मुरहास कन्हैया पर किये है। मेरे भाई को ग्राम प्रधान कुंतेश यादव व अनिल ठाकुर व थाना प्रभारी निरीक्षक व कांस्टेबिल यशवीर सिंह ने रुपये लेकर इन लोगों से मिलकर षडयंत्र करके मेरे भाई नन्दू को 18.08.2024 को शाम लगभग 03 बजे के आसपास मुरहास कन्हैया से मोटर साइकिल संभालने के लिए बोलकर मोहम्मदाबाद कोतवाली ले गये और रात भर थाने में बंद रखा। उसके बाद अगली सुबह लगभग 05 से 06 बजे के बीच ये लोग मेरे भाई नन्दू को नदी के किनारे लेकर गये। वहां इन्होंने मेरे भाई को तमंचा पकड़ाकर भागने के लिए बोला। बोले अगर नहीं भागोगे तो गोली मार देंगे। मेरा भाई डर की वजह से भागने को मजबूर हो गया और उन्होंने उसकी भागने के बाद वीडियो बनाई और फिर पकड़कर वापस थाने ले आये और इन सभी लोगों ने उसके खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया और जेल भेज दिया। जिससे मेरा भाई चार दिन तक जेल में रहा। जबकि मेरे भाई के खिलाफ इससे पूर्व थाने में कोई मुकदमा पंजीकृत नहीं हुआ। जबकि अनिल ठाकुर की मेरे पास कॉल रिकार्डिंग भी है। जिसमें अनिल ठाकुर बोल रहा है कि तमंचा और कारतूस मैंने दिये थे। अनिल ठाकुर व कुंतेश यादव प्रधान पर कई संगीन धाराओं में मुकदमे पंजीकृत हैं। यह लोग धमकी दे रहे हैं कि तू ज्यादा कप्तान के पास जायेगा, तो तुझे झूठे मुकदमे में जेल भिजवा देंगे। जिससे पीड़ित काफी परेशान है।

गजानन की आरती में सीओ व पुलिसकर्मियों ने लिया भाग

आरती करते सीओ व मौजूद भक्तगण

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। गणेशोत्सव पर नगर में जगह-जगह पांडालों में भजन कीर्तन हो रहे हैं। सुबह शाम आरती में भारी संख्या में भक्तगण पहुंच रहे हैं। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र की पुरानी गल्ला मंडी में सुबोध गुप्ता मंसाराम के प्रतिष्ठान पर श्रीगणेश कमेटी द्वारा गणेश उत्सव पर आरती में मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी जयसिंह परिहार, क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर राजेश कुमार, कस्बा चौकी इंचार्ज नरेंद्र सिंह, मंडी चौकी इन्चार्ज विद्या सागर तिवारी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। श्री गणेश कमेटी गल्ला मंडी के सदस्यगण एवं भक्तों द्वारा पूजा आरती कर भोग लगाया गया। इस मौके पर सुबोध गुप्ता मंसाराम, सत्यप्रकाश गुप्ता, गोविंद गुप्ता, नन्हें शाक्या, हर्षित गुप्ता, अन्नू गुप्ता, विशाल गुप्ता, रोहित मिश्रा, रोहित गुप्ता, पप्पू गुप्ता, वैभव पाल, नैतिक राठौर, सागर गुप्ता, सुनील गंगवार, सुमित गुप्ता, किशन रस्तोगी, अक्षत गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।

नशेड़ी सफाई कर्मी ने मोहल्ला शेरवानी टोला में किया जमकर हंगामा

- मुहल्ले के लोगों की शिकायत पर परिजन मौके पहुँचे

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

शराब के नशे में सफाईकर्मी ने जमकर हंगामा किया। मोहल्ले वालों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे घर ले गये।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर के मोहल्ला काजी टोला निवासी एक सफाई कर्मचारी जो शराब पीने का शौकीन है। अक्सर नए-नए कारनामों के चलते आम लोगों में चर्चा का विषय बना रहता है। सोमवार को उक्त सफाईकर्मी ने शमशाबाद नगर के मोहल्ला शेरवानी टोला में शराब पीकर जमकर हंगामा किया। बताते हैं सोमवार को नगर के मोहल्ला काजी टोला निवासी एक सफाई कर्मचारी जो नशे की हालत में मोहल्ला शेरबानी टोला पहुंचा और गलियों में भरे पानी के बीच जमकर हंगामा किया। सफाईकर्मी काफी देर तक हंगामा करता रहा, जबकि मोहल्ले के लोगों ने सफाई कर्मी को काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन सफाईकर्मी पर शायद उसका कोई असर नहीं हुआ और वह गलियों में भरे पानी के बीच बैठ गया। शराबी की हरकत से परेशान मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह आरोपी के घर सूचना दी। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने शराबी युवक की जमकर खबर ली और घर ले गए। यह मामला नगर क्षेत्र के लोगों की जुबान पर दिन भर चर्चा का विषय बना रहा।

बरसात के पानी में बैठा सफाईकर्मी — समृद्धि न्यूज

सीएचसी प्रभारी ने चालक के खिलाफ दी तहरीर

कायमगंज,समृद्धि न्यूज

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी शोभित शाक्य ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामअवतार को शिकायती पत्र देकर कहा है कि राकेश पुत्र हरीराम निवासी शमशाबाद की ईको कार संख्या-यू.पी.80 एफयू9975 गाड़ी जो की कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अन्तर्गत आर.बी.सी. की टीम में लगी है। जिसमें क्षेत्र में वितरण हेतु आवश्यक दवायें रखी थीं। जिसमें चालक राकेश ने लापरवाहीवश गाड़ी की खिड़की खुली छोड़ दी। जिससे बन्दरों द्वारा दवाएं बाहर फैलाकर बर्बाद कर दी गयीं।

गाड़ी में फैली पड़ी दवाइयां

ट्रक की टक्कर से खंदक में गिरा टेंपो, सवारियों में मचा हड़कंप

- अग्निशमन कार्यालय के कर्मचारियों ने सवारियों को निकाला
- नौ सवारियों सवार थीं, एक की हालत गम्भीर, लोहिया रेफर

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

राजेपुर थाना के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के समीप हरिहरपुर गांव के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे टेंपो चालक टेंपो से नियंत्रण खो बैठा और टेंपो खंदक में जा गिरा। इसमें सवार नौ लोग बाल-बाल बच गए।

जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर जेएसए टेम्पो अमृतपुर की तरफ से फर्रुखाबाद जा रहा था। जिसमें 9 सवारियां बैठी हुई थीं। सुबह 8 बजे के करीब पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सवारियों में हड़कंप मच गया और टेंपो उछलकर सड़क किनारे पानी भरे खंदक में जा गिरा। खंदक में जलकुंभी होने के कारण सवारियों को अधिक चोटें नहीं आई। पास में ही अग्निशमन कार्यालय है। अग्निशमन कार्यालय पर मौजूद कर्मचारियों ने जान पर खेलकर सभी नौ लोगों को बाहर निकाला। पांच घायलों को सीएचसी राजेपुर में भर्ती कराया गया। जिसमें से एक की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया। कई घंटे के बाद जेसीबी से खिंचवाकर क्षतिग्रस्त टेंपो को बाहर निकलवाया गया। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक अक्षय कुमार भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घायल होने वाले लोग सर्वेश व मंजू निवासी अमैयापुर, आसाराम निवासी बिचपुरिया, राजारानी व जगपाल निवासी गूजरपुर आदि शामिल थे।

खंदक में पड़ा टेंपो — समृद्धि न्यूज

पुत्र की हत्या का मुकदमा दर्ज करवाने के लिए भटक रहा पिता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

पुत्र की हत्या का मुकदमा दर्ज करवाने के लिए पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है।

पीड़ित ने जिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि पीड़ित रकाबगंज खुर्द टाउनहाल थाना मऊदरवाजा का निवासी है। पीड़ित दलित व्यक्ति है। पीड़ित का पुत्र पिंकू राकेश भारद्वाज की परचून दुकान पर काम करता था। दिनांक 5 सितंबर को पीड़ित के पुत्र पिंकू पुत्र सूरजपाल समय करीब 6 बजे राकेश भारद्वाज का पुत्र निवासी रकाबगंज करबला रोड थाना मऊदरवाजा को घर से जबरदस्ती परचून की दुकान पर काम पर ले गया। रविवार का दिन होने के कारण पिंकू दुकान पर नहीं जाना चाहता था। परन्तु जबरिया पिंकू को राकेश भारद्वाज का पुत्र जबरदस्ती ले गया। माता के मना करने पर नहीं माना। करीब शाम 7 बजे पिंकू के पिता सूरजपाल अपने पुत्र को लेने राकेश भारद्वाज की दुकान पर पहुंचे, तो उन्होंने कहा कि मैं 15 मिनट बाद पिंकू को घर भेज दूंगा। ठीक 15 मिनट बाद फोन आता है कि पिंकू घर पहुंच गया है, लेकिन पिंकू घर नहीं पहुंचा। उसके बाद सूरजपाल दोबारा जाते है, लेकिन पिंकू परचून की दुकान पर नहीं मिलता है। जिस पर उसका पूरा परिवार पिंकू की खोजबीन में लग जाता है। दिनांक 6 सितंबर को रात्रि 1.30 बजे पीड़ित थाना मऊदरवाजा पहुंचता है। दुकान बंद होने के कारण लिखित प्रार्थना पत्र नहीं दे पाता है और वर्तमान पुलिस कर्मचारी को पुत्र के लापता होने की पूरी घटन बताकर मोबाइल में बयान रिकार्ड करवा देता है। सुबह 10 बजे अन्य लोगों के द्वारा सूचना मिलती है कि काशीराम कालोनी हैवतपुर गढ़िया तिराहा पुलिस के पास कोई लाश पड़ी है। परिवारीजनों के किसी एक व्यक्ति ने शिनाख्त करने पर मृतक लाश सूरजपाल के पुत्र पिंकू की थी। सूरजपाल ने आरोप लगाया कि उपरोक्त राकेश भारद्वाज, पुत्र स्व0 दयाराम, सोमनाथ भारद्वाज पुत्र राकेश भारद्वाज व नीरज भारद्वाज पुत्र राकेश भारद्वाज, नीलकंठ भारद्वाज पुत्र राकेश भारद्वाज निवासीगण रकाबगंज खुर्द थाना मऊदरवाजा ने मेरे पुत्र को मारकर नाले में डाल दिया है। पुलिस ने राकेश भारद्वाज व उनके तीनों पुत्रों को हिरासत में ले लिया है। परिवार द्वारा दोषियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराने के लिए एस0ओ0 मऊदरवाजा से कहा गया, लेकिन उन्होंने मुकदमा पंजीकृत नहीं किया और कहा कि उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दो।

तीन सगे भाइयों समेत चार लोगों पर हत्या के मामले में दोष सिद्ध

- सजा पर सुनवाई के लिए 11 सितंबर की तिथि नियत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

अवैध शस्त्र व धारदार हथियार से हत्या करने के वाले आरोपी गुड्डू उर्फ शिशुपाल, नन्हें, भूरे पुत्रगण मालिखान निवासीगण पहाड़पुर वैरागर शमशाबाद. सरविंद यादव निवासी पंचम नगला मोहम्मदाबाद को अपर जिला जज कक्ष संख्या-5 न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 11 सितंबर की तिथि नियत की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते 21 वर्ष पूर्व थाना शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर वैरागपुर निवासी राकेश कुमार पुत्र हरिश्चंद्र यादव ने थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया की घटना के लगभग डेढ़ साल पहले मेरे गांव के हरिपाल पुत्र मालिखान की हत्या गांव ग्राम नगला देवीदास, मौजा पहाड़पुर वैरागपुर के विमल यादव व उनके परिजन ने हत्या कर दी थी। यह मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। कुछ दिनों से विमल का मेरे पास आना जाना था। जिसकी वजह से हरिपाल के भाई हमसे रंजिश मानने लगे। मेरा भाई वालेश मेरे गांव के दक्षिण पूर्व में स्थित मक्का के खेत से चारा काट रहा था तथा मेरे पिता हरिश्चंद्र व मेरी बहन प्रीति उसी खेत की मक्का रखा रहे थे। बराबर के खेत में मेरे ताऊ सत्यराम अपनी मक्का रखा रहे थे। समय करीब नौ बजे दिन में मेरे गांव के गुड्डू, नन्हे, भूरे पुत्रगण मालिखान, उनके रिश्तेदार सरविंद गाली-गलौज करते हुए नन्हें व गुड्डू हाथ में तमंचे लिए, भूरे अपने हाथ में फावड़ा, सरविंद के हाथ में चाकू था। चारों ने मेरे भाई वालेश को चारा काटते समय घेर लिया और कहा की साले तुम लोग हमारे दुश्मनों के पास बैठते हो। उसकी मदद करते हो तुम्हे आज जिंदा नही छोड़ेंगे। इतने में नन्हें ने बालेश के ऊपर तमंचे से फायर कर दिया जो उसके गर्दन के नीचे छाती में लगा। गोली लगते ही वालेश वहीं खेत पर गिर गया। भूरे ने फावड़े से वार किया। इतने मैं व मेरे पिता, बहन वालेश को बचाने के लिए भागे और मेरे ताऊ सत्यराम भी दौड़कर आ गये। गुड्डू ने हम लोगो के ऊपर जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर किया। किसी भी तरह से हम लोग बाल-बाल बचे और कहा की पास में आए तो जान से मार देंगे। इस बीच सरविंद ने चाकू से मेरे भाई के गुप्तांग पर वार किया। वालेश की मौके पर ही मौत हो गयी। थाना पुलिस ने घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता भानु प्रकाश मिश्र की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने गुड्डू, नन्हें, भूरे, सरविंद को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 11 सितम्बर की तिथि नियत की गयी है।

दुग्ध वाहन की टक्कर से 6 वर्षीय मासूम घायल, दुग्ध वाहन पुलिस कब्जे में

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रोशनाबाद निवासी दिलशाद का 6 वर्षीय पुत्र अनस सोमवार की सुबह जरूरत के समान की खरीदारी के लिए बाजार से गुजर रहा था। शमशाबाद से रोशनाबाद की ओर जा रहे एक दुग्ध वाहन यूपी76टी5898 के चालक ने लापरवाही से चलाकर बालक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अनस गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना के बाद शोर शराबा होने पर जब ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हुई, तो घबराया चालक दुग्ध वाहन लेकर भाग खड़ा हुआ। हालाकि ग्रामीणों ने इशारा देकर चालक को रोकने की काफी कोशिश की, मगर चालक जान बचाने के लिए भाग खड़ा हुआ। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों के हुजूम ने पीछा कर दुग्ध वाहन को दौड़ाकर पकड़ लिया। दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर फैजबाग पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल करते हुए चालक तथा दुग्ध वहान को कब्जे में ले लिया। घायल बालक के परिजन प्राइवेट वाहन के जरिए गम्भीर रूप से घायल बालक को उपचार के लिए फर्रुखाबाद ले गए। जहां उसका उपचार जारी है। समाचार लिखे जाने तक मासूम की हालत गंभीर बनी हुई थी। फैजबाग चौकी पुलिस का कहना था सूचना दी गई थी। मौके पर पुलिस को भेजा गया था। दुग्ध वाहन को कब्जे में ले लिए गया है। तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

पुलिस हिरासत में दुग्ध वाहन — समृद्धि न्यूज

जानमाल की धमकी दिये जाने के संबंध में दिया प्रार्थना पत्र

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। रंजिशन दबंगों ने युवक को रोककर गाली-गलौज किया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। सुखनन्दन पुत्र श्रीराम निवासी मौजा जैतपुर शरीफपुर छिछनी थाना शमसाबाद ने पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि दिनांक 7 सितंबर को समय सुबह 9.00 बजे पीड़ित और पीड़ित का भाई रघुनन्दन मोटर साइकिल से शमसाबाद जा रहा था, तभी रास्ते में गंगा रोड शामसाबाद से जलालाबाद रोड ढाईघाट शामसाबाद के पास पहले से घात लगाये बैठे राजकुमार यादव पुत्र अजयपाल निवासी ग्राम जैतपुर शरीफ पुर छिछनी थाना शमसाबाद व राजकुमार के साथ चार अन्य लोग जो मुंह पर अंगौछा बांधे थे, ने पीड़ित की मोटर साइकिल रोक ली और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरु कर दी। तीसरे भाई सुरेन्द्र सिंह के बारे में पूछताछ करने लगे तथा उक्त लोगों ने धमकी दी कि अगर आज सुरेन्द्र मिल जाता तो उसको जान से मार देते। मौके पर राहगीर आ गये। जिससे उपरोक्त लोग आइंदा मिलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। पीड़ित ने बताया कि राजकुमार का भाई रामजीत कोटेदार है। जिसकी शिकायत करने पर उपरोक्त लोग रंजिश मानते हैं।

संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व प्रधानाचार्य मीना यादव, महेश चंद्र वर्मा, मुकेश सिंह राठौर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष कटियार, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सचिव शिव कुमार कटियार, शिव कुमार चौरसिया, अमनदीप, दीपक कटियार आदि उपस्थित रहे। आए अतिथियों का आभार प्रधानाचार्य

दीपिका राजपूत ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आदेश गंगवार ने किया। अल्पना द्विवेदी ने कार्यक्रम व्यवस्था देखी। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे हैं। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में कक्षावार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान वाले विद्यालय भारत भारती शिशु कल्याण विद्या मंदिर फतेहगढ़, डिवाइन लाइट पब्लिक स्कूल कुटरा, बाल बिहार यूनिवर्सल जू0हा0 स्कूल कुटरा, ऑलसेंट पब्लिक स्कूल बजरिया, संविलियन विद्यालय बदनपुर राजेपुर, सीपी इंटर नेशन स्कूल, महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़, राजकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मोहम्मदाबाद, म0मो0का0 बालिका इंटर कालेज, म0म0वर्मा रा0बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़, एमकेएम इंटर कालेज नवाबगंज, एनएकेपी इंटर कालेज, फिरोज गांधी इंटर कालेज कमालगंज, डीएन कालेज, रोजी पब्लिक स्कूल, टीएस केके पब्लिक स्कूल विजाधरपुर, एलपीएपी जू0हा0स्कूल याकूतगंज, नारायन आर्य कन्या पाठशाला इंटर कालेज, पं0 वंशीधर मेमोरियल पब्लिक स्कूल, मैकूलाल इंटर कालेज सिरौंज, आरपी इंटर कालेज, माता गोलादेवी मेमोरियल पब्लिक विद्या मंदिर कायमगंज, कर्नल ब्रह्मानंद इंटर कालेज, उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेपुर, राजकीय बालिका इंटर कालेज राजेपुर, गंगापार महात्मा गांधी इंटर कालेज राजेपुर के सभी छात्र-छात्राओं को मेडल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विभिन्न पाण्डालों में महाआरती के साथ मनाया जा रहा गणेशोत्सव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

नगर की गली-मोहल्लों में गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। नगर के पांडेश्वर नाथ मंदिर, मित्तू कूंचा मंदिर, महाकाल मंदिर, बढ़पुर मंदिर, खतरना गणेश मंदिर, कटरा डैरूनाथ, विघ्न हरण कमेटी सहीत नगर में सैकड़ों जगह पर भगवान गणपति विराजे हुए हैं। जिसमें भक्तों के द्वारा सुबह एवं सायं पूजन एवं आरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। जिसमें बच्चे, युवा बहुत ही उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। नगर के प्राचीन पांडेश्वर नाथ मंदिर में सुंदरकांड पाठ के साथ हवन पर आहुतियां भी दी जा रही है। पंडित

पाण्डाल में गणेश पूजन व आरती करते भक्तगण

ओंकार नाथ शास्त्री, आशुतोष मिश्रा, प्रमोद मिश्रा आदि पंडितों के द्वारा पाठ किया जा रहा है। एवं जगह-जगह पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भगवान शिव पार्वती राधा कृष्ण के स्वरूपों के द्वारा भागवत लीला का प्रदर्शन किया जा रहा है। गणेश उत्सव 11 दिनों तक चलेगा। पूरे दिन पाण्डालों में भजन कीर्तन के साथ शाम को महाआरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन होता है। भक्तगण उल्लास पूर्वक भक्तिमय झूमते दिखायी पड़ते है। कुछ पाण्डालों में मुम्बई की तर्ज पर गणेश उत्सव मनाया जा रहा है।

समाजवादी युवजन सभा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं को भरवाये गये संकल्प पत्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद में छात्र, नौजवान जागरूकता अभियान के तहत समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव/अभियान प्रभारी सुमित कन्हैया के उपस्थिति में गिरिजा देवी पीजी कॉलेज सकवाई मोहम्मदावाद में संकल्प पत्र भरवाये गये साथ ही पर्चा वितरित कर संगोष्ठी का अयोजन हुआ। कार्यक्रम के आयोजक सयुस जिलाध्यक्ष शिवम यादव ने अपनी कार्यकारिणी के साथ प्रतिभाग किया। सयुस जिला उपाध्यक्ष रोहित पाल रहे। मुख्य

सपा के संकल्प पत्र के साथ मौजूद छात्र-छात्रायें — समृद्धि न्यूज

अतिथि जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का सशक्त फार्मूला है। जहां पर समाज के सभी वर्गो को बराबर सम्मान देकर समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव उन्हें मुख्य धारा से जोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि छात्र राजनीति की पहली सीढ़ी होती है और छात्र अगर समाजवादी पार्टी के प्रति झुकाव रखते हैं। सुमित कन्हैया ने कहा कि पिछले एक माह से लगातार जनपद में छात्रों के बीच संवाद कर रहे हैं और संवाद के दौरान उन्हें महसूस हो रहा है कि छात्र आज बहुत परेशान है, क्योंकि छात्र को आगे चलकर के नौकरी में किसी प्रकार की कोई उम्मीद भारतीय जनता पार्टी से दिखाई नहीं दे रही है।

एनसीसी कैडेट्स ने किला घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अमरजीत सिंह मलिक के दिशानिर्देशन में एमआईसी के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया गया। सोमवार को प्रातः 9 बजे फतेहगढ़ स्थित किला घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें 22 एनसीसी कैडेट्सों ने प्रतिभाग किया। किला घाट स्थित मंदिर, मैदान, जहां पर कूड़ा पड़ा था उस स्थान को एनसीसी कैडेट्स ने साफकिया साथ ही गंगा तट पर भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर ने सभी एनसीसी कैडेट्स को भारत को स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छता की शपथ दिलायी।

स्वच्छता अभियान में भाग लेते एनसीसी कैडेट्स

खबरें एक नजर में

डीएन कालेज के 6 छात्र-छात्राओं को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दुर्गा नारायन महाविद्यालय फतेहगढ़ के छात्र-छात्राओं द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जनपद स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर छात्राओं को सम्मानित किया गया। जनपद स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन के उपलक्ष्य में स्नातक व परास्नातक के सफल छात्र-छात्राओं द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। स्नातक में आस्था रानी प्रथम, नंदनी सक्सेना द्वितीय, अंचल सिंह तृतीय रहे। परास्नातक में शिवानी श्रीवास्तव प्रथम, अनुभव मिश्रा द्वितीय, मानसी तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे बधाई दी। डा0 विनोद कुमार तिवारी, डा0 हरिशिवनाथ गुप्ता ने इस उपलब्धि पर मेधावी छात्र-छात्राओं की हौसला आफजाई करते हुए बधाई दी और कहा कि इसी तरह से मन लगाकर पढ़े और अच्छे नम्बरों से उत्तीर्ण होकर जनपद का नाम रोशन करें।

धूमधाम से मनाया गया बलदाऊ का जन्मोत्सव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्राचीन मंदिर श्री दाऊजी महाराज का परंपरागत उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रात काल मंगला दर्शन आरती प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर में विद्वान पंडित रमेश चंद्र त्रिवेदी, कृष्णकांत गुप्ता, शशिकांत गुप्ता, पंकज, राजदीप, नरेंद्र ने विधिवत पंचामृत, दूध, दही, शहद, पवित्र गंगाजल पांच गव्य के साथ अभिषेक किया। पंडित शशांक मिश्रा, पंडित रमेश त्रिवेदी, पंडित सतीश चंद्र शुक्ला, गोपाल मिश्रा ने वेद मंत्रों के साथ स्वास्तित वाचन किया। महिला मंडल की महिलाओं ने मंगल की बधाई गीत क्या कर खुशियां मनाई। आनंद कुमारी गुप्ता, श्वेता गुप्ता, सोनी, पूजा आदि ने मंगल गीत गए। उत्तम वर्मा, पप्पन वर्मा, सूर्यकांत, मणिकांत गुप्ता, निर्मल दीक्षित, अभय दुबे ने आगन्तु भक्तों का स्वागत किया एवं प्रसाद वितरण किया। दाऊजी महाराज का भाव एवं दिव्य दर्शन आरती के साथ प्रसाद वितरण किया। नगर के प्राचीन एवं एक मात्र महाराज का मंदिर है जिसमें धूमधाम के साथ दाऊ उत्सव मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सीपीआई के छात्रों ने पाया जनपद में प्रथम स्थान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में सम्मानित किया गया। सीपी इंटरनेशनल स्कूल के 6 बच्चों तथा हिंदी प्रवक्ता शिवानी मिश्रा को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य संतोष कुमार व विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य मीना यादव तथा पूर्व प्राचार्य डॉ0 मुकेश सिंह राठौर एवं महेश चंद्र वर्मा एवं प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने प्रतिभागी विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। सीपी इंटर नेशनल की छात्रा अर्शिया प्रथम, अग्रिमा, अक्षय, श्रद्धा, ऐरिक, हर्ष द्वितीय तथा पियूष यादव ने अपने क्लास के अनुसार जनपद में स्थान लाकर पुरस्कार प्राप्त किया। उपनिदेशिका अंजू राजे एवं प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दबंग जमीन पर कर रहे कब्जा पहुंचे डीएम की चौखट पर

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। दबंगों से परेशान पीड़ितों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज के रजीपुर निवासी महताब शाह पुत्र आफताब शाह ने सोमवार को परिजनों के साथ पहुंचकर जिलाधिकारी डॉ0 वी.के. सिंह से प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगायी। जिसमें कहा दबंग भूमाफिया उनकी पुस्तैनी जगह पर कब्जा कर लेना चाहते हैं। इतना ही नहीं उक्त जमीन पर दीवाल भी खड़ी कर दी है। जिससे हम लोगों का रास्ता बंद हो गया है। मामले की शिकायत थाना पुलिस से की गयी, लेकिन पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। जिससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं। दबंग बराबर निर्माण कार्य कर रहे है। पीड़ितों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी।

एआरपी शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। शासनादेश के अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में सरस्वती पूजा के साथ शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ।

नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नगला हीरा सिंह तथा विकास खंड कार्यालय परिसर में बने खंड शिक्षा कार्यालय पर शासनादेश के अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा के निर्देशन में समस्त एआरपी शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत की गयी। जिसमें बुनियादी भाषा तथा गणित पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में खंड

प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षकगण

शिक्षा कार्यालय तथा प्राथमिक विद्यालय नगला हीरा सिंह में शुरु हुए चार दिवसीय शैक्षिक प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा तथा एआरपी पंकज यादव, एआरपी सुरेश चंद्र, टीआरपी प्रदीप पाल, बलबीर सिंह, बृजेश, पुष्कर तथा क्षेत्र के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं क्लस्टर के अनुसार मौजूद रहे।

फोटोग्राफर अमित राठौर बने कानपुर जोन प्रभारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में इंडिया फोटो वीडियो एक्सपो में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शहर के एक सैकड़ा फोटोग्राफर ने एक्सपो जाकर आज के बदलते युग की फोटोग्राफी के विषय में जानकारियां प्राप्त की। जनपद के प्रभारी अमित राठौर को उत्तर प्रदेश एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश वर्मा ने कानपुर जोन का प्रभारी बनाया। अब वह फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा, मैनपुरी, एटा, कासगंज का भी कार्य देखेंगे। अमित राठौर को कानपुर जोन का प्रभारी बनने पर फोटोग्राफरों ने फूल मालाओं से लाद दिया एवं स्वागत किया। अनिल श्रीवास्तव, नंदकिशोर

अमित राठौर का स्वागत करते फोटोग्राफर — समृद्धि न्यूज

चौरसिया, सोनू वर्मा, नीलू कटियार, सोनू शुक्ला आदि फोटोग्राफरों ने खुशी व्यक्त की। एक्सपो में उत्तर प्रदेश के अलावा मध्यप्रदेश, बिहार, झारखण्ड, उत्तराखंड के भी फोटोग्राफर्स आये और प्रदर्शित विभिन्न उत्पादों में अपनी रुचि दिखाई। आयोजकों ने बताया कि आज अनुमानतः लगभग 8 से 9 हजार के मध्य विजिटर्स के आये हैं। एक्सपो की आयोजक द्वारा लकी ड्रा के माध्यम से लगभग 50 हजार रुपये से अधिक के पुरस्कार बांटे गए। निःशुल्क एंट्री वाले इस लकी ड्रा में प्रथम पुरस्कार 360 सेल्फी बूथ अन्य पुरस्कारों में 1स्मार्ट वाच, 1 हेड फोन, मोनोपॉड स्टैण्ड, 8 डेमो एलबम, 15 पेनड्राइव, 5 बैग पैक भी आगन्तुकों ने जीते।

दिनेश चंद्र वर्मा, सुरेंदर सिंह बिष्ट, रूप श्रीवास्तव, विकास बाबू मौजूद रहे। निदेशक रवि ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

समस्याओं को लेकर भाकियू नेताओं ने थानाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राजबहादुर राजपूत ने समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन थानाध्यक्ष शमशाबाद को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि शमशाबाद में समस्यायें बनी है उनका निराकरण किया जाये। गंगा नदी व रामगंगा नदी में आयी अत्याधिक बाढ़ से किसानों की फसल नष्ट हुई है। सैकड़ों बीघा भूमि पानी में समा गयी है। जिसकी जांच कराकर क्षतिपूर्ति का मुआवजा दिया जाये। बाल पुष्टाहार का

थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता — समृद्धि न्यूज

वितरण प्रतिमाह नहीं किया जाता है। ऐसे केंद्रों को समय पर उठान न होने के कारण प्रति महीना वितरण न करके संबंधित अधिकारी, कर्मचारी विक्रय कर रहे है। जिसकी जांच की जाये। किसानों की विरासत कराने के लिए उन्हें चक्कर लगाने पड़ रहे है। लेखपाल हर गुरुवार को ही आते है। ऐसे में किसानों से हजारों रुपये लूटे जा रहे है, इसकी जांच की जाये। आवारा गौवंश किसानों की फसले नष्ट कर रहे है। उन्हें पकड़कर गौशाला भेजा जाये। कोआपरेटिव सोसायटी में किसानों की केवाईसी करने के लिए 500 रुपये वसूले जा रहे है। विद्युत अघोषित कटौती समाप्त की जाये। ग्रामीणों को पर्याप्त आपूर्ति दी जाये। जिससे बच्चों की पढ़ाई हो सके। इस मौके पर रामवरन यादव, बृजेश राजपूत, संजय गंगवार, रामवीर शाक्य, सलमान अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

गृहकलह से क्षुब्ध युवक ने खाया जहर

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव शिवरईमठ निवासी प्रमोद कुमार उम्र 35 वर्षीय पुत्र जयवीर ने गृह कलह से क्षुब्ध होकर जहरीला कीटनाशक पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 जितेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से छह विद्युत पोल टूटे, बड़ा हादसा होने से टला

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से छह विद्युत पोल टूट गये। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। ग्रामीणों ने ट्रक चालक को रोक लिया।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव सरफाबाद में सोमवार को दोपहर लगभग 1.30 बजे आर0के0मेमोरियल इंटर कॉलेज के पास तेज रफ्तार से आ रहे एक डंपर ने गांव के किनारे सड़क पर लगे हुए विद्युत पोलों में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे करीब आधा दर्जन विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गये। डंपर की चपेट में आने से एक वृद्ध निसार खान के भी चोट लग गई। जिससे उसका पैर टूट गया। जिसको ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। खास बात तो यह रही की 10-15 मिनट पहले ही स्कूल से छुट्टी हुई थी अन्यथा कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि ट्रक में गिट्टी भरी थी। जोरदार टक्कर लगने से पोल क्षतिग्रस्त हो गये। मौके पर ग्रामीणों के शोर मचाने पर ट्रक वाला रुक गया तथा गाड़ी को रोककर उसने ग्रामीणों से बात की।

मोहन लाल शुक्ला इंटर कालेज में बच्चों को खिलाई गयी फाइलेरिया की दवा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत जिला अस्पताल फतेहगढ़ की टीम द्वारा विद्यालय में बच्चों को दवा खिलायी गई। फाइलेरिया उन्मूलन प्रोग्राम के नोडल अधिकारी संदीप कुमार की निगरानी में बच्चों को दवा वितरित की गई। सहायक अध्यापक व प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि यदि संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर किसी भी स्वस्थ्य व्यक्ति का रक्त चूस्ती है तब व्यक्ति के रक्त में माइक्रो फाइलेरिया

बच्चों को फाइलेरिया की दवाइयां खिलवाते नोडल संदीप कुमार व स्वास्थ्य टीम

नामक लार्वा चले जाते है। वह व्यक्ति की लसिकावाहनियों में वृद्धि करते ही और लसिका वाहनियो का अवरुद्ध कर देते है। जिस कारण हाथ या पैर फूल कर हाथी जैसा लगने लगता है। फाइलेरिया को हाथीपॉव कहा जाता है। बचाओ के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। मच्छर भगाने के लिए दवाइयां छिड़के और साफ-सफाई रखे और घर में तथा आसपास पानी इकट्ठा न होने दे। फाइलेरिया लाइलाज बीमारी है। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य चन्द्रपाल, सतेन्द्र सिंह, दिनेश चन्द्र गौर, संतोष कुमार सरोज व फाइलेरिया टीम के अरविन्द कुमार, गजराज सिंह, महेन्द्र बाथम आदि लोग मौजूद रहे।

ढह गया राष्ट्रीय विचारधारा का एक और स्तम्भ, नहीं रहे डा. ब्रम्हदत्त अवस्थी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रखर प्रवक्ता विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष हिन्दुत्व कुछ पताका लहराने वाले और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े वरिष्ठ साहित्यकार डा0 ब्रम्हदत्त अवस्थी का सोमवार को सुबह 10:30 पर लखनऊ के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया। 91 वर्षीय अवस्थी ने अपने जीवनकाल में विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई और समाज को अपने साहित्य और विचारों से निरंतर प्रेरित किया। उनके निधन से न केवल साहित्यिक जगत बल्कि राष्ट्रवादी आंदोलन से जुड़े सभी लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके पुत्र भाजपा नेता प्रभात अवस्थी ने जानकारी दी। ब्रह्मदत्त अवस्थी संघ से दशकों से जुड़े हुए थे। उन्होंने संघ के कई महत्वपूर्ण आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभाई। जिसमें अयोध्या आंन्दोलन प्रमुख रहा। राम जन्मभूमि मुक्ति के लिए किए गए संघर्षों में उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण रही। वे सदैव राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने वाले व्यक्ति के रूप में पहचाने जाते रहे। डा0 अवस्थी ने हिंदी साहित्य में भी

ब्रह्मदत्त अवस्थी फाइल फोटो

महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने राष्ट्रवादी और सामाजिक मुद्दों पर कई पुस्तकें लिखी। जिनमें उनकी प्रसिद्ध पुस्तकें राम राज्य का संकल्प और संघ का संघर्ष आज भी संघ के प्रेरित करने का कार्य किया। उन्होंने अपनी अंतिम सांस तक रक्ष निर्माण के कार्य में खुद को समर्पित रखा। कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनकी लेखनी में सदैव देशप्रेम, धर्मनिष्ठ और स्वमाजिक चेतना की झलक देखने को मिलती थी। स्वहित्य जगत में उन्हें एक मनीषी के रूप में जाना जाता था। समाज में युवाओं को उनके आकस्मिक निधन की सूचना मिलते ही संघ परिवार, साहित्य जगत और उनके अनुयायियों में गहरा शोक फैल गया है। संघ व भाजपा नेताओं एवं साहित्यकारों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और महान आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। व्यापारी नेता संजय गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, शिक्षक आलोक बिहारी शुक्ला, दिलीप कश्यप, राजेश पाठक, मुनीष चन्द्र मिश्रा, रामसनेही यादव मुन्ना, जवाहर सिंह गंगवार, अनिल प्रताप सिंह, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, डा0 रजनी सरीन, बबिता पाठक आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

डॉक्टर दुष्कर्म-हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को आदेश देत हुए कहा

आंदोलनकारी डॉक्टर आज शाम तक ड्यूटी पर लौटें

एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार से कोलकता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ ही आंदोलनकारी डॉक्टरों से मंगलवार शाम पांच बजे तक अपने-अपने काम पर लौटने का सोमवार को निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने नौ अगस्त को उस कॉलेज की 31 वर्षीया एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में जांच प्रगति विवरण और अन्य पहलुओं पर विचार करने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने कथित दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ एक माह से लगातार हड़ताल, धरना, प्रदर्शन कर रहे पश्चिम

बंगाल के डॉक्टरों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे कल शाम 5 बजे तक अपनी-अपनी ड्यूटी पर लौट आएं?, नहीं तो राज्य सरकार उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि डॉक्टरों का विरोध उनकी ड्यूटी की कीमत पर नहीं हो सकता। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, हमने दो दिन का समय दिया है। युवा डॉक्टरों को अब अपने अपने काम पर वापस लौटना चाहिए। हम जानते हैं कि जमीनी स्तर पर क्या हो रहा है। पहले काम पर लौटें। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। आपको अब काम पर लौटना होगा। यदि आप काम पर नहीं आते हैं, तो आपके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए किसी को जिम्मेदार न ठहराएँ। आप यह नहीं कह सकते कि वरिष्ठ डॉक्टर काम कर रहे हैं, इसलिए हम भी नहीं करेंगे। पीठ ने इस चेतावनी के साथ ही हड़ताली डॉक्टरों को यह भी आश्वासन दिया कि अगर वे 10 सितंबर की शाम 5 बजे या उससे पहले ड्यूटी पर रिपोर्ट करते हैं, तो उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। शीर्ष अदालत के समक्ष सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ को बताया कि पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदर्शनकारी हिंसा कर रहे हैं। राज्य सरकार से पूर्व अनुमति लिए बिना ही विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। पीठ के समक्ष उन्होंने यह भी दावा किया कि विरोध प्रदर्शनों के कारण करीब 23 लोगों की मौत हो गई और छह लाख लोगों को उपचार नहीं मिल पाया है। उन्होंने दलील देते हुए कहा, 23 लोगों की मौत इसलिए हुई, क्योंकि वे (डॉक्टर) काम पर नहीं थे। स्वास्थ्य सेवा प्रणाली ध्वस्त हो सकती है?।

भाजपा ने ममता बनर्जी पर तेज किए हमले, मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली। कोलकाता के आरजी कर मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य सरकार पर लगातार हमलावर है। सोमवार को भाजपा ने तीखा हमला बोलते हुए राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफा मांगा है। अदालत की टिप्पणी के संदर्भ में भाजपा ने कहा है कि अदालत की तल्ख प्रतिक्रिया से यह बात साफ हो गई है कि राज्य सरकार की ओर से इस मामले की लीपापोती करने की पूरी कोशिश की गई है। भाजपा ने कहा है कि इसके बाद अब ममता बनर्जी को अपने पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। पार्टी ने ममता बनर्जी से तत्काल इस्तीफा देने की मांग की है। भाजपा मुख्यालय में आज आयोजित प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि ममता बनर्जी सरकार ने जांच एजेंसी को केवल 27 मिनट का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराया है, जबकि मामले की पूरी जांच के लिए जांच एजेंसी को पूरी सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराई जानी चाहिए थी। इस मामले में पुलिस कमिश्नर की भूमिका पूरी तरह संदेह के घेरे में है।

एनआईए ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट केस में चार आरोपितों के खिलाफ आरोपपत्र किया दाखिल

आरोपितों की पहचान मुसाविर हुसैन, अब्दुल मथीन माज मुनीर व मुजम्मिल शरीफ के रूप में हुई

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को बेंगलुरु रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में चार आरोपितों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। चारों को पहले गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वे न्यायिक हिरासत में हैं। यह जानकारी एनआईए ने दी।

एनआईए ने आरोपितों की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब, अब्दुल मथीन अहमद ताहा, माज मुनीर अहमद और मुजम्मिल शरीफ के रूप में की है। इन आरोपितों पर आईपीसी, यूए (पी) अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और पीडीएलपी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आरोपपत्र दाखिल किया गया है।

इस मामले की जांच अभी जारी है। एनआईए के मुताबिक, इस साल 1 मार्च को रामेश्वरम कैफे, ब्रुकफील्ड, आईटीपीएल बेंगलुरु में हुए आईईडी विस्फोट में नौ लोग घायल हो गए थे और होटल की संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा था। इस मामले में एनआईए ने 3 मार्च को मामले की जांच शुरू की और विभिन्न राज्य पुलिस बलों व अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय में जानकारी हासिल की। एनआईए के जांच में पता चला कि शाजिब वह व्यक्ति था, जिसने बम लगाया था। वह और ताहा पहले ही 2020 में अल-हिंद मॉड्यूल के भंडाफोड़ के बाद से फरार हो गए थे। एनआईए द्वारा की गई व्यापक तलाशी के बाद रामेश्वरम कैफे विस्फोट के 42 दिन बाद पश्चिम बंगाल में उनके ठिकाने से उन्हें गिरफ्तार किया गया था। एनआईए के मुताबिक, कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के रहने वाले ये दोनों व्यक्ति इस्लामिक स्टेट आफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के कट्टरपंथी थे और वे पहले सीरिया में आईएसआईएस के इलाकों में भोले-भाले मुस्लिम युवाओं को आईएसआईएस की विचारधारा के प्रति कट्टरपंथी बनाने में सक्रिय रूप से शामिल थे। माज मुनीर अहमद और मुजम्मिल शरीफ उन्हीं युवाओं में से हैं। एनआईए के मुताबिक, ताहा और शाजिब ने धोखाधड़ी से भारतीय सिम कार्ड लिया और भारतीय बैंक खातों का इस्तेमाल किया। इसके साथ हीडार्क वेब से डाउनलोड किए गए विभिन्न भारतीय और बांग्लादेशी पहचान दस्तावेजों का भी इस्तेमाल किया था।

विचारों की बहुलता को मानती है कांग्रेस : राहुल

कांग्रेस नेता ने आरएसएस पर साधा निशाना

एजेंसी

डलास। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधा और कहा कि जहां उनका मानना है कि भारत एक विचार है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस का मानना है कि भारत विचारों की बहुलता वाला देश है।

डलास में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने कहा, हमारा मानना है कि हर किसी को सपने देखने की अनुमति दी जानी चाहिए और उनकी जाति, भाषा, धर्म, परंपरा या इतिहास की परवाह किए बिना उन्हें भाग लेने की अनुमति एवं स्थान दिया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि 2024 का आम चुनाव भाजपा के लिए एक बड़ा झटका था साथ ही कहा

, ÷हमने देखा कि चुनाव परिणाम के कुछ ही मिनटों के भीतर, भारत में कोई भी भाजपा या भारत के प्रधान मंत्री से नहीं डरता था। इसलिए ये बहुत बड़ी उपलब्धियां हैं, राहुल गांधी या कांग्रेस पार्टी की नहीं। उन्होंने आगे कहा, ये भारत के लोगों की बहुत बड़ी उपलब्धियाँ हैं जिन्होंने लोकतंत्र को महसूस किया, भारत के लोगों की जिन्होंने महसूस किया कि हम अपने संविधान पर हमले को स्वीकार नहीं करेंगे। हम अपने धर्म, अपने राज्य पर हमले को स्वीकार नहीं करने जा रहे हैं। श्री गांधी ने कहा कि चुनाव में लड़ाई उसी समय साफ हो गयी थी, जब भारत के लाखों लोगों ने स्पष्ट रूप से समझ लिया कि प्रधानमंत्री मोदी संविधान पर हमला कर रहे हैं। रायबरेली के सांसद ने कहा, मैंने जो एक-एक शब्द आपसे कहा है, वह संविधान में है। आधुनिक भारत की नींव संविधान है। चुनाव में लोगों ने जो स्पष्ट रूप से समझा और मैंने देखा कि जब मैं संविधान उठाता था, तब लोगों ने समझा कि मै क्या कह रहा था। वे कह रहे थे कि भाजपा हमारी परंपरा पर हमला कर रही है, हमारी भाषा पर हमला कर रही है, हमारे राज्यों पर हमला कर रही है, हमारे इतिहास पर हमला कर रही है। श्री गांधी ने कहा संसद में मेरे पहले भाषण में, जब मैंने अभय मुद्रा का वर्णन किया तो आपने देखा होगा कि यह निर्भयता का प्रतीक है और यह हर एक भारतीय धर्म में मौजूद है। जब मैं यह कह रहा था, तो भाजपा इसे स्वीकार नहीं कर सकी। वे नहीं समझते हैं, और हम उन्हें समझाने जा रहे हैं। भारतीय प्रवासियों की सराहना करते हुए श्री गांधी ने कहा, आप वे लोग हैं जो भारत से आए हैं, और जिन मूल्यों का मैं वर्णन कर रहा हूं - संविधान के मूल्य, सम्मान के मूल्य, विनम्रता के मूल्य - आप अपने दिलों में रखते हैं, वे आपके अंदर रक्त में हैं।

मध्य प्रदेश में तय होंगी संभाग व जिलों की सीमाएं परिसीमन आयोग गठित

भोपाल। मध्य प्रदेश में नए जिले और तहसीलें बनने से सीमाएं घट-बढ़ गई हैं। कोई संभाग बहुत बड़ा हो गया है तो कोई छोटा। यही स्थिति जिलों में भी है। इससे आमजन और राजस्व प्रशासन में आ रही परेशानियों को देखते हुए संभाग, जिलों और तहसीलों का सीमांकन नए सिरे से किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने परिसीमन आयोग का गठन कर दिया है। तीन सदस्यीय आयोग का अध्यक्ष सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव को बनाया गया है। सदस्यों के नाम पर फैसला बाद में लिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार सुबह बीना रवाना होने से पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब हमने सरकार बनाई, तो इस बात पर ध्यान दिया कि भौगोलिक दृष्टि से भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य होने के नाते मध्य प्रदेश का अपना क्षेत्रफल तो है, लेकिन समय के साथ इसमें कुछ कठिनाइयां भी हैं।

करम सेफ्टी ने बच्चों को नोटबुक स्टेशनरी व बैकपैक किया वितरित

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। विश्व स्तर पर व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण और गिरने से बचाव के समाधान प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी करम सेफ्टी ने सरोजनी नगर, लखनऊ स्थित उदयत खेड़ा प्राथमिक विद्यालय में समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। अपनी निरंतर चल रही सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के एक भाग के रूप में, करम सेफ्टी के लखनऊ संयंत्र के स्वयंसेवकों ने छात्रों को खुशी और सीखने का माहौल देने के लिए अपना समय समर्पित किया।

स्वयंसेवकों ने कई रोचक और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया, जिसमें संवादात्मक खेल, कहानी सुनाने के सत्र, और रचनात्मक अभ्यास शामिल थे, जिन्होंने छात्रों का ध्यान आकर्षित किया और उनकी जिज्ञासा को प्रोत्साहित किया। बच्चों को स्कूल की सामग्री, जिसमें नोटबुक, स्टेशनरी, और

बैकपैक शामिल थे, वितरित किए गए, जो उन्हें उनकी शैक्षिक यात्रा के लिए आवश्यक उपकरणों से लैस करते हैं।

इस अवसर पर करम सेफ्टी की मुख्य मानव संसाधन अधिकारी कविता निगम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, करम सेफ्टी में, हम मानते हैं कि शिक्षा सशक्तिकरण का आधार है, और इस तरह की पहल हमें युवा मनों के जीवन में सार्थक योगदान देने की अनुमति देती है। उदयत खेड़ा प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के साथ शिक्षक दिवस मनाना एक शानदार अनुभव था, जो समुदाय विकास और युवा सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

खबरें एक नजर में

पहले दिन का खेल गीली आउट फिल्ड के कारण बिना टॉस के रद्द

ग्रेटर नोएडा। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच आज से यहां शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में शुरू हुए एकमात्र टेस्ट मैच का पहला दिन गीली आउट फिल्ड के कारण बिना टॉस हुए रद्द कर दिया गया।सुबह धूप होने के बावजूद पिछले दिनों बारिश के कारण मैदान गीला था, सुबह से अंपायरों ने कई बार मैदान का निरीक्षण किया और अंततः दिन का खेल रद्द कर दिया गया। दोनों अंपायरों, कुमार धर्मसेना और शरफुद्दौला ने उल्लेख किया कि खिलाड़ियों की सुरक्षा मुख्य चिंता थी और मैदान आज खेलने के लिए उपयुक्त नहीं था। उन्होंने कहा कि कल से अगले चार दिनों तक दिन का अतिरिक्त आधे घंटे का खेल होगा और खेल स्थानीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे शुरू होगा।

स्टालिन ने फंड देने से इनकार करने पर की केंद्र की आलोचना

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने नई शिक्षा नीति (एनईपी) विवाद पर सोमवार को कहा कि कई राज्यों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने बावजूद केन्द्र सरकार ने फंड देने से इनकार कर दिया, क्योंकि उन राज्यों की सरकार ने एनईपी को लागू करने से इंकार कर दिया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री स्टालिन ने कहा, ‡सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों की सरकार ने एनईपी को स्वीकार नहीं किया, जिस वजह से केन्द्र ने राज्यों को फंड देने से इनकार कर दिया। वहीं दूसरी तरफ ऐसे राज्य भी हैं, जिन्होंने अपने उद्देश्यों को पूरा नहीं किया है, फिर भी उन्हें पुरस्कृत किया गया। उन्होंने सवाल किया कि क्या इस तरह से केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समानता को बढ़ावा देने की योजना बना रही है? श्री स्टालिन ने कहा, मैं यह निर्णय अपने देश और अपने लोगों के विवेक पर छोड़ता हूँ।

उत्तर रेलवे ने विनेश व पुनिया का इस्तीफा स्वीकार किया

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे ने सोमवार को पहलवान विनेश फोगट और बजरंग पुनिया के इस्तीफों को स्वीकार कर लिया। दोनों पहलवानों ने पिछले सप्ताह कांग्रेस में शामिल होने से पहले अपने पदों से इस्तीफ़ा दे दिया था। उत्तर रेलवे ने सोमवार को एक नोटिस में, कहा कि विनेश, ओएसडी/खेल/एनआरएसए/एनआर द्वारा 06/09/2024 को दिया गया इस्तीफा सक्षम प्राधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया है। उत्तर रेलवे ने एक अन्य नोटिस में कहा कि बजरंग, ओएसडी/खेल/एनआरएसए/एनआर द्वारा 06/09/2024 को दिया गया इस्तीफा सक्षम प्राधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया है। दोनों स्टार पहलवान शुक्रवार (6 सितंबर) को कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। इसके बाद, पार्टी की ओर से फोगट को हरियाणा के जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिया गया, जबकि पुनिया को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

मस्क 2027 तक बन सकते हैं विश्व के पहले ट्रिलियनेयर

वाशिंगटन। अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क वर्ष 2027 तक एक ट्रिलियन (10 खरब) से अधिक की संपत्ति अर्जित कर विश्व के पहले ट्रिलियनेयर बन सकते हैं। ब्रिटेन के अखबार 'द गार्डियन' ने इंफॉर्मा कनेक्ट एकेडमी के एक पेपर का हवाले से यह जानकारी दी है। इंफॉर्मा कनेक्ट एकेडमी अमीर लोगों की वित्तीय स्थिति पर नजर रखने वाली कंपनी है।

एमवे ने भारत में शुरु की चार आर एंड डी प्रयोगशालाएं

लखनऊ। स्वास्थ्य और खुशहाली में अत्याधुनिक, अगली पीढ़ी का समर्थन प्रदान करने के लिए अपनी वैज्ञानिक क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, वैश्विक स्वास्थ्य और खुशहाली समर्थक कंपनी के रूप में, एमवे ने 4 मिलियन डॉलर के निवेश के साथ आज औपचारिक रूप से भारत भर में अपनी चार अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) प्रयोगशालाओं की शुरुआत की। उन्नत प्रौद्योगिकी, समकालीन विज्ञान और वैज्ञानिक विचार नेतृत्व का उपयोग करके, ये प्रयोगशालाएं सुरक्षित, प्रभावी, विशिष्ट और उच्च गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य और खुशहाली के उत्पादों को विकसित करके उद्योग मानकों को पुनर्परिभाषित करने के लिए तैयार हैं, जिनका उद्देश्य भारत और दुनिया भर में लोगों के स्वास्थ्य और खुशहाली का समर्थन करना है। यह दुनिया भर में एमवे के चार अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) केंद्रों में से एक है और इसमें पोषण विज्ञान पर भारी ध्यान दिया गया है। इस निवेश के बारे में बात करते हुए, एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक राजनीश चोपड़ा ने कहा, भारत में पोषण और स्वास्थ्य के प्रति परिवर्तनकारी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, क्योंकि यहाँ का स्वास्थ्य परिदृश्य पोषण, जीवनशैली और पेट के स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है।

हरियाणा में आआपा-कांग्रेस की नहीं बनी बात

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने सोमवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 20 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। हआआपा की ओर से सूची जारी करने का अर्थ है कि राज्य में दोनों पार्टियां अपने दम पर बिना गठबंधन के चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस पार्टी आलाकमान इंडिया गठबंधन में सहयोगी आम आदमी पार्टी को साथ लेकर चलने के पक्ष में था। हालांकि राज्य इकाई इसके सख्त खिलाफ थी। आम आदमी पार्टी ने आज 20 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। इसके अलावा नारायणगढ़ से गुरपाल सिंह, पूंडरी से नरेंद्र शर्मा, घरौंडा से जयपाल शर्मा, असंध से अमनदीप जुंडला, समालखा से बिट्टू पहलवान, उचाना कलां से पवन फौजी, डबवाली से कुलदीप गदराना, रानिया से हैप्पी रानिया, भिवानी से इंदु शर्मा, महम से विकास नेहरा, रोहतक से बिजेंद्र हुडा, बहादुरगढ़ से कुलदीप छिकारा, बादली से रणबीर गुलिया, बेरी से सोनू अहलावत शेरिया, महेंद्रगढ़ से मनीष यादव, नारनौल से रविंदर मटरू, बादशाहपुर से बीर सिंह सरपंच, सोहना से धर्मेंदर खटाना, बल्लबगढ़ से रविंदर फौजदार को उम्मीदवार बनाया गया है।

क्विज प्रतियोगिता में आर्या ने प्रथम व स्वयं सिंह व साहिल को दूसरा स्थान

आर्यकुल कॉलेज में चल रहा आठ दिवसीय 18वां नवागमन 2024

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। लखनऊ के बिजनौर स्थित आर्यकुल ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस में आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ फॉर्मेसी एंड रिसर्च, आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन तथा आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट में नव प्रवेशित छात्रों के लिए 18वां 'नवागमन 2024 'का 8 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 2 सितंबर 2024 से अयोजित किया जा रहा।

इस नवागमन कार्यक्रम में यू.जी.सी, ए.आई.सी.टी व पी.सी.आई. के नियमों के तहत सभी कोर्सेस के छात्र-छात्राओं को परीक्षा के नियम व विनियम के बारे में अवगत कराया गया साथ ही साथ छात्र-छात्राओं के लिए प्रशिक्षण और नियुक्ति, इंडस्ट्रियल विजिट व टूर, क्विज़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र-

छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। क्विज़ प्रतियोगिता में आर्या गुप्ता (बी.फार्मा) ने प्रथम स्थान, स्वयं सिंह (बी.फार्मा), साहिल (बी.फार्मा), ने दूसरा स्थान व यशवर्धन (बी.बी.ए.), अभिनव मौर्या (बी.फार्मा), दिव्यांशी मिश्रा (बी.जे.एम.सी.) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रशिक्षण और नियुक्ति कार्यक्रम के माध्यम से आर्यकुल महाविद्यालय के सभी प्रसिद्ध कम्पनियों में नियुक्त हुए पूर्व होनहार छात्र-छात्राओं के बारे में नव प्रवेशित छात्रों को अवगत कराया गया साथ ही साथ इंडस्ट्रियल विजिट एवं टूर में हुए पिछले इंडस्ट्रियल विजिट व टूर के बारे में बताया गया जिसमें स्टीलबर्ड, मैक्रो टर्नर्स, जैसी प्रसिद्ध कंपनियों में छात्र-छात्राओं को विजिट कराया गया साथ ही साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए पर्यटन स्थलों पर भी ले जाया गया।

लद्दाख में फंसा अपाचे हेलीकॉप्टर सड़क मार्ग से लाया जाएगा लेह एयरबेस

नई दिल्ली। लद्दाख में हजारों फीट की ऊंचाई पर आपातकालीन लैंडिंग करने वाले बोइंग अपाचे को छह माह बाद सड़क मार्ग के जरिए लेह एयरबेस ले जाया जाएगा। दोनों पायलटों को उसी दिन एयरलिफ्ट कर लिया गया था। ऊंचाई पर हेलीकॉप्टर तक पहुंचने के लिए वायु सेना की विशेष टीमों को कई घंटे की पैदल यात्रा करनी पड़ी है। भारतीय वायु सेना ने अमेरिका की बोइंग कंपनी से 14,910 करोड़ रुपये में 22 अपाचे आयात किए हैं। इन हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल जमीन और हवा में लक्ष्यों पर हमला करने के लिए किया जाता है। चीन के साथ चल रहे सैन्य गतिरोध के बाद से लद्दाख में इन हेलीकॉप्टरों की एक टुकड़ी तैनात की गई है। एक ऑपरेशन के दौरान बोइंग अपाचे हेलीकॉप्टर को इसी साल 4 अप्रैल को 18,380 फीट ऊंचे दर्जे खारदुंग ला के उत्तर में 12 हजार फीट की ऊंचाई पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी। हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी को ठीक नहीं किया जा सका, इसलिए दोनों पायलटों को उसी दिन एयरलिफ्ट कर लिया गया था।

शेयर बाजार ने फिर पकड़ी रफ्तार सेंसेक्स व निफ्टी ने लगाई छलांग

एजेंसी

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह के आखिरी तीन दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने आज सप्ताह के पहले दिन ही अपनी मजबूती दिखाई। हालांकि आज के कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव के कारण सेंसेक्स और निफ्टी की कमजोरी और बढ़ गई, लेकिन पहले घंटे के कारोबार के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने की वजह से शेयर बाजार ने मजबूती की राह पकड़ ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.46 प्रतिशत और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, एफएमसीजी और फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। ऑयल एंड गैस, मेटल और आईटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके साथ ही कैपिटल गुड्स, मीडिया, टेलीकॉम, पावर और

रियल्टी इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 36 हजार करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 460.54 लाख करोड़ रुपये हो गया जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 460.18 लाख करोड़ रुपये था।

13-15 सितंबर तक अवध शिल्प ग्राम में लगेगा फूड एंड बेकरी एक्सपो

बेकरी उपकरण, पैकेजिंग सॉल्यूशन व फूड आइटम्स का होगा प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजधानी में बहुप्रतीक्षित फूड एंड बेकरी एक्सपो 2024 का आयोजन आगामी 13-15 सितंबर 2024 को अवध शिल्प ग्राम, लखनऊ में किया जाएगाफूड सेक्टर का यह प्रमुख बीटूबी इवेंट, एसजी फूडीज़ इंफोटेक एलएलपी व फूड इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। जानकारी सोमवार को लखनऊ में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी गई।

यह एक्सपो बेकरी उद्योग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों का केंद्र बनेगा, जहां बेकरी मशीनरी और उपकरणों के निर्माताओं के साथ-साथ पैकेजिंग सामग्री के आपूर्तिकर्ता भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में उद्योग के पेशेवरों को

एक ही जगह पर नई बेकरी तकनीकें, पैकेजिंग के आधुनिक समाधान और कई तरह के खाद्य उत्पाद देखने को मिलेंगे। यह खासकर उन लोगों के लिए सुनहरा मौका है, जो अपना बेकरी व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं या उसे बढ़ाना चाहते हैं।

यहां उन्हें एक ही छत के नीचे प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं और संभावित ग्राहकों से मिलने का मौका मिलेगा, साथ ही उद्योग में आ रहे नए रुझानों और नवाचारों की भी जानकारी मिलेगी। फूड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गिरीश गुप्ता ने एक्सपो को लेकर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, फूड एंड बेकरी एक्सपो 2024 सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत में खाद्य उद्योग को आगे बढ़ाने का एक बड़ा मंच है।

साढ़े सात साल में यूपी ने विकास और निवेश के नए युग में किया प्रवेश : मुख्यमंत्री योगी

योगी ने आइकिया स्टोर का किया वर्चुअल शिलान्यास

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नोएडा में स्थापित हो रहे आइकिया स्टोर का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश ने देश-दुनिया के निवेशकों का विश्वास अर्जित किया है। आइकिया इंडिया उन्हीं निवेशकों में से एक है।

आइकिया इंडिया द्वारा उत्तर प्रदेश में 5500 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत के अंदर अब इन्वेस्टमेंट का ड्रीम डेस्टिनेशन बन गया है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश ने विकास और निवेश के नए युग में प्रवेश किया है। सीएम योगी ने कहा कि इंका सेंटर्स की इस नई परियोजना में आइकिया रिटेल स्टोर, होटल, ऑफिस स्पेस और शॉपिंग सेंटर खोल जाएगा। इसके माध्यम से 9 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद से इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, निवेश की नई संभावनाओं के विकास, स्किल डेवलपमेंट और परम्परागत उत्पादों के प्रोत्साहन में उत्तर प्रदेश ने अनेक कार्यक्रम प्रारम्भ किए हैं। आज उसके परिणाम हम सबके सामने है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की ओडीओपी योजना देश की अभिनव योजना बन गई है।

यूपी देश में दूसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य

भारत की अर्थव्यवस्था में 9.2 प्रतिशत का योगदान दे रहा उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की आबादी का सबसे बड़ा राज्य है। वर्तमान में भारत की अर्थव्यवस्था में 9.2 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। आज उत्तर प्रदेश देश में दूसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य है, जो तेजी के साथ भारत के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ रहा है। 2017 में उत्तर प्रदेश ने अपनी औद्योगिक विकास नीति बनाई थी, उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम लोगों का मार्गदर्शन करते हुए कहा था कि इन्वेस्टमेंट को एम्प्लॉयमेंट के साथ जोड़ना चाहिए। आइकिया इंडिया के स्टोर का शिलान्यास उसी का परिणाम है।

देश की सबसे बड़ी और प्रतिभावान युवा आबादी यूपी में

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी और प्रतिभावान युवा आबादी उत्तर प्रदेश में निवास करती है। विगत साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश की बेरोजगारी दर घटी है। 27 अलग-अलग सेक्टर की सेक्टोरियल पॉलिसी के साथ उत्तर प्रदेश भारत के विकास में अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी का क्षेत्र इस वर्ष के अंत में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधाओं के साथ ही भारत के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ जुड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र लॉजिस्टिक की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन इसी क्षेत्र के गौतमबुद्धनगर जनपद में पड़ेगा। उत्तर प्रदेश अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश है, इसकी सम्भावनाओं का लाभ भारत और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के हित में है। कार्यक्रम में स्वीडन के अंबेसडर यॉन थेस्लेफ